ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद कृष्ण पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • गुरुवार, 14 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-329 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



मैं औसत दर्जे के अभिनेताओं के ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### रिम्स से हथकड़ी सहित एक कैदी फरार

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) के कैदी वार्ड से मंगलवार को हथकड़ी सहित एक कैदी फरार हो गया। बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से चंदन कुमार मंडल को इलाज के रिम्स लाया गया था। वह मूल रूप से इटकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। चंदन रिम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती था। जहां से वह बाथरूम जाने के बहाने हथकड़ी सहित फरार हो गया। बरियातू पुलिस फरार हुए कैदी की तलाश में जुटी हुई है। बरियातू थाना प्रभारी ज्ञान रंजन ने बताया कि कैदी की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। कैदी पत्नी के हत्या मामले का आरोपित है।

### चारा घोटाला के सजायाफ्ता रवि नंदन की जेल में मौत

**रांची।** रांची बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद चारा घोटाला सजायाफ्ता रवि नंदन कुमार सिन्हा उर्फ रवि कुमार सिन्हा की मौत हो गयी। मृतक रवि नंदन पटना के पाटलीपुत्र थाना क्षेत्र के पटना चौबे इलाके रहने वाले थे। इस संबंध में जेल प्रशासन ने खेलगांव थाने में यूडी केस दर्ज किया है। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि बुधवार की सुबह जब वार्ड खुलने के बाद सभी बंदियों को जगाया गया। इसी दौरान सजायाफ्ता रवि नंदन को जेल कर्मियों ने जगाया तो वह अचेत पड़ा हुआ था। हिल भी नहीं रहा था। आनन-फानन में कारा चिकित्सकों को वार्ड में बुलाया गया। जांच के बाद चिकित्सकों ने रवि नंदन को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए रवि नंदन के शव को रिम्स भेजा गया।

### जमीन घोटाला: विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में जमीन घोटाले के आरोपित व्यवसायी विष्णु अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। विष्णु अग्रवाल के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह ने बहस की। ईडी के विशेष लोक अभियोजक रमित सत्येंद्र ने बहस करते हुए विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले का मास्टर माइंड बताया और जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। ईडी ने विष्णु अग्रवाल को जमीन घोटाले मामले में 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत देने की मांग की है। फिलहाल विष्णु अग्रवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें रिम्स के कैदी वार्ड में भर्ती किया गया है।

## मवेशी चराने के विवाद में हुई थी नारायण सिंह मुंडा की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के सरीदकेल साकेटोली गांव के नारायण सिंह मुंडा की हत्या मवेशी चराने के विवाद में कर दी गई थी। इस मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों मंगरा हस्सा उर्फ राय हस्सा और मंगरा पाहन उर्फ पका पाहन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि नारायण सिंह मुंडा और मंगरा हस्सा पड़ोसी थे। कुछ दिन पहले नारायण के मवेशी मंगरा के खेत में चले गए और फसल को नुकसान पहुंचाया था। इस बात को लेकर नारायण और मंगरा के बीच विवाद हुआ था। उसी रात को मंगरा अपने साथियों पका पाहन, सुखराम मुंडा और अन्य सहयोगियों के साथ नारायण सिंह मुंडा के घर पहुंचा और गोली मारने के साथ टांगी से वार कर उसकी हत्या कर दी। इस संबंध में मृतक के पुत्र सुनील मुंडा के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि मंगरा हस्सा की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे की टांगी और एक मोबाइल बरामद किया गया। हत्याकांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है।

## महिला ने बच्चे के साथ तालाब में छलांग लगाकर दी जान

नवीन मेल संवाददाता



**छतरपुर।** पलामू थाना क्षेत्र के बगईया गांव में बीती रात महिला ने एक वर्षीय पुत्र के साथ तालाब में छलांग लगाकर जान दे दी। जानकारी के अनुसार बगईया ग्राम निवासी सुधीर यादव की पत्नी कुसमी देवी उम्र करीब 23 वर्ष ने अपने एक वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार के साथ घर के निकट स्थित तालाब में कुद कर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने पर छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेदिनीनगर भेज दिया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व से सुधीर यादव का विवाद ससुराल पक्ष के लोगों से चल रहा था। जिसको लेकर पति-पत्नी में अक्सर झगड़ा होता रहता था। मृतक का मायका हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सलैया गांव में था। पेशे से ड्राइवर सुधीर यादव जब मंगलवार की शाम ड्यूटी पर गया। उसके बाद उसकी पत्नी बच्चे के साथ शाम को घर से निकल गई। जिसकी लाश सुबह ग्रामीणों ने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू प्रमंडल में दो सौ से अधिक अपराधी : आईजी



कार्यालय

**मेदिनीनगर।** आईजी कार्यालय में आईजी राज कुमार लकड़ा ने बुधवार को प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि पलामू , गढ़वा और लातेहार में कुल 200 से अधिक अपराधी हैं। जिसमें 50 अपराधी मोस्ट वांटेड हैं। वहीं सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करना है। साथ ही अपराधियों का सत्यापन भी किया जायेगा और उसकी सूची बनाई जाएगी। वर्चुअल मोड में सत्यापन की व्यवस्था की जा रही है। प्रमंडल में स्पेशल टीम का गठन किया गया है जो अपने स्तर से कार्य करेगी।

### आयुष्मान भव: अभियान की शुरूआत, राज्यपाल बोले-

# लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना उद्देश्य

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देशभर में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाने के लिए दूरदर्शी स्वास्थ्य कार्यक्रम आयुष्मान भवः अभियान का बुधवार को ऑनलाइन शुभारंभ किया। ऑड्रे हॉउस, रांची में आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में झारखंड से इस अभियान का शुभारंभ राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के जरिये शुभारंभ की गई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जो पांच लाख रुपये तक की चिकित्सा कवरेज प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत 17 सितंबर से एक अभियान शुरू किया जा रहा है, जिससे पीएम-जेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए जाएंगे। इस अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि आयुष्मान भवः सिर्फ एक कथन मात्र नहीं है। यह एक मार्गदर्शन करने वाला सिद्धांत है, जिसमें स्वस्थ जीवन जीने का सार शामिल है। यह एक प्राचीन संस्कृत शब्द है, जिसका अर्थ है- आप लंबे समय तक जीवित रहें और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भवः कार्यक्रम प्रत्येक लाभुक तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक पहल है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। यह पहल जागरूकता अभियानों, चिकित्सा शिविरों एवं समावेशी रणनीतियों से स्वास्थ्य लाभ को अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हाशिये पर रहने वाले लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सकेगी। यह स्वास्थ्य सेवाओं में समानता को भी बढ़ावा देगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## 11 किलो गांजा के साथ महिला गिरफ्तार

**महिला के साथियों को हटिया पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार**

**गुजरात की रहने वाली है गिरफ्तार महिला,पति की हत्या में जा चुकी है जेल**



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** थाना क्षेत्र से पुलिस बल ने अभियान चलाकर एक गुजराती महिला को लगभग 11 किलो गांजा के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। महिला श्री राम नामक यात्री बस से रांची से गढ़वा जा रही थी जिसे पुलिस ने लातेहार में ही धर दबोचा।आरोपी महिला के सहयोगियों को हटिया पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।महिला वहां से किसी तरह बचकर निकल गई थी जिसे लातेहार पुलिस बल ने धर दबोचा। पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उक्त महिला के साथ तीन लोग नीतीश कुमार, सुहावन कुमार दोनों सुलेमानपुर तीसरा राकेश कुमार थाना रहुई सभी नालंदा बिहार निवासी भुवनेश्वर उड़ीसा से गांजा लेकर ट्रेन से रांची पहुंचे थे रांची में ही हटिया पुलिस इसके तीनो साथियों को पकड़ लिया वहां से महिला किसी तरह चुपके से निकलकर भाग निकली। लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली की एक महिला श्री राम नामक यात्री बस में गांजा लेकर सफर कर रही है।सूचना के आधार पर पुलिस के द्वारा थाना चौक पर लातेहार अंचलाधिकारी रुद्र प्रताप के नेतृत्व में बस की तलाशी ली गई ड्राइवर सीट के पीछे बैठी महिला के पर्स नुमा बैग से संदिग्ध वस्तु बरामद किया गया इसके बाद महिला के बैग की तलाशी ली गई। बैग में छोटे छोटे पैकेट से लगभग 11 किलो गांजा बरामद किया गया।गिरफ्तार महिला ने पुलिस को अपना नाम पता चन्द्रोती देवी पति नन्दलाल गुप्ता धर्माभक्ति सोलवा सूरत (गुजरात) बताया है।गिरफ्तार महिला ने बताया कि गिरफ्तार तीनो युवक गुजरात में गांजा का धंधा करते थे वह भी उनलोगों के साथ शामिल होकर इस धंधे में जुड़ गई थी। साथियों की गिरफ्तारी के बाद वह रांची से बस पकड़ कर गढ़वा जा रही थी फिर वह वहाँ से ट्रेन पकड़कर जबलपुर होते गुजरात पहुंचती।पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिला अपने पति की हत्या के आरोप में जेल भी जा चुकी है। पुलिस ने आरोपी महिला को विभिन्न धाराओं के तहत न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। छापेमारी दल में लातेहार अंचलाधिकारी रुद्र प्रताप, पुअनि रोहित कुमार महतो,पुअनि गौरव सिंह,मो शाहरुख,सअनि कुबेर प्रसाद देव समेत सशत्र बल के जवान शामिल थे।

### पांच साल तक नहीं हुई सिविल जज परीक्षा

## उम्र एक्सपायर होने पर झारखंड हाईकोर्ट ने दी राहत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जूनियर डिविजन सिविल जज नियुक्ति परीक्षा में 35 साल की अधिकतम उम्र सीमा पार करने वाले अभ्यर्थियों को हाईकोर्ट से बड़ी अंतरिम राहत मिली है। कोर्ट ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) को आदेश दिया है कि उम्र सीमा एक्सपायर होने की वजह से परीक्षा से वंचित हो रहे अभिषेक कुमार एवं अन्य को ऑफलाइन परीक्षा फार्म भरने की अनुमति दी जाय। इनकी परीक्षाएं भी ली जाएंगी और रिजल्ट भी निकलेगा। अभिषेक कुमार एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि वे झारखंड में सिविल जज जूनियर डिविजन के पद पर नियुक्ति की परीक्षा की तैयारी कई वर्षों से कर रहे हैं, लेकिन राज्य सरकार ने पिछले पांच साल से कोई परीक्षा नहीं ली। इस वजह से उनकी उम्र निर्धारित उम्र सीमा 35 वर्ष से ज्यादा हो चुकी है और वे परीक्षा से वंचित हो रहे हैं। उन्होंने अदालत से उम्र सीमा में छूट देने की गुहार लगाई थी। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दायर करने वाले छात्रों को अंतरिम राहत देते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया कि इनके फॉर्म 21 सितंबर तक ऑफलाइन स्वीकार किए जाएं।

## जेल में कैदी ने काटा खुद का गला, रिम्स में हुई मौत

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद हत्या का कैदी रहमतुल्लाह अंसारी की गला कटने से मौत हो गयी। हालांकि परिजनों ने रहमतुल्लाह अंसारी की जेल में हत्या होने का आरोप लगाया है। इसको लेकर परिजनों ने बुधवार को रिम्स परिसर में जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया है कि जेल प्रशासन और अन्य कैदी की मिलीभगत से ही धारदार हथियार से मारकर रहमतुल्लाह की हत्या की गई है। वहीं जेल प्रशासन का कहना है कि कैदी रहमतुल्लाह ने टिन का पतल से अपना गला काटकर आत्महत्या की है।

**खेलगांव थाने में जेल प्रशासन ने दर्ज करायी प्राथमिकी**

जेल प्रशासन की ओर से रहमतुल्लाह अंसारी की मौत के मामले में खेलगांव थाने में यूडी केस दर्ज कराया है। प्रशासन की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बंद विचाराधीन बंदी रहमतुल्लाह अंसारी उर्फ रानी ने मंगलवार को टिन के बने पत्तर से अपना गला काटने का प्रयास किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में कैदी को जेल अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति गंभीर होने पर उसे रिम्स में इलाज के भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान मंगलवार रात रहमतुल्लाह की हालत बिगड़ गई। इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**दो दिन पहले मिलकर आए थे पिता**


कांके के हुसीर निवासी शाहजहां अंसारी ने बताया कि वह सोमवार को अपने पुत्र रहमतुल्लाह से मुलाकात करने के लिए जेल गए थे। इस दौरान पुत्र से उनकी काफी बातचीत हुई। उन्होंने पुत्र को खर्च चलाने के लिए एक हजार रुपए भी दिया। पुत्र से उनकी जमानत पर बातचीत हुई। हाईकोर्ट में फाइल करने की बात भी पुत्र को बतायी थी। उसने यह बताया था कि जेल के अंदर उसे किसी तरह की कोई दिक्कत नहीं है। पिता ने कहा कि अगर उसके पुत्र को किसी तरह की दिक्कत थी तो वह उसे जरूर बताता। उन्होंने दावा किया है कि जेल के अंदर उनके पुत्र की हत्या की गई है। प्रशासन इसकी जांच करें।

रहमतुल्लाह अंसारी की मौत के मामले में जेल प्रशासन की लापरवाही सामने आयी है। रहमतुल्लाह ने मंगलवार को दिन में गला काटा लिया था। रिम्स में उसे शाम सात बजे भर्ती कराया गया था। गंभीर हालत होने के बाद भी न तो जेल प्रशासन की ओर से घटना की जानकारी उसके परिजनों को दी गई और न ही रिम्स की तरफ से। रहमतुल्लाह के मौत के 12 घंटे बाद बुधवार को दिन के ग्यारह बजे उसके परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। परिजनों का आरोप था कि आखिर जेल प्रशासन ने उन्हें क्यों नहीं पहले जानकारी दी। हो सकता है कि देखभाल सही होने से रहमतुल्लाह की जान बच सकती थी। परिजनों ने यह सवाल उठाया है कि जब रहमतुल्लाह ने गला काटकर आत्महत्या की है तो फिर उसके हाथ में छिलने के निशान कैसे आए। उनका यह भी कहा था कि कोई भी व्यक्ति खुद से पूरा गला नहीं काट सकता है।

# दुनिया का सबसे ऊंचा व अनोखा रेलवे ब्रिज भारत में बनकर तैयार

### एफिल टॉवर से भी है ऊंचा

**नई दिल्ली।** दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज भारत के जम्मू कश्मीर में बनकर अब पूरी तरह से तैयार है बता दें, यह चिनाब नदी पर बना है जो एफिल टॉवर से भी ऊंचा है। रेलवे मंत्रालय ने चिनाब नदी पर बने इस ब्रिज की तस्वीरें ट्वीटर के जरिए शेयर की है जिसमें पुल काफी आकर्षक और बेहद सुंदर दिख रहा है। बता दें, रेलवे मंत्रालय की तरफ से चिनाब नदी पर बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल की तस्वीरें अक्सर शेयर की जाती है वहीं बुधवार को मंत्रालय द्वारा पुल की कुछ तस्वीरें एक्स (ट्वीटर) में शेयर की गई है। जिसमें आप देख सकते है कि पुल काफी शानदार दिख रहा है। तस्वीर में साफ नजर आ रहा है पुल की ऊंचाई इतनी है कि पुल के नीचे सिर्फ बादल ही बादल नजर आ रहा है। इसके साथ ही मंत्रालय ने दुनिया के सबसे ऊंचे इस रेलवे पुल की तुलना एफिल टॉवर से करते हुए एक मीम भी शेयर किया है।



**माइनस 10 से 40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान झेल सकता है :** भारत के जम्मू-कश्मीर के चिनाब नदी पर बना दुनिया का यह सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज है। 'चिनाब ब्रिज' नाम से प्रसिद्ध यह पुल रेल यातायात के लिए चालू हो जाएगा है। आपको बता दें, स्ट्रक्चरल स्टील से इस ब्रिज को तैयार किया गया है। यह पुल माइनस 10 से 40 डिग्री सेल्सियस तक के तापमान को आसानी से झेल सकता है। यानी कि इस ब्रिज पर जम्मू-कश्मीर के मौसम का किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है। इसके साथ ही बिना किसी कठिनाई के यह ब्रिज चलता रहेगा। मंत्रालय के मुताबिक, भारत में जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचा यह रेलवे पुल भूकंप और ब्लास्ट को भी झेलने की क्षमता रखता है।

**चिनाब नदी के तल से करीब 359 मीटर ब्रिज की ऊंचाई**

आपको बता दें, ब्रिज की ऊंचाई चिनाब नदी के तल से करीब 359 मीटर है। इसे जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में कटरा-बनिहाल रेल खंड पर 27949 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है। जिसका निर्माण कोंकण रेलवे कॉरपोरेशन लिमिटेड (ङफ्ळछ) उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (वरइफ्छ) परियोजना के अंतर्गत ने किया है। बता दें, देश के बाकी हिस्सों को यह घाटी रेलवे के जरिए जोड़ने का काम करेगा।

### ईडी का गवाह विजय हांसदा कोर्ट में बयान से फिर मुकरा

**रांची।** अवैध खनन मामले में बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। ईडी का गवाह विजय हांसदा बुधवार को भी अपने बयान से मुकर गया। हांसदा ने कोर्ट के समक्ष कहा कि मुझे कोई धमकी नहीं मिली। पंकज मिश्रा ने कभी मेरे साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया है और न ही मुझे डराया है। साथ ही कहा कि उसने ईडी के समक्ष दिये बयान में ऐसा नहीं कहा है कि उसे धमकी मिली है। मामले में 14 सितम्बर को फिर विजय हांसदा का बयान दर्ज किया जायेगा। सुनवाई के दौरान इस केस के आरोपित बच्चू यादव भी कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित थे। ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार कोर्ट में उपस्थित रहे। बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार, सुधीर कुमार और पंकज मिश्र की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चंद्रा मौजूद थे। प्रेम प्रकाश की तरफ से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और स्नेह सिंह मौजूद थे।

## संसद के विशेष सत्र से पहले नए संसद भवन पर फहराया जाएगा तिरंगा

**नई दिल्ली।** अमृत काल को लेकर मोदी सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले नए संसद भवन पर देश का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। सरकार ने 18 से 22 सितंबर के दौरान संसद का यह विशेष सत्र बुलाया है। इससे एक दिन पहले 17 सितंबर को नए संसद भवन पर तिरंगा फहराए जाने की तैयारी की जा रही है। आपको बता दें कि, 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का भी दिन है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी है।

बताया जा रहा है कि 17 सितंबर को उपराष्ट्रपति एवं राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़ एवं लोक सभा स्पीकर ओम बिरला संसद के नए भवन के गजद्वार पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराएंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। अमृत काल को लेकर सरकार द्वारा बुलाए गए संसद के विशेष सत्र के पहले दिन 18 सितंबर को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही संसद के पुराने भवन में उसी तरह से शुरू होगी जैसे कि पहले हुआ करती थी और विशेष सत्र के दूसरे दिन यानी 19 सितंबर से दोनों सदनों की कार्यवाही नए भवन में हो सकती है।

वहीं, विशेष सत्र के दूसरे दिन 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा करने के बाद नए संसद भवन में कामकाज शुरू हो जाएगा। संसद के विशेष सत्र को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां सरकार पर हमलावर हैं। विपक्षी दल लगातार केंद्र पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि विशेष सत्र का एजेंडा क्या है। सभी विपक्षी दल जानना चाहते हैं कि केंद्र की मोदी सरकार ने किस उद्देश्य से यह सत्र बुलाया है। वहीं यह कयास भी लगाए जा रहे थे कि सरकार इस सत्र के दौरान एक देश एक चुनाव बिल ला सकती है। सभी विपक्षी दलों का कहना है कि यह देशहित में नहीं है।

NEWS इन ब्रीफ

### विधायक ने किया कर्मचारी भवन का शिलान्यास



**पाटन ।** सुठा पंचायत में पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कर्मचारी भवन का शिलान्यास किया। जिसका प्रकलित राशि 49 लाख की लागत से बनाया जाना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि कर्मचारी भवन बनने पर आम लोगों को सुविधा मिलेगी। भवन बन जाने पर कर्मचारी भवन में बैठकर आराम से ग्रामीणों का काम कर सकते हैं । कर्मचारी से मिलने के लिए लोगो को ब्लॉक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। उक्त बातें विधायक ने कहा की भवन निर्माण के गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में पहुंचे गांव से बच्चों के साथ बातचीत की और उनके बीच मिष्ठान का वितरण किया। शिलान्यास के मौके पर मुखिया रबीना बीबी, जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह, पूर्वी जिला परिषद प्रतिनिधि नंद यादव, किशनपुर मंडल विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह, राकेश पांडे, ज्योति दुबे,मकबूल अंसारी, विक्रम कुमार समेत अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### सोना सोबरन योजना के तहत गोदरमा में वस्त्र वितरण

**विश्रामपुर।** बुधवार को सोना सोबरन योजना के तहत विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड संख्या 3 के गोदरमा में पीडीएस दुकानदार उर्मिला देवी के दुकान पर धोती, साड़ी व लूंगी का वितरण किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नगर अध्यक्ष ऋषि पाण्डेय ने सभी लाभुकों को अपने हाथो से धोती,साड़ी व लूंगी का वितरण किया। वहीं श्री पांडेय ने कहा की सरकार की हर महत्वकांक्षी योजना को जरूरत मंद लोगो तक पहुंचना हम सभी का कर्तव्य है। पीडीएस दुकानदार उर्मिला देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 60धोती, 39साड़ी व 6लूंगी को मिलाकर कुल 105 धोती,साड़ी व लूंगी का वितरण लाभुकों के बीच किया गया है।

# नये कार्यपालक पदाधिकारी ने संभाला पदभार



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद कार्यालय में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे विश्रामपुर नगर परिषद के नए कार्यपालक पदाधिकारी के रूप में दानिश हुसैन ने पद भार ग्रहण किया है। गौरतलब है की नए कार्यपालक दानिश हुसैन इससे पूर्व गिरिडीह नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। वहीं प्रतिनियुक्त नए पदाधिकारी को सहायक नगर आयुक्त एमडी परवेज ने माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, सीटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह, सुबोध कुमार,रवी कुमार, रमेश कुमार, नीरज कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# कैंसर से जूझ रही महिला की इलाज के दौरान मौत

**बसपा नेता ने परिजनों को बंधाया ढांढस**



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** थाना अंतर्गत वार्ड संख्या 15 के ठाकुर मुंहल्ला निवासी कैंसर पीड़ित 28 वर्षीय एक विवाहिता महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई है। जिसकी पहचान आरती देवी पति देव विश्वकर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, विवाहिता महिला का कुछ दिनो से कैंसर का इलाज चल रहा था। जिनकी आज इलाज के दौरान मेदनीनगर जिला अस्पताल में मौत हो गई है। वहीं शव घर पहुंचते ही क्षेत्र में मातम का माहौल बन गया। वहीं मौके पर पहुंचे बसपा नेता नईमुदीन अंसारी ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए मृत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। मौके पर राम परवेश मेहता, सुरेश चद्रवंशी, श्याम बिहारी विश्वकर्मा, रिजवान अंसारी, उस्मान अंसारी, पेंटर जिलानी सहित कई लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

### श्री कृष्ण की छठी के मौके पर भव्य भंडारे का आयोजन

**विश्रामपुर ।** प्रखंड अंतर्गत मुख्य कस्बा रेहला में स्थित योगीवीर देव स्थल प्रांगण में श्री कृष्ण भगवान की छठी मनाई गई है। साथ ही भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्ण की पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना कर भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

### मारपीट में चार महिलाएं घायल, एक रेफर

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के अहमदनगर गांव में पुराने जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में दोनों ओर से चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों में मनोरमा देवी, कमला देवी, जगिया देवी और सुमित्रा देवी का नाम शामिल है। बताया जाता हैं कि घर के समीप जमीन विवाद को लेकर कहा सुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। जिसमें सभी महिलाएं आपस में भीड़ गईं। जिसमें चारों महिलाएं घायल हो गई। सभी घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया।

**टीकाकरण को पहुंची एएनएम के देख-रेख में बच्ची का जन्म**

# आंगनबाड़ी केंद्र में महिला का प्रसव

**बच्ची के जन्म के बाद आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सारी सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी : रेणु**



नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** बाल विकास परियोजना स्थित चेचरिया आंगनबाड़ी केंद्र में एक महिला का प्रसव हुआ। जहां गर्भवती महिला टीकाकरण कराने पहुंची थी। आंगनबाड़ी केंद्र पर अपनी ड्यूटी देने पहुंचे एएनएम माधुरी देवी व पूनम कुमारी की देख-रेख में महिला का प्रसव कराया गया। जहां महिला ने एक बच्ची को जन्मदिन दी। जानकारी के अनुसार चेचरिया आंगनबाड़ी केंद्र जो मध्य विद्यालय परिसर में अवस्थित है। आंगनबाड़ी केंद्र पर टीकाकरण का कार्य कराया जा रहा था। जहां महिला टीकाकरण के लिए पहुंची थी। अचानक दर्द होने की स्थिति में घटना की जानकारी आंगनवाड़ी सेविका रेणु देवी सहित एएनएम को दी। जहां अनुभवी एएनएम माधुरी देवी व पूनम कुमारी की सहयोग से महिला का प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद बच्ची को बेहतर इलाज के लिए मेदिनी नगर भेजा गया। वहीं महिला का इलाज गांव में हीं किया जा रहा है। दोनों एएनएम ने नवजात को गर्भ में ही गंदा पानी पीने की बात कही। बताई विलंब होने की स्थिति में जच्चा बच्चा दोनों को नुकसान उठाना पड़ सकता था। महिला को दो दिनों से दर्द हो रहा था। जिसे दर्द की दवा खिलाकर रोका गया था। वहीं आंगनबाड़ी सेविका रेणु देवी ने बताया कि बच्ची के जन्म की बाद आंगनबाड़ी केंद्र से मिलने वाली सारी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे अलग हटकर भी वह अपनी ओर से सहयोग प्रदान की और आगे भी करने की बात कही।

# दुर्गा पूजा मानने को नई कमिटी का विस्तार

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** बुधवार को विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत बाजार मुहल्ला में नव युवक संघ के बैनर तले भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव मानने को लेकर एक बैठक आहूत की गई। जिसमें उपस्थित लोगो ने सर्व सम्मति से हर साल की भाती इस साल भी भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित लोगो के बीच पुरानी पूजा कमिटी को भंग करते हुए, पुनः नई कार्यकारणी व सदस्यों का चुनाव करते हुए नई कमिटी का गठन हुआ। जिसमें सर्वसम्मति से राजू प्रसाद केशरी को पूजा कमिटी का अध्यक्ष व नीरज गुप्ता,सत्यम सोनी, राजा केशरी को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वही राजू प्रसाद केशरी को अध्यक्ष के अलावा कोषाध्यक्ष का भी पदभार दिया गया है। साथ ही रोशन सोनी ,मोहित केशरी ,संतोष सिंह को उपकोषाध्यक्ष, मनोज गुप्ता व अमित गुप्ता सचिव, रंजन ,चंदन, गोलू, विकाश ,विक्की को उपसचिव,गोपाल सोनी, गोलू गुप्ता को मंत्री व विजय कुमार गुप्ता, रौनक केशरी व प्रभात प्रभूषण गुप्ता को महामंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। इसके अलावा 51 सदस्यीय संरक्षक के रूप अजय केशरी, संजय साव ,संतोष गुप्ता, आदि के नाम शामिल है।

**राजकीयकृत प्लस टू हाईस्कूल में मंगलवार से शुरू दो दिवसीय**

# खेलो झारखंड प्रतियोगिता में मेडल पाकर खिले विद्यार्थी



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** राजकीयकृत प्लस टू हाईस्कूल हैदरनगर के मैदान पर मंगलवार से शुरू दो दिवसीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2023 के तहत दूसरे दिन बुधवार को अव्वल प्रतिभागी मेडल पाकर गदगद हुए। बच्चों ने मंचासिन अधिकारी, प्रतिनिधि व शिक्षकों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। प्राचार्या गंगा अग्रवाल, प्रधानाध्यापक चक्रवर्ती कुमार सिंह, खेल शिक्षक उमर रशीद ज्या, सैफ अहमद, निरंजन सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में हैदरनगर प्रखंड के सभी मीडिल और हाईस्कूल के छात्र छात्राओं को शामिल किया गया है। प्रत्येक खेल से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले को सूचीबद्ध किया गया है। प्रखंड संसाधन केन्द्र प्रायोजित इस खेल के सभी अव्वल प्रतिभागी को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी महेन्द्र प्रजापति ने मेडल व सम्मान देकर उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में कबड्डी, खो - खो, वालीबॉल, तीरंदाजी, एथलेटिक्स (बालक / बालिका) प्रतियोगिता जिनकी आयु 19, 17 व 14 से नीचे वाले प्रतिभागी वर्ग छह से 12 वीं कक्षा के शामिल हैं। वहीं पहले दिन 100, 200, 400, 1000 मीटर दौड़, रिले रेस, लॉन्ग व हाई जंप, भाला व गोला फेंक का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की खेलो झारखंड योजना काफी बेहतर है। राज्य सरकार स्कूल स्तर पर बच्चों को बेहतर खेल का मंच प्रदान करने के उद्देश्य से प्रखंड स्तर पर यह खेल प्रतियोगिता का आयोजन करती है। जिससे बच्चे अच्छा प्रदर्शन कर राज्य व राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने का प्रयास करते हैं। उनकी पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद कराना भी जरुरी है। मौके पर प्रधानाध्यापक संजय कुमार रजक व अजित कुमार रजवार, शिक्षक प्रदीप सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व छात्र छात्राएं शामिल थे।

### भगवान श्री कृष्ण के छठी महोत्सव पर खूब बजी सोहर की धुन

**हुसैनाबाद।** जपला महावीर भवन और हैदरनगर चौक बाजार स्थित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री कृष्ण का छठी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसे लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं के अलावे भारी संख्या में महिलाओं ने कई पारंपरिक सोहर, बधाई के गीत व भजन गाकर धूम मचाई। जिसमे हे रानी जुग जुग जियो तेरो ललनवा हे, रानी जुग जुग जीवे तेरे ललनवा व ललन मथुरा में जन्मेला कई बड़ा निक लगेला जैसे गीत की प्रस्तुति की गई। भगवान श्री कृष्ण का विधि विधान से पूजन मंदिर के पुजारी पं. जयप्रकाश स्वामी ने किया। उसके बाद भगवान को कढ़ी चावल का भोग लगाने के बाद महाआरती दोपहर 12 बजे की गई। उपस्थित भक्तों को पुजारी जयप्रकाश स्वामी ने श्री कृष्ण छठी पर बधाई दी। श्रद्धालुओं ने अपने व अपने परिवार की कुशलता सुख समृद्धि की कामना के लिए प्रार्थना की। इसके बाद भंडारे के शुभारंभ में पहले ब्राह्मणों को महाप्रसाद खिलाया गया। इसके बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पंडित गोपाल पाठक, राजेंद्र पाल,कमख्या सिंह, मुरारी अग्रवाल, हैदरनगर के आयोजक मुखिया संतोष कुमार सिंह, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, रामप्रवेश मेहता, विवेक सिंह, उज्जवल पांडेय, अरुण दुबे, सतेंद्र दुबे, राजू सोनी, गोलू सिंह, सन्तन चौधरी, मंटू मेहता सहित कई युवाओं ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हाथ बंटाया।

### दोपहर के खाने को मिस करते हैं छात्र अपनी पढ़ाई के लिए

**मेदिनीनगर।** मेडिकल कॉलेज डालटेनगंज की स्थिति अजीबो गरीब है। कल मंगलवार को यहां के छात्र-छात्राओं ने इस बात को लेकर प्रदर्शन किया कि उनके मेस में खाना खिलाने और खाना खाने की कोई व्यवस्था नहीं है। मेडिकल कॉलेज में इस समय दो मेस संचालित है। मेडिकल के छात्रों ने प्रेस को यह बताया कि उनके दोनों मेस में इस समय डाइनिंग टेबल और कुर्सियों का घोर आभार है। जिसके कारण एक अच्छे खासे छात्र-छात्राओं को मेस में डाइनिंग टेबल और कुर्सी के खाली होने के इंतजार में खड़ा रहना पड़ता है। यानी कोई ना कोई मेडिकल के छात्र ही खाता रहता है,तो जब तक उनका खाना पूरा नहीं होगा ना तो कुर्सी खाली होती है और ना ही टेबल। परेशानी यहां यह है कि इसी बीच दोपहर की क्लास शुरू हो जाती है और मेस में उस समय तक लंच, टेबल और कुर्सी के अभाव में नहीं मिल पाता है। मेडिकल के छात्रों ने अभी जानकारी दी कि ऐसी स्थिति में उनका क्लास ना छूटे, उनकी पढ़ाई ना बाधित हो, वह अपने लंच को छोड़ देते हैं । खाना नहीं खाते हैंऔर जल्दी-जल्दी करके क्लास पहुंच जाते है। एक छात्रा ने यह भी बताया कि यह लंच को छोड़ना एक दिन या दो दिन अच्छा लग सकता है। यदि यह बात सप्ताह में 3 दिन 4 दिन हो तो इसका स्वास्थ्य बहुत बुरा असर पड़ता है। प्रेस ने जब यह जानना चाहा कि वह इस समस्या का किस तरह का समाधान चाहते हैं। तो इन छात्र-छात्राओं ने कहा कि वह चाहते हैं कि दोनों मेस में पर्याप्त संख्या में डाइनिंग टेबल और कुर्सी उपलब्ध करा दी जाए । इस सिलसिले में प्रेस ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद से बात की व उन्हें समस्या से अवगत कराया। प्रिंसिपल डॉक्टर कर्मेंद्र प्रसाद ने प्रेस को यह आश्वासन दिया कि हर हाल में इन दोनों मेस में डाइनिंग टेबल और कुर्सी की संख्या को बढ़ा दी जाएगी। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में जहां एक तरफ 63% फैकल्टी नहीं है। वहां मेडिकल के छात्र छात्राओं को यदि लंच भी ना मिले, सिर्फ इसलिए की कुर्सी और टेबल का अभाव है, तो इससे ज्यादा दुखद बात और कोई नहीं हो सकती है।


**कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद**
Email: nphussainabad @gmail.com

ज्ञापांक.................दिनांक.................

**अतिअल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना सं0 /2023–24**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासक नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा विभिन्न विकास योजनाओं के निरीक्षण, अनुश्रवण, विभागीय बैठक में भाग लेने के साथ–साथ अन्य कार्यों के निष्पादन हेतु नगर पंचायत हुसैनाबाद के कार्यालय को कार बीमा सहित चालक, मासिक भाड़े पर सभी वाहन सुरक्षा मानकों के साथ सुसज्जित चार पहीया वाहन (SUV Model/Bolero SLX) की आवश्यक्ता है। नगर पंचायत हुसैनाबाद द्वारा वाहन को भाड़े पर लेने के कम में नये मोडल के चार पहिया वाहनों को प्राथमिक्ता दी जायेगी। इच्छुक फर्म/संवेदक/संस्था/व्यक्ति से दिनांक 22.09.2023 अपराहन 02:00 बजे से बंद लिफाफे में कोटेशन कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। उसी दिन अपराहन 03:00 बजे कोटेशन खोला जायेगा। अपने वाहन की मासिक भाड़ा विवरणी सभी कर सहित अंकित करते हुए अपना कोटेशन के साथ वाहन का निबंधन प्रमाण पत्र, इंश्योरेंश, टैक्स का प्रमाणक, प्रदूषण प्रमाण पत्र इत्यादि जमा करना आवश्यक होगा। साथ ही संबंधित वाहनों के मालिकों के द्वारा अपने वाहन का कार्यालय में निरीक्षण एवं जॉच कराने के उपरान्त ही अपना कोटेशनदाताओं से दर प्राप्त होने के उपरांत न्युनतम दरदाता की स्वीकृती प्रदान करते हुये कार्यादेश निर्गत की जायेगी। वाहन का चयन हो जाने के उपरान्त वाहन मालिक के साथ अस्थायी रुप से अगले छः माह हेतु एकरारनामा किया जायेगा। वाहन परिचालन के दौरान वाहन में होने वाली सभी तरह के खराबी को तत्काल बनवाने की जिम्मेवारी संबंधित वाहन मालिक की होगी। इस संबंध में विशेष जानकारी कार्य दिवस में नगर प्रबंधक, नगर पंचायत हुसैनाबाद से ली जा सकती है। किसी भी समय इस कार्य को रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 306917 (District) 23-24 (D)



**झारखण्ड स्टेट फौरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लि0**
**Jharkhand State Forest Development Corporation Ltd.**
(A Govt. of Jharkhand undertaking )E-mail ID dm.daltan_jsfdc@yahoo.co.in
कार्यालयः प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल डालटनगंज, पलामू

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन निगम मुख्यालय रॉची के निदेशानुसार लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज अन्तर्गत डालटनगंज स्थित चैनपुर वनागार, चैनपुर , लातेहार स्थित रिचुघूटा वनागार, रिचुघूटा एवं अन्य अस्थायी वनागार में भण्डारित विभिन्न प्रजाति के प्रकाष्ठ एवं जलावन की बिक्री आम नीलामी द्वारा की जायेगी। नीलामी में रखे गये प्रकाष्ठ प्रचयों की सूची प्रमण्डलीय कार्यालय, डालटनगंज से प्राप्त कर अवलोकन किया जा सकता हैं। वनागारों में आम नीलामी की तिथि अगले पॉच माह के लिए निम्नवत् निर्धारित की जाती है:–

| वनागार का नाम | समय | सितम्बर– 2023 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| चैनपुर वनागार एवं अस्थायी वनागार प्रादेशिक प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर चैनपुर, कुन्दरी , पाटन एवं सरकारी परिसर | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न | 20.09.2023 |
| रिचुघूटा वनागार एवं अन्य अस्थायी वनागार | प्रारम्भ 11:00 बजे पूर्वाह्न अन्त 1:00 अपराह्न। | ----------- |

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को गेट मनी के रूप में 5000.00 रू0 (पॉच हजार ) रूपया नगद नीलामी में भाग लेने के पूर्व गेट पर जमा करना होगा । नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति/व्यक्तियों/कम्पनियों को पैन कार्ड एवं आधार कार्ड की छाया प्रति जमा करना होगा।

ह0/
प्रमण्डलीय प्रबन्धक

PR 306916 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, डालटनगंज



**कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।**
**वी0जे0 इंस्टीच्यूट भवन, पुराना कचहरी परिसर, चतरा।**
Email Id- deormsachatra@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा के आदेश ज्ञापांक XXVII-DMFT-(शिक्षा) 58/2023/751/विकास, दिनांक 13.07.2023 के आलोक में चतरा जिला के सभी 12 प्रखण्ड मुख्यालयों में Computer Education Coaching का संचालन के लिए निविदा के माध्यम से इच्छुक पंजीकृत संस्था/कम्पनी/NGO आदि से "रूची की अभिव्यक्ति" के लिए निविदा दिनांक 11.09.2023 को संध्या 05.00 बजे तक जमा करने एवं दिनांक 13.09.2023 को अपराह्न 12.00 बजे डी.आर.डी.ए., चतरा के सभाकक्ष में खोला जाना था, जिसे पूर्व में PR No. 305818 (School Education and Literacy) 23-24(D) के तहत् दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जा चूका है। जिसमें अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए उक्त निविदा को दिनांक 18.09.2023 के संध्या 05.00 बजे तक जमा करने तथा दिनांक 20.09.2023 को अपराह्न 12.00 बजे डी.आर.डी.ए., चतरा के सभाकक्ष में खोला जाएगा।

नोट– आदेश ज्ञापांक XXVII-DMFT-(शिक्षा) 58/2023/751/विकास, दिनांक 13.07.2023 के स्थान पर ज्ञापांक XXVII-DMFT-(शिक्षा) 58/2023/750/विकास, दिनांक 13.07.2023 संशोधित समझा जाय। शेष नियम एवं शर्तें पूर्ववत् रहेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 306865 (School Education and Literacy) 23-24 (D)



**पलामू समाहरणालय**
**प्रपत्र VII**
**राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग**
(जिला भू–अर्जन शाखा)
**अधिघोषणा**
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :–563(B)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–12.09.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–गढ़वा रोड़ रेलवे स्टेशन पर **ROR** निर्माण हेतु ग्राम–घोरडीहा, थाना–रेहला, थाना सं0–44, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में कुल कमोवेश 1.3465 एकड़ यानि 0.5449 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक मान से कमोवेश 1.3465 एकड़ यानि 0.5449 हे0 है और जो ग्राम–घोरडीहा, थाना–रेहला, थाना सं0–44, अंचल–विश्रामपुर, जिला–पलामू में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 43 | 59 | रैयती | टांड़ 1 | 0.0825 | आलम अंसारी, साहिद अंसारी पिता इस्माईल अंसारी | 59P | नाला | 60 | 59P |
| 2 | 42 | 60 | रैयती | परती कदीम | 0.030 | मोजम्मील अंसारी, जमील अंसारी, अतहर हुसैन पिता युसुफ अंसारी | 61P | नाला | 60P | 59P |
| 3 | 44 | 61 | रैयती | टांड़ 1 | 0.190 | जमीला बीबी पति इस्माईल अंसारी वो राजेश कुमार चौबे पिता आत्मानन्द चौबे वो शैलबाला देवी पति आत्मानन्द चौबे | 61P | 61P | 70P | 61P |
| 4 | 19 | 70 | रैयती | टांड़ 3 | 0.115 | अब्दुल सत्तार पिता हलकानी अंसारी, कलाम अंसारी, असमुदीन अंसारी पिता रहिम अंसारी वो मुस्ताक अंसारी पिता अलीहसन अंसारी | 70P | 70P | 71P | 61P |
| 5 | 30 | 71 | रैयती | टांड़ 2 | 0.040 | इस्लाम अंसारी वो याकुब अंसारी वो लियाकल हुसैन पिता रौशन अंसारी | 71P | 71P | 86P | 70P |
| 6 | 16 | 85 | रैयती | टांड़ 3 | 0.022 | इसराईल अंसारी पिता सकुर अंसारी | 85P | 87P | 87P | 86P |
| 7 | 48 | 86 | रैयती | टांड़ 3 | 0.040 | रैशुन बीबी पति अब्दुला अंसारी, राजेश चौबे पिता आत्मानन्द चौबे | 71P | 86P | 85P | 71P |
| 8 | 24 | 87 | रैयती | टांड़ 3 | 0.060 | राजेश चौबे पिता आत्मानन्द चौबे | 85P | 87P | 105P | 85P |
| 9 | 48 | 105 | रैयती | टांड़ 3 | 0.037 | राजेश चौबे पिता आत्मानन्द चौबे | 105P | 87P | 104P | 87P |
| 10 | 59 | 123 | रैयती | टांड़ 2 | 0.100 | रामप्रसाद मिश्र, श्याम मिश्र वो रमेशचन्द्र मिश्र पिता शिवप्रसाद मिश्र | 999P | 122P | 123P | 125P |
| 11 | 59 | 211 | रैयती | टांड़ 2 | 0.175 | राधा कृष्ण मिश्र वो शिव प्रसाद मिश्र पिता देवनन्दन मिश्र | 215P | 999P | 212P | 211P |
| 12 | 59 | 215 | रैयती | टांड़ 2 | 0.080 | रामप्रसाद मिश्र वो श्याम प्रसाद मिश्र वो रमेशचन्द्र मिश्र पिता शिवप्रसाद मिश्र | 216P | 211P | 215P | 215P |
| 13 | 59 | 217 | रैयती | टांड़ 2 | 0.095 | रामप्रसाद मिश्र वो श्याम प्रसाद मिश्र वो रमेशचन्द्र मिश्र पिता शिवप्रसाद मिश्र | 202P | 216P | 217P | 217P |
| 14 | 69 | 207 | रैयती | टांड़ 2 | 0.015 | राधा कृष्ण मिश्र वो शिव प्रसाद मिश्र पिता देवनन्दन मिश्र | 206P | 207P | 202P | 207P |
| 15 | 63 | 143 | रैयती | टांड़ 2 | 0.265 | अशोक राम, मांगे राम पिता वंशी राम, भरत राम पिता मुनी राम, रामलगन राम पिता वृक्ष राम, गोपाल राम पिता नारायण राम, पारसनाथ राम पिता वृक्ष राम, राजकुमार वो सुनेश राम, हरि राम पिता करीमन राम, सुमित्री कुवंर, हिरा राम, रामजस राम, परशु राम, गुड्डु राम इत्यादि | 143P | 143P | 206P | 143P |
| | | | | कुल रकबा :– | 1.3465 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..........×.......... थाना..........×.......... थाना सं0..........×.......... अंचल..........×..........जिला..........×.......... क्षेत्रफल ..........×.......... एकड़..........×.......... यानि..........×.......... हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानुनगो
जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 306841 District(23-24)D

NEWS इन ब्रीफ

## मुखिया ने टीम गठित कर स्कूल, आवास आदि का किया निरीक्षण



**विश्रामपुर।** प्रखंड के पंजरी कला पंचायत में मुखिया रंभा मिश्रा के नेतृत्व मे एक टीम गठित कर पंचायत में स्कूल,आवास आदि का निरीक्षण किया गया। जिसमें मुखिया ने खामियां मिलने पर संबंधित कर्मचारी को फटकर भी लगाई। निरीक्षण मुख्य रूप से पंजरी कला, नौगढ़ा,सेमरी, बारीगावां गांव में संचालित सरकारी स्कूल का किया गया। जिसमें उन्होंने शिक्षा की स्तर, बच्चों में अनुशासन, यूनिफार्म, साफ सफाई, मीनू के अनुसार खाना व बच्चों की दैनिक उपस्थिति आदि की गहनता पूर्वक जांच की। वहीं अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को मुखिया ने कड़ी फटकार भी लगाई। मुखिया प्रतिनिधि परवीन मिश्रा ने पंचायत में आवास योजना के वैसे लाभुकों को चेतावनी देते हुए बताया कि जिसको आवास योजना की राशि मिल गई है वो अविलंब आवास पूर्ण करें। अन्यथा उनपर सर्टिफिकेट केस की नोटिस दी जायेगी। निरीक्षण टीम में पंचायत समिति सदस्य दयाल विश्वकर्मा, पंचायत सचिव श्रीमती चंद्रावती सिंह, उप मुखिया सरोज देवी, वार्ड सदस्य अनिता देवी, रोजगार सेवक अमित रंजन,पंकज कुमार सिंह, विनय पासवान, मनोज दुबे सहित कई लोग शामिल थे।

## एमपी एमएलए के केस में मंत्री न्यायालय में हुए हाजिर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सिविल कोर्ट परिसर में एमपी एमएलए के केस में मंत्री मिथिलेश ठाकुर सतीश कुमार मुंडा के न्यायालय में हाजिर हुए। मामले के सुनवाई के दौरान मंत्री मिथिलेश ठाकुर की ओर से पैरवी में गढ़वा के अधिवक्ता परेश तिवारी एवं डाल्टेनगंज से महेंद्र कुमार तिवारी के द्वारा पैरवी की गई। 313 सी.आर.पी.सी का बयान दर्ज किया गया। बताया गया कि यह मामला चुनाव आचार संहिता को लेकर 27 नवंबर 2014 का है। जब चिनिया मोड़ के पास आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए मामले के संबंध में तत्कालीन अंचल पदाधिकारी, प्रदीप कुमार शुक्ला के द्वारा गढ़वा थाना में नामजद प्राथमिक दर्ज की गई थी।

## दुकानदारों ने टीओपी 2 प्रभारी पर लगे आरोपों को नकारा




**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर के दुकानदारों ने बताया कि टीओपी 2 प्रभारी के द्वारा दहशत फैलाने का मामला गलत और बेबुनियाद है। दुकानदारों ने बताया कि शहर के टीओपी 2 प्रभारी सुधीर सिंह के ऊपर किसी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि सुधीर सिंह और टीओपी 2 टाइगर मोबाइल के जवानों द्वारा डालटनगंज रेलवे स्टेशन के निकट दुकानदारों के साथ मारपीट की गयी है। परंतु यह घटना बिल्कुल ही गलत है। दुकानदारों ने बताया कि स्टेशन परिसर के बाहर किसी भी दुकानदार से मारपीट नहीं की गई है। हां, यह सच है कि कुछ लोग स्टेशन के बाहर शराब पीते नजर आए थे। जिन्हें पुलिस के द्वारा खदेड़ा गया था और कुछ लोग शराब पीते पकड़े भी गए थे। जिन्हें पुलिस के द्वारा समझा बूझकर छोड़ दिया गया था,ना की किसी व्यक्ति के साथ मारपीट की गई थी। आज भी वह जब से टीओपी 2 का प्रभार संभाले हैं वह हर गरीब और असहाय लोगों की मदद करते रहते हैं। हाल में ही उन्होंने रेड़मा रांची रोड में सड़क पर गंभीर अवस्था में पड़े विशिप्त महिला को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा था और इलाज का खर्च भी उठाया था। साथ ही विक्षिप्त महिला के बच्चे की देख रेख का जिम्मा भी उन्होंने उठाया था।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम जारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत हमीदगंज मेदिनी नगर के वार्ड नंबर 26 में भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के तत्वाधान में संबंधित घरों में जाकर पवित्र कलश में मिट्टी संग्रह किया गया। विदित हो कि भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा तय किए गए कार्यक्रम के तहत पूरे देश में पार्टी कार्यकताओं के द्वारा देश के कोने-कोने से मिट्टी का संग्रह किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य देश की आजादी में बलिदान हुए लोगों और देश की सुरक्षा में शहीद हुए वीर जवानों की याद में निर्मित अमृत पार्क के निर्माण में उपयोग कर राष्ट्रीय धरोहर की निशानी को मूर्त रूप देना है। आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मेदनी नगर नगर निगम के पूर्व उप महापौर मंगल सिंह, प्रदेश कार्य समिति के सदस्य अविनाश कुमार वर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू, श्वेतांक गर्ग, गुड्डू बर्मन, निवेदन अग्रवाल सहित पार्टी के कई पदाधिकारी और सदस्य मोहल्ले वासियों के साथ उपस्थित थे।

# झारखंड सोशल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे गये कौशल

### देश- विदेश में कई जगहों पर मिल चुके हैं 58 अवार्ड

### दूर दृष्टि , कड़ी मेहनत और पक्का इरादा के साथ किए गए निःस्वार्थ कार्य कभी बेकार नहीं होता है : कौशल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रांची के होटल चाणक्या बीएन नार में आयोजित झारखंड सोशल एक्सीलेंस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि व सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता के साथ रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, डीजीपी अजय सिंह ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया । मौके पर अतिथियों ने राज्यभर से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं को शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उक्त कार्यक्रम में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल को अतिथियों ने शॉल व स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के बाद अपने संबोधन में पर्यावरणविद व धर्मगुरु कौशल ने देशवासियों को शुभकामना देते हुए कहा है कि दूर दृष्टि , कड़ी मेहनत और पक्का इरादा के साथ किए गए निःस्वार्थ कार्य कभी बेकार नहीं होता है। अक्टूबर से सितंबर माह के इस 11 महीने की अवधि में अबतक सूबे के राज्यपाल , विस अध्यक्ष सहित कई नामी गिरामी हस्तियों के हाथ उन्हें 9 अवार्ड मिले हैं। उन्हें एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम जायसवाल को इस वर्ष मलेशिया में आयोजित कार्यक्रम में आइकॉन ऑफ हिंदुस्तान नामक अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। कार्यक्रम में रांची विवि के वाईस चांसलर, विधायक सीपी सिंह समेत सूबे के कई गणमान्य लोग शामिल थे।

### खेलो झारखंड प्रतियोगिता में

# आसेहार के 24 छात्र जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित

### 4- गोल्ड, 2- सिल्वर , 3 ब्रांज मेडल व 5 ट्रॉफी हाथ लगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के स्त्रोनत उच्च विद्यालय आसेहार के छात्रों ने खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। खेल कर आए सभी बच्चों का शिक्षक व छात्रों ने सामूहिक रूप से मिलकर उत्साह बढ़ाया व खुशी जाहिर की। खेल शिक्षक हीरा सर ने बच्चों को उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस बार 24 बच्चे जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चयनित हुए हैं। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी हमारे स्कूल के छात्र अव्वल आएंगे। इसकी मैं पूरी कोशिश करूंगा एवं छात्रों को उसी हिसाब से तैयार करूंगा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय दुबे ने खेल शिक्षक एवं जीतकर आए सभी छात्रों का धन्यवाद दिया एवं उत्साह बढ़ाने की बात कही। वहीं ग्राम पंचायत विकास कमिटी के अध्यक्ष आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए शिक्षकों का धन्यवाद किया कि इस सुदुरवर्ती क्षेत्र में भी शिक्षक बच्चों के अंदर जो शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, वह काबिले तारीफ है। कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि विद्यालय के पास में खेल का मैदान जो उंचे-नीचे गड्ढे में तब्दील है। उसे जल्द ही ग्राम विकास कमेटी के माध्यम से समतल कर कर खेलने लायक बनाया जाएगा। प्रथम पुरस्कार से सम्मानित छात्रों में- खो खो अनिशा कुमारी कप्तान, रिले रेस मिथिलेश, जसवंत, कुणाल, रोहित , 100 मीटर दौड़ कविता कुमारी, ऊंची कूद अनीसा कुमारी, 100 मीटर दौड़ यशवंत प्रजापति, 800 मी दौड़ जसवंत हैं। द्वितीय पुरस्कार विजेताओं में कबड्डी कप्तान निशांत कुमार, कबड्डी अनिशा कुमारी कप्तान, वॉलीबॉल निशांत कुमार कप्तान, 200 मीटर दौड़ कविता कुमारी, लंबी कूद मिथिलेश कुमार हैं। तृतीय पुरस्कार 400 मीटर दौड़ निरानी, 200 मीटर दौड़ मिथिलेश, 400 मीटर दौड़ निशांत को मिला है।



# पूर्व भाजपा अध्यक्ष ने व्हाट्सएप से की पलामू सांसद से मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पूर्व भाजपा अध्यक्ष परशुराम ओझा ने व्हाट्सएप के माध्यम से पलामू सांसद को बताया कि रेलवे विभाग के द्वारा सुदना वार्ड नंबर 10 में रेलवे लाइन बिछाया गया है। जिसमें कि पहले से पुल बना हुआ था, पानी निकलता था। रेलवे के द्वारा भी पुल बनाया गया है, लेकिन नाला बनाकर पूल पुल के पास नाला गिरा कर छोड़ दिया गया है। पानी निकालने के लिए नाला नहीं बनाया गया है जिसके कारण पानी भरा हुआ है और लोगों के घर में प्रवेश कर जा रहा है। नया लाइन रेल लाइन बिछाया गया है उसकी भी क्षति हो सकती है। अगर पूरा पानी बरसेगा तो रेलवे लाइन पर पानी चढ़ जाएगा जबकि रेलवे लाइन के बगल में ही 50 फीट की दूरी पर पानी निकालने का नाला भी बना हुआ है जिससे पानी निकल सकता है। रेलवे विभाग के इंजीनियरिंग सेल के द्वारा वैसे तो जो भी नाला बनाए हैं वहां पानी निकालने का कोई व्यवस्था नहीं किया गया है। 1 किलोमीटर से पानी आता है जबकि बगल में नाला है उसमें जोड़ा जा सकता है। साथ ही रेलवे के बगल में जो भी लोग का मकान है उनको आने-जाने के लिए रेलवे लाइन बिछाने के बाद दिक्कत हो रही है। अभी लोग को आने-जाने के लिए जेल के बगल से जो रास्ता आया है वही रास्ता बच गया है इसलिए इसको रेलवे विभाग से बनवाना अति आवश्यक है रेलवे विभाग के द्वारा लोगों के मकान के सामने जो जो रास्ता है उसको रेलवे विभाग के द्वारा बनवाने का व्यवस्था कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## रिशु भोजनालय का शुभारंभ, लोगों में हर्ष

**मेदिनीनगर।** इटको विश्रामपुर मुख्य मार्ग के कुम्भीकला पंचायत स्थित तमदागा गांव समीप दयालदह नदी के पास मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार उर्फ छोटू सिंह के साथ स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ऋतु राज मिश्रा एवं छतरपुर प्रखंड के मुरूमदाग पंचायत मुखिया भोला सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर रिशु भोजनालय का शुभारंभ किया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र उर्फ छोटू सिंह ने कहा कि भोजनालय खुल जाने से इस मार्ग से गुजरने वाले सभी राहगीरों को लाइन होटल का सुविधा मिलेगा और सस्ते मुल्य पर राहगीर खाना खा सकेगे । भोजनालय खुल जाने से इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों में हर्ष देखा जा रहा हैं । मौके पर संचालक रिंकू पासवान, समाज सेवी राजेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य कुनील कुमार पासवान, पूर्व वार्ड सदस्य योगेंद्र सिंह, जवाहरलाल पासवान, अवधेश सिंह, परमेश्वर सिंह,ब्यास अशोक लहरी, डाक्टर प्रमोद यादव, पप्पू यादव, सुदर्शन सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे




संदेश

भारत विविधताओं का देश है। अनेकता में एकता का संदेश देता यह देश अपनी संस्कृति और परम्पराओं के लिए दुनियाभर में अलग पहचान रखता है। यहाँ कई भाषाएँ और बोलियाँ प्रचलित हैं, लेकिन हिन्दी एक ऐसी भाषा हैं, जो देश में सबसे ज्यादा बोली जाती है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार देश में करीब 43.63 प्रतिशत लोग हिन्दी का इस्तेमाल करते हैं। हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हम भारतीयों की एकता का सूत्रधार है। एक भाषा के रूप में हिन्दी न सिर्फ भारत की पहचान है, बल्कि यह हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संवाहक, संप्रेषक और परिचायक भी है। बहुत सरल, सहज और सुगम भाषा होने के साथ हिन्दी विश्व की सम्भवत: सबसे वैज्ञानिक भाषा है, जिसे विश्व स्तर पर समझने, बोलने और चाहने वाले लोग बहुत बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा था कि हिन्दी ही एकमात्र ऐसी भाषा है, जिसे अधिकारिक एवं राष्ट्रीय भाषा के रूप में अपनाया जा सकता है। हिन्दी में सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी संचार सम्पर्क के रूप में उपयोग किये जाने की क्षमता है।

हिन्दी इस समय विश्व में तेजी से उभरती हुई भाषा है। दुनियाभर में साठ करोड़ से ज्यादा लोग हिन्दी भाषा बोलते हैं। भारत के अलावा विदेशों में भी हिन्दी बोली जाती है। इन देशों में मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, गुयाना, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा नेपाल आदि प्रमुख हैं। हम भारतीयों का भी यह कर्तव्य है कि हम अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में ही करें तथा हिन्दी भाषा के सम्मान को बनाये रखें ताकि हमारे देश की एकता और अखण्डता बनी रहे।

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 306752 (Personnel Administrative Reforms and Raj Bhasa) 2023-24

हिन्दी दिवस — देश की पहचान संस्कृति व भाषा से होती है

# हिंदी हमारा सांविधानिक अधिकार है : सुरेंद्र

### हिंदी दिवस के अवसर पर, हमें अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए

### हिंदी, भारत की एकता और विविधता का प्रतीक है





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंदी दिवस हर साल 14 सितंबर को मनाया जाता है। हमारे देश में अपनी भाषा को छोड़कर अंग्रेजी पर विशेष जोर दिया जा रहा है। जो हमारे देश के लिए दुखद बात है। बैंक, रेलवे व अन्य सरकारी कर्मचारियों में हिंदी के बजाय अंग्रेजी भाषा का प्रचलन है। कुछ देशों में जैसे- चीन, जर्मनी, रसिया जो भी कार्य होता है, वह अपनी भाषा का प्रयोग करते हैं। यह बातें विकलांग संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बुधवार को एक कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि उनका जो भी समाचार पत्र, पुस्तक एवं सरकारी अभिलेख उनकी अपनी ही भाषा में होते हैं। हिंदी, पलामू सहित पूरे भारत की राष्ट्रीय भाषा है । यह भाषा हमारे समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का भी प्रतीक है। इस मौके पर हमें अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हिंदी हमारे संविधान का अधिकार है और यह हमें अपने राष्ट्रीय एकता की ओर बढ़ाता है। हिंदी को सीखना और उसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि हमारे समृद्ध भाषा धरोहर को बचाया और बढ़ावा दिया जा सके। हिंदी, भारत की एकता और विविधता का प्रतीक है। यह भाषा देशभक्ति, संस्कृति, और समृद्धि का प्रतीक है। हिंदी हमारे संविधान की अधिकारिक भाषा है और हमारी राष्ट्रीय भाषा के रूप में महत्वपूर्ण है। हिंदी दिवस के अवसर पर, हमें अपनी मातृभाषा के प्रति समर्पित रहना चाहिए। हमें इसे सीखना, उसका सदुपयोग करना, और उसका संरक्षण करना चाहिए। हमें हिंदी की बढ़ती उपयोगिता को समझना चाहिए, ताकि हम अपने विचारों को सही ढंग से व्यक्त कर सकें।इस मौके पर हमें हमारे देश की एकता को और मजबूत बनाने के लिए हिंदी के महत्व को प्रमोट करना चाहिए, ताकि हम सभी भारतीय एक होकर आगे बढ़ सकें। हमें यह भी याद होने चाहिए कि हमारी भाषा, गाथाएँ, हमारी संस्कृतिऔर इतिहास का प्रतीक है। हिंदी का सही ज्ञान हमें हमारे देश की धरोहर को समझने में मदद करता है और हमारे बच्चों को हमारे संस्कृति के मूल मूल्यों को सीखने में मदद करता है। हिंदी के महत्व को समझकर हमें इसे बचाने और बढ़ावा देने को प्रतिबद्ध रहना चाहिए। हमें विद्यालयों और समाज में हिंदी का उचित प्रयोग करना चाहिए। ताकि यह भाषा हमें हमेशा जोड़े रहे और हमारी राष्ट्रीय भाषा के रूप में आगे बढ़ सके। हिंदी दिवस हमें हमारे देश के सांस्कृतिक धरोहर के प्रति समर्पित और जागरूक बनाता है, और हमें यह याद दिलाता है कि हमारी मातृभाषा हमारी गर्व और पहचान का प्रतीक है।

# ‘श्री कृष्ण को अपना सखा बना लो, पूरा ब्रह्मांड तुम्हारा अपना हो जाएगा’

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
प्रखंड के पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि संत और भक्त वही है जिसे भगवान का सगुण साक्षात्कार हुआ हो. भोजन के बिना तृप्ति कहां? भगवान आलिङ्गन देकर प्रीति से इन अङ्गों को शांत करेंगे और अमृतकी दृष्टि डालकर मेरे जी को ठंडा करेंगे। गोद में उठा लेंगे और भूख-प्यास भी पूछेंगे और पीताम्बर से मेरा मुंह पोंछेंगे। प्रेमसे मेरी ओर देखते हुए मेरी ठुड्डी पकड़कर मुझे सांत्वना देंगे। मेरे मां-बाप हे विश्वम्भर! अब ऐसी ही कुछ कृपा करो! मेरे मां-बाप! मुझे प्रत्यक्ष बनकर दिखाइये। आंखों से देख लूंगा तब तुम से बातचीत भी करूंगा, चरणों में लिपट जाऊंगा। फिर चरणों में दृष्टि लगाकर हाथ जोड़कर सामने खड़ा रहूंगा। यही मेरी उत्कट वासना है, नारायण! मेरी यह कामना पूरी करो। पर निंदा में बड़ी रुचि थी, दूसरोंकी खूब निंदा की, परोपकार न मैंने किया; न दूसरों से कभी कराया। दूसरोंको पीड़ा पहुंचाने में कभी दया न आयी। ऐसा व्यवसाय किया जो न करना चाहिये और उससे पाया तो क्या, अपने कुटुम्ब का भार ढोता फिरा। तीर्थों की कभी यात्रा नहीं की, केवल इस पिंड के पालन करने में ही हाथ-पैर मारता रहा। मुझसे न संत-सेवा बनी, न दान-पुण्य बना, न भगवान् की मूर्ति का दर्शन और पूजन-अर्चन ही बना। कुसङ्ग में पड़कर अनेक अन्याय और अधर्म किये। मैंने अपना-आप ही सत्यानाश किया, मैं अपना- आप ही वैरी बना. भगवन! तुम दयाके निधान हो, मुझे इस भवसागर के पार उतारो! भव सागर को तैर कर पार करते हुए चिंता किस बातकी करते हो? उस पार तो 'वह'



कटिपर कर धरे खड़े हैं। जो कुछ चाहते हो उसके वही तो दाता हैं। उनके चरणों में जाकर लिपट जाओ! वह जगतस्वामी तुमसे कोई मोल नहीं लेंगे, केवल तुम्हारी भक्तिसे ही तुम्हें अपने कंधे पर उठा ले जायंगे। प्रभु जहां प्रसन्न हुए तहां भुक्ति और मुक्ति की चिंता क्या? वहां दैन्य और दारिद्र्य कहां? संसारमें बने रहो, पर हरि को न भूलो। हरिनाम जपते हुए न्याय-नीति से सब काम करते चलो। इससे संसार भी सुखद होता है। सुख - जब बराबर है तो दुःख पहाड़-बराबर। संसारके विषयमें सब का यही अनुभव है। मां-बाप, स्त्री-पुत्र, संगी-साथी, धन-दौलत, राजा-महाराजा कोई भी हमें क्या मृत्यु से बचा सकता है? यह शरीर तो काल का कलेवा है। कौड़ी - कौड़ी जोड़कर करोड़ रुपये इकट्ठे करो, पर साथ तो एक लंगोटी भी न जायेगी। संगी-साथी एक-एक करके चले। अब तुम्हारी भी बारी आयेगी। पैरों तक वनमाला लटक रही है, उन सुंदर मधुर घनश्याम को देखते हुए नेत्रोंसे मानों प्राण निकल पड़ते हैं। श्रीकृष्ण लीला विग्रह हैं, उनका शरीर लोकाभिराम और ध्यान-धारण मङ्गलप्रद हैं। वेदोंका जन्मस्थान, षट्शास्त्रोंका समाधान, षड्दर्शनोंकी पहेली–ऐसा यह श्रीकृष्णका पूर्णावतार है भक्तिका रहस्य जानना हो तो आओ, श्रीवृन्दावन - लीलाका आश्रय करो, चारों वेद जिसकी कीर्ति बखानते हैं, योगियों के ध्यान में जो एक क्षणभर के लिये भी नहीं आता, वह ग्वालिनोंके हाथ बंध जाता है, भावुक ग्वालिनें उसे पकड़ रखती हैं।

इन भक्तिनों के पास वह गिड़गिड़ाता हुआ आता है और सयाने कहते हैं कि वह तो मिलता ही नहीं। इन भोरी अहीरिनों के पूर्वपुण्यका हिसाब कौन लगा सकता है, जिन्होंने मुरारी को खेलाया- अन्तः सुख से खेलाया और बाह्यसुखसे भी उन्हें पाकर अपनेको अर्पण कर दिया। भगवान ने उन्हें अन्तःसुख दिया, जिन्होंने एकनिष्ठ भाव से उन्हें जाना. श्रीकृष्ण में जिनका तन-मन लग गया, जो घर-द्वार और पति-पुत्र तक को भूल गयी, जिनके लिये धन, मान और स्वजन विष से हो गये, वे एकांत वन में भगवान के साथ जा मिलीं। देह की सारी भावना, सारी सुध-बुध बिसार दी; तब वही नारायण की सम्पूर्ण पूजा-अर्चा है। ऐसे भक्तोंकी पूजा भगवान, भक्तोंके जाने बिना ले लेते हैं और उनके मांगे बिना उन्हें अपना ठांव दे देते हैं। उन ग्वालिनों का भी कैसा महान पुण्य था, वे गाय, बछड़े और अन्य पशु भी कैसे भाग्यवान थे। ग्वालिनों को जो सुख मिला वह दूसरों के लिये, ब्रह्मादि के लिये भी दुर्लभ है। पयां रास - रंगमें समरस हुई, उसी प्रकार हमारी चित्त-वृत्तियां श्रीकृष्ण प्रेम में सराबोर हो जायं।

### लाभुक ने वापस नहीं की प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि

# बीडीओ का तीसरा नोटिस भी बेअसर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि से विद्यालय भवन का निर्माण करने मामले में बीडीओ सोमा उरांव की ओर से लाभुक रामदुलारी देवी के नाम जारी किया गया तीसरा और अंतिम नोटिस का भी लाभुक पर कोई असर नहीं पड़ा। लाभुक के नाम भेजे गए पहला और दूसरा नोटिस की तरह ही तीसरा नोटिस भी कागज का टुकड़ा बनकर रह गया। पीएम आवास समन्वयक अरविंद कुमार के अनुसार किसी भी तरह की कार्रवाई से पहले संबंधित व्यक्ति को तीन नोटिस का होना जरूरी है।

बावजूद तीसरा नोटिस के माध्यम प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि को जमा करने के लिए निर्धारित किया गया तिथि भी बिल्कुल रूप से समाप्त हो गया। लेकिन अभी तक लाभुक के द्वारा प्रखंड के नजारत खाता में योजना मद की राशि को जमा नहीं किया गया। पूछने पर उरांव ने बताया कि

### दो-तीन दिन का और इंतजार, उसके बाद की जाएगी कार्रवाई : बीडीओ




आवास योजना मद की राशि को प्रखंड के नजारत खाता में जमा करने को लेकर लाभुक के नाम अब तक तीन नोटिस जारी कर दिया गया है। बावजूद उनके द्वारा राशि को नजारत खाता में जमा नहीं किया गया। बीडीओ ने कहा कि मेरी अंतिम कोशिश है कि लाभुक से एक बार उस संबंध में बात कर लूं। इस उद्देश्य से लाभुक को प्रखंड कार्यालय बुलाया जा रहा है, लेकिन वे प्रखंड कार्यालय आना उचित नहीं समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि दो-तीन दिन का और इंतजार होगा उसके बाद भी अगर लाभुक का प्रखंड कार्यालय में आगमन नहीं होता है, साथ ही उनके द्वारा योजना मद की राशि को नजारत खाता में जमा नहीं किया जाता है तो उसके बाद हर हाल में लाभुक के खिलाफ कार्रवाई कर दी जाएगी। मालूम हो कि प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि से लाभुक के द्वारा अपना निवास गृह न बनाकर विद्यालय भवन का निर्माण करा दिया गया है जिसका यू डाइस कोड 200 11 20 1808 है। मामले को संज्ञान में लेते हुए बीते तीन माह पूर्व बीडीओ के द्वारा इस पर कार्रवाई शुरू की गई थी। इस बीच उनके द्वारा मुखिया व पंचायत सचिव से मामले की जांच करा कर योजना मद की राशि वापस करने को लेकर लाभुक के नाम तीन नोटिस जारी किया गया।

इतना ही नहीं, सभी नोटिस के माध्यम राशि जमा करने को लेकर निर्धारित समय भी हर बार गुजरता चला गया, लेकिन लाभुक के द्वारा एक बार भी योजना मद की राशि को प्रखंड के नजारत खाता में जमा करने के लिए कोशिश नहीं की गई। बताते चलें कि 60 वर्ष से ऊपर के व्यक्तिय को न तो प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा सकता है और न ही समृद्ध व संपन्न व्यक्तियों को। बावजूद प्रखंड पदाधिकारियों के द्वारा किस परिस्थिति में उक्त लाभुक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया गया है यह एक बड़ा सवाल बन गया है।

# चिनिया : हाथियों ने कई किसानों के खेतों में लगी फसलों को रौंदा

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**
थाना क्षेत्र के हेताड़ कला गांव में हाथियों का उत्पात दूसरे दिन भी जारी रहा। जानकारी देते हुए किसानों ने बताया कि मंगलवार की रात्रि करीब 12 बजे हाथियों का एक झुंड जिसमें हाथियों की संख्या 12 से 15 है गांव में पहुंचते ही खेतों में लगी तील, मक्का व धान की फसल को एक तरफ से रौंदते हुए सफाचट कर चले गए।

जिन किसानों के खेतों में लगे फसलों को हाथियों ने बर्बाद किया है वह है बुधन सिंह, गोवर्धन सिंह, बैजनाथ सिंह, तेजू सिंह, देवनारायण सिंह, महावीर कोरवा, विजय सिंह,सितलाल सिंह, कवलपतीया देवी, सुरेंद्र सिंह, लालमोहन कोरवा व उपेंद्र सिंह का नाम शामिल है। बताते चलें कि क्षेत्र में बीते 15 दिनों से हाथियों ने आतंक मचा कर रखा हुआ है जबकि हेताड़ कला गांव में आज दूसरा दिन भी हाथियों ने पहुंचकर जमकर उत्पात मचाया जिससे फसलों के हुए नुकसान से किसानो की कमर सी टूट गई है।



ग्रामीण बार-बार वन विभाग से हाथियों को भगाने की मांग कर रहे हैं लेकिन विभाग के द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे किसान काफी चिंतित व परेशान है व किसानों में भय का माहौल व्याप्त है। वहीं सूचना मिलते ही वन विभाग क की टीम सह बनकर्मी हेमंत तिर्की, प्रेमचंद दास, सत्यनारायण सिंह, ने उक्त गांव में पहुंचकर बर्बाद हुई फसलों का आकलन करते हुए कहा कि हाथियों के द्वारा दर्जनों किसानों के खेतों में लगी फसलों को बर्बाद किया गया है सरकारी प्रावधान के हिसाब से किसानों को मुआवजा जरूर मिलेगा, फिलहाल जब तक हाथी क्षेत्र से भाग नहीं जाते हैं लोग पूरी तरीके से सतर्क रहें वन विभाग की टीम हाथियों को भगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

# डीसी डीडीसी जिनके यहां जाना है जाओ, बगैर कमीशन नहीं होगा काम

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
प्रखंड क्षेत्र में मनरेगा कि योजनाओं में भारी लूट मची हुई है। बिना कमीशन के मस्टर रोल का सत्यापन नहीं किया जा रहा है। जिस कारण संबंधित लाभुकों में रोष व्याप्त है। ऐसा ही एक मामला शोशल मिडिया सहित अन्य प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ है। इससे संबंधित एक ऑडियो क्लिप जो लगभग चार मिनट का है उक्त में मनरेगा योजना के लाभुक व रोजगार सेविका के पति के बातचीत में लाभुक से मस्टर रोल सत्यापित करने के बदले रिश्वत की मांग की जा रही है।

मामला प्रखंड अंतर्गत सदर पंचायत के बढ़नी गांव से जुड़ा है। बढ़नी गांव में मनरेगा से संचालित मंजू देवी एवं फुलमनी देवी का मेड़बन्दी योजना का मस्टर रोल जिसमें क्रमशः छह - छह मजदूरों ने काम किया था। जिसके सत्यापन के लिए लाभुक मंजू देवी के पति कामेश्वर यादव रोजगार सेविका शुनीला एक्का जो टेहरी एवं बड़गड़ दो पंचायतों के प्रभार में है, जिनसे मिलने टेहरी पंचायत

### मनरेगा योजना के लाभुक व रोजगार सेविका के पति के बीच बातचीत में लाभुक से मस्टर रोल सत्यापित करने के बदले रिश्वत की मांग का ऑडियो वायरल

सचिवालय पहुंचे तथा रोजगार सेविका से एम आर पर हस्ताक्षर करने कि बात कही। इस पर रोजगार सेविका के पति शतीस कुजूर हस्तक्षेप करते हुए हस्ताक्षर के एवज में प्रति मस्टर रोल मजदूरी के दर के हिसाब से पांच प्रतिशत कमीशन पेट्रोल खर्च के नाम पर मांगे जाने की बात ऑडियो में सामने आई है। ऑडियो क्लिप में यह भी कहा गया है कि तुमको डीसी, डीडीसी जिसके पास जाना है जाओ बगैर कमीशन दिए काम नहीं होगा। लाभुक कामेश्वर यादव ने जब कहा कि मै रोजगार सेविका से बात कर रहा हूं तो आप कौन होते हैं पैसा मांगने वाले, इस पर शतीस कुजूर ने कहा कि रोजगार सेविका का मै पति हूं मैं चाहूंगा तभी एम आर पर हस्ताक्षर करेगी। गौरतलब है कि पूर्व में भी रोजगार सेविका के पति द्वारा लाभुकों को अनुचित रूप से तंग किए जाने से संबंधित मामला प्रखंड बीस सूत्री की बैठक में उठ चूका है वावजूद इसके रोजगार सेविका के कार्यशैली में सुधार नहीं हुआ है। मनरेगा से संबंधित सभी कार्यों में उनके पति हीं मुख्य भूमिका में दिखाई देते हैं। इससे संबंधित एक आवेदन लाभुक द्वारा बीडीओ व मुखिया को सौंपकर कार्रवाई की मांग की गईं है।

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ विपिन कुमार भारती ने कहा कि लाभुक द्वारा आवेदन दिया गया है। जांच के पश्चात उचित कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध पूछे जाने पर बीपीओ हासिम अंसारी ने कहा कि रोजगार सेविका से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है साथ ही वहां से हटाने के लिए जिले को लिखा जाएगा। रोजगार सेविका की प्रतिक्रिया लेने की कोशिश की गई परंतु कई बार फोन कॉल करने के बावजूद फोन रिसीव नहीं किया गया।

# भाभी की हत्या के आरोप में देवर को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
मझिआव थाना क्षेत्र के अधौरा के चाका टोला निवासी स्व हरिनंदन राम की पत्नी अनिता कुंवर की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिनंदन राम को गिरफ्तार कर ली है। उक्त घटना की जानकारी एसपी दीपक कुमार पांडे ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर दी है। उन्होंने बताया कि मझिआव थाना क्षेत्र के अधौरा गांव के चाका टोला निवासी ओला पर विधवा अनीता कुंवर को उसके देवर ने धारेदार हथियार से मारकर घायल कर दिया था। गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई इसके बाद मृतका के भाई ने मझियांव थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया था। प्राथमिक के बाद सीडीपीओ अवध कुमार यादव की नेतृत्व में मामले की जांच की गई जिसमें पुलिस के पूछताछ में सामने आया कि अभिनंदन ने अपनी भाभी के किसी दूसरे के साथ नाजायज संबंध के कारण गुस्से में आकर उसका हत्या किया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद वह फरार होकर पाटन थाना क्षेत्र के मोती खाला गांव में रह रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया। प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी विवेक पंडित, पुलिस अवर निरीक्षक रंजिल कुमार, विकास कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## नगर पंचायत में हुआ कार्यपालक पदाधिकारी का पदस्थापन

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत बनने के बाद पहली बार कार्यपालक पदाधिकारी अमरेंद्र चौधरी का पदस्थापन हुआ है, जिससे नगर पंचायत वासियों में खुशी है। नये पदाधिकारी के आने से सही व सुचारू रूप से श्री बंशीधर नगर का विकास होगा।

उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचंद्र केशरी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही हैं। उन्होंने कहा है कि विगत कई वर्षों से नगर पंचायत क्षेत्र का काम प्रभार में चलते आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस पद पर जिम्मेवार पदाधिकारी नही होने के कारण इसके पूर्व लगभग सभी कार्यों में काफी अनियमितता बरती गई है, जिसकी जांच में श्री बंशीधर नगर के तत्कालीन बीडीओ सह पूर्व प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अमित कुमार दोषी पाये गये हैं। कार्मिक विभाग ने विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है।

उन्होंने कहा है कि तत्कालीन प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा पूर्व में की गई कार्यों में अनियमितता को लेकर चार बिंदुओं पर सूचना की मांग की है।

# अब नहीं चलने दी जाएगी मंत्री की गुंडागर्दी : तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में रंका और गढ़वा प्रखंड के दो दर्जन कार्यकर्ता झामुमो छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। सभी को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा कि वर्तमान जनप्रतिनिधि के क्रियाकलाप से क्षेत्र की जनता पूरी तरह से ऊब चुकी है। चारों तरफ अराजकता का माहौल कायम हो गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अब मंत्री की गुंडागर्दी नही चलने दी जाएगी। सत्ता के बल पर मंत्री क्षेत्र के लोगों को डराने का प्रयास कर रहे है। वह क्षेत्र के सभी गांवों में जाकर पिछले चार सालों में मंत्री के द्वारा किए गए काले कारनामें का पदार्फाश करेंगे। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र की जनता और भाजपा कार्यकर्ता मंत्री के गुंडागर्दी का जबाव देने को तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक सिर्फ दिखावे के लिए अलग-अलग है। जबकि दोनों

### झामुमो के दो दर्जन लोग भाजपा में शामिल

आज भी मैच फिक्सिंग के तर्ज पर काम कर रहे है। मौके पर पार्टी में शामिल होने लोगों ने कहा कि वे लोग पढ़े लिखे बेरोजगार है। सरकार गठन से पहले चुनाव-प्रचार के दौरान स्थानीय विधायक सह मंत्री ने नौकरी नहीं देने पर बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा किया था। वहीं महिलाओं को चूल्हा खर्चा के तौर पर सलाना 72 हजार रुपये देने की बात कही थी। लेकिन मंत्री की घोषणा के अनुसार उक्त लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के जनता के प्रति जुझारूपन को देखते हुए उक्त सभी लोग भाजपा में शामिल होकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वाले लोगों में पंकज कुमार चंद्रवंशी, रवि कुमार चंद्रवंशी, अर्जुन कुमार चंद्रवंशी, ब्रजेश कुमार राम, चंदन कुमार चंद्रवंशी, निशांत कुमार चौधरी, किरण देवी, हुल्मणी देवी, जुगुल साह सहित दो दर्जन लोगों का नाम शामिल है।

### प्रखंड अध्यक्ष बोले | जब अधिकारी नहीं सुनते तो इस्तीफा दीजिए

# कांग्रेस का जिप सदस्य पर पलटवार

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला परिषद सह विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद द्वारा पिछले दिनों दिये गये ब्यान पर पलटवार करते हुए कहा की आप स्वयं जिला परिषद और विधायक प्रतिनिधि के पद पर है। इस क्षेत्र का विधायक भी आपके पार्टी का है और केंद्र में भी आपका पार्टी का सरकार है। इसके बावजूद प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार और अधिकारियों द्वारा अपनी बातों को नजरंदाज करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी आपके बातों को अनसुना कर रहे हैं तो आप अपने पद से इस्तीफा दीजिए। प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने कहा की केतार प्रखंड की जानता आपको क्षेत्र में विकास कार्य करने, भ्रष्टाचार पर रोक




लगाने के लिए चुना है न की भ्रष्टाचार का रोना रोने के लिए। उन्होंने कहा की अब आपको कौन सा पद केतार की जानता दें की आप भ्रष्टाचार को रोकने में कामयाब होंगे और जानता के हित में काम कर पायेंगे। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा की स्वास्थ्य, शिक्षा ,रोजगार और सिंचाई के क्षेत्र में प्रखंड काफी पिछड़ा है लेकिन आपके द्वारा इन सभी मुद्दों पर कभी मुखर होकर आवाज नहीं उठाई गई इसके कारण आपको प्रखंड में रहते हुए अधिकारियों का मनोबल इतना बढ़ गया है की आम आदमी प्रखंड मुख्यालय जाना मुनासिब नहीं समझ रहा हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद ने सुखाड़ और भ्रष्टाचार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया था और विभिन्न योजनाओं में अधिकारियों द्वारा कमिशन लेने का आरोप लगाया था। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

# ‘डिजिटल साक्षरता ने जीवन को बेहतर बनाया’

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केशरी एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों को संबोधित करते हुए निदेशक ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में डिजिटल का ज्ञान हम समस्त लोगों के लिए अनिवार्य हो गया है। डिजिटल साक्षरता शब्द एक अवधारणा है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति ने हमें मोबाइल और कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक संसाधन बनाने में सक्षम बनाया है। उन्हीं संसाधनों का पूरी तरह से उपयोग करने की क्षमता डिजिटल साक्षरता है। इस समय हम लगातार डिजिटल इंडिया की अवधारणा सुन रहे हैं। हर आवश्यक वस्तु और सेवा ऑनलाइन उपलब्ध है। इसी तरह ऑनलाइन शिक्षा और सोशल मीडिया के स्तर पर मोबाइल या कंप्यूटर का ठीक से उपयोग



करने में सक्षम होना एक आवश्यकता बन गई है। अभी हर नागरिक इंटरनेट की दुनिया से जुड़ रहा है। इसके लिए एक निश्चित, कंप्यूटर भाषा और कुछ तकनीकी मुद्दों और अव धारणाओं की आवश्यकता होती है, जिसके बिना आपके लिए आसानी से डिजिटल रूप से साक्षर बनना असंभव है। इंटरनेट की वजह से पूरी दुनिया करीब आ गई है। इंटनेट के बढ़ते उपयोग को देखते हुए, यदि अधिकांश लोग इसका उपयोग कर सकते हैं, तो हम इंटरनेट की एक अलग दुनिया देखेंगे। इसके लिए भविष्य में सभी लोगों को डिजिटल रूप से साक्षर होने की जरूरत है। वर्तमान में स्कूली बच्चे और युवा पीढ़ी शिक्षा और अन्य सुविधा का काम ऑनलाइन कर रहे हैं उनके लिए डिजिटल रूप से साक्षर बनना बहुत आसान है कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक खुर्शीद आलम, उदय प्रकाश, संजीव कुमार, मुकेश कुमार भारती, आलोक सिन्हा, नीरा शर्मा, सुनिता कुमारी, नरेन्द्र सिन्हा, रिजवाना शाहिन, सरिता दूबे, निलम कुमारी, सुषमा तिवारी, शिवानी कुमारी, संतोष प्रसाद की भूमिका रही।

### दर्जनों गांवों के लोगों ने सामुदायिक वन पट्टा की मांग लेकर किया प्रदर्शन

# ग्रामीणों ने घेरा प्रखंड कार्यालय

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को सामुदायिक वन पट्टा की मांग को लेकर बरवाडीह के दो दर्जन से अधिक सुदूर गांवों के हजारों की संख्या में ग्रामीणों ने संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया।

कार्यक्रम के अनुसार तीन दर्जन से अधिक वन क्षेत्र के महिला पुरुष ग्रामीण पुराना प्रखंड कार्यालय परिसर क्षेत्र से विशाल जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोग विभिन्न नारा लिखे हुए अपने-अपने हाथों में शक्तियां लिए हुए थे इसके अलावे जल जंगल, जमीन हमारा है, सामुदायिक वन पट्टा की गारंटी करो, ग्राम सभा जिंदाबाद, इंकलाब जिंदाबाद नारा लगाते हुए नगर भ्रमण के उपरांत प्रखंड कार्यालय का घेराव किया।

### मांगें पूरी नहीं होने पर 13 अक्टूबर को करेंगे जिला कार्यालय का घेराव



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा कि यह बेहद शर्मनाक है कि वन अधिकार कानून लागू होने के 16 साल बाद भी बरवाडीह के किसी भी गांव को सामुदायिक वन पट्टा नहीं मिला है। बरवाडीह के 35 गांवों ने सामुदायिक वन पट्टा के लिए आवेदन दिया है लेकिन अभी तक आवेदनों का निष्पादन नहीं किया गया है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि सामुदायिक वन पट्टा के सभी आवेदन अब तक लंबित हैं। सिंह ने कहा कि वन पट्टा को लेकर सरकार व प्रशासन गंभीर नहीं है, अगर एक महीना के अंदर सामुदायिक वन पट्टा नहीं दिया गया तो हम सभी वनवासी 13 अक्टूबर को जिला कार्यालय का घेराव कर अनिश्चितकालीन धरना के लिए बाध्य होंगे। वहीं मौके पर सैदूप, मोरवाई, मंडल, बढ़निया, बारीदोहर, छीपादोहर, हरातू, नवाडीह,चुंगरू, केड़, गाड़ी सहित 35 से ज्यादा गांवों के ग्राम प्रधानों ने बारी-बारी से अपने विचार रखते हुई कहा कि जंगल पर पहला हक ग्राम सभा का है। वन पट्टा नहीं देकर सरकार वनाधिकार कानून का उल्लंघन कर रही है।

कार्यक्रम के अंत में संयुक्त ग्राम सभा के बैनर तले, जिप सदस्य ने प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण को एक मांग पत्र सौंपा। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि वे ग्रामीणों की मांग को सरकार व प्रशासन तक पहुंचाएंगे एवं सामुदायिक वन पट्टा दिलाने में ग्राम सभा का पूरा सहयोग करेंगे। मौके पर गणेश सिंह, विमल सिंह, मकलदेव सिंह, सीलास गुड़िया, कमलेश सिंह, सकील बेंगरा ने भी अपने विचार रखे।

# झारखंड गठन के बाद सबसे अधिक 18 वर्षों तक भाजपा ने किया शासन

### राजद प्रदेश सचिव का मरांडी व सांसद सिंह पर तीखा हमला

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
राजद प्रदेश सचिव योगेंद प्रसाद यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा के संकल्प यात्रा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है की पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की कार्यशैली बहुत ही खराब व पिछड़ा वर्ग विरोधी रहा है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि सांसद सुनील कुमार सिंह बताएं कि चुनाव में रेलवे लाने और स्टील फैक्ट्री लगाने के वादे का क्या हुआ। जैसे-जैसे 2024 का लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है सांसद श्री सिंह जनता को गुमराह करने लगे हैं। जबकि श्री मरांडी मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान पिछड़े वर्ग के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया था और कुछ जिलों में उन्होंने पिछड़े वर्ग के आरक्षण को पूरी तरह से



समाप्त करने का काम किया था। जिसका खामियाजा आज भी पिछड़ा वर्ग भुगत रहा है। विज्ञप्ति में आगे कहा है कि अलग राज्य बनने के बाद सबसे लंबे समय 18 वर्षों तक झारखंड में भाजपा का शासन रहा, उसी दौरान गिट्टी, बालू और कोयले की अवैध तस्करी और अधिकारियों के ट्रांसफर पोस्टिंग का अवैध गोरखधंधा, गैरमजरूआ भूमि की खरीद-बिक्री और रसीद काटने पर रोक लगायी गयी। आखिर पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार ने बंजर भूमि को उद्योगपतियों के हाथों में देने का काम किया था। अब बीजेपी के हाथ से सरकार जाने के बाद इनके नेता बेरोजगार हो गए हैं, तो संकल्प यात्रा निकालकर लोगों में भ्रम फैला रहे हैं। वहीं सांसद को साढ़े 9 साल का हिसाब जनता को देना चाहिए। चतरा की जनता पूछती है रेलवे और स्टील फैक्ट्री को दिखाकर उन्होंने छल किया है। चतरा की जनता साढ़े नौ साल से अपने सांसद को देखने का इंतजार कर रही है। इसके अलावे जारी प्रेस विज्ञप्ति में श्री यादव ने कहा है कि जब से देश में भारत गठबंधन बना और इंडिया अलायंस की लोकप्रियता से भाजपा नेताओं के पैरों तले जमीन खिसकती देख भाजपा नेता अनर्गल बयानबाजी कर जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं।

# महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर व कृषि उपकरण वितरित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
जिला खेल स्टेडियम के समीप स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम एवं उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के द्वारा 5 महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण वितरित किया गया। इस मौके पर विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम ने कहा सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मैकेनाईजेशन योजना अंतर्गत सरकार के द्वारा 80 प्रतिशत अनुदान पर कृषि के आधुनिकीकरण के लिए महिला स्वयंसहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर, रोटावेटर, मिनी राइस मिल, कल्टीवेटर, केजव्हील, यूनिवर्सल माउंटिंग फ्रेम, वाटर पंप, पाइप इत्यादि का वितरण किया जा रहा है। उपायुक्त ने कहा लातेहार जिले की आबादी का बड़ा हिस्सा अपनी आजीविका के लिए कृषि कार्य पर निर्भर है। कृषि उत्पादन को बढ़ाने एवं कृषि कार्य से बेहतर आमदनी के लिए कृषि के आधुनिकीकरण एवं यंत्रीकरण की आवश्यकता है। किसानों को आधुनिक ज्ञान एवं



तकनीक की मदद से फसल के विविधीकरण एवं कृषि उपज बढ़ाने के लिए कार्य करना होगा।

विधायक लातेहार बैद्यनाथ राम एवं उपायुक्त लातेहार हिमांशु मोहन के द्वारा इन महिला स्वयं सहायता समूहों को मिनी ट्रैक्टर, रोटावेटर, मिनी राइस मिल, कल्टीवेटर, केजव्हील, यूनिवर्सल माउंटिंग फ्रेम, वाटर पंप, पाइप वितरित किया गया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार शेखर कुमार, जिला गोपनीय प्रभारी श्रेयांश, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, विधायक लातेहार के प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक मनिका के प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव एवं अन्य उपस्थित थे।

# सात प्रखंडों में झामुमो युवा मोर्चा का गठन

### ब्रह्मदेव प्रजापति चंदवा, औरंगजेब खान बने बालूमाथ के प्रखंड अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
झामुमो युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उंराव के द्वारा जिले के सात प्रखंडो में प्रखंड अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के पद पर नामो की घोषणा कर दी गई है। घोषणा करते हुए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीत उंराव ने कहा कि झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव के निर्देशानुसार प्रखंड अध्यक्षों के नाम की घोषणा की गई है। प्रखंड अध्यक्ष के पद पर योग्य व्यक्ति के चयन को लेकर विभिन्न प्रखंडो का दौरा किया गया था सभी प्रखंड में नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ रायशुमारी की गई। इसके बाद सबो की सहमति से उक्त नामो पर निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी अपने अपने प्रखंड के नेताओं का मंतव्य लेकर जल्द से जल्द अपने अपने प्रखंडो में युवा मोर्चा का विस्तार कर जिला कमेटी को सूचित करें।



#### किस प्रखंड में किसे मिली जिम्मेवारी

**चंदवा :** ब्रह्मदेव प्रजापति अध्यक्ष, जतरु कुमार मुंडा, बुधन गंझु, मो एजाजुल उपाध्यक्ष, केश्वर सिंह सचिव, गणेश गंझु कोषाध्यक्ष। **बालूमाथ :** औरंगजेब खान अध्यक्ष, दिलीप उंराव, संतोष उंराव, जयराम गंझु उपाध्यक्ष, बहादुर उंराव सचिव, इदु अंसारी कोषाध्यक्ष। **बारियातु :** विश्वनाथ गंझु अध्यक्ष, रितु यादव, अनिल यादव, मोहन गंझु उपाध्यक्ष, आकाश गंझु सचिव, प्रलात उरांव कोषाध्यक्ष। **महुआडांड़ :** सैफ अली अध्यक्ष, विक्रम शाह टोप्पो, मेहंदी हसन उपाध्यक्ष, नवीन प्रकाश तिर्की सचिव, अरशद अंसारी कोषाध्यक्ष। **गारू :** अजय टोप्पो अध्यक्ष, मंसूर आलम, अरुण बृजिया उपाध्यक्ष, रुबेन मिंज सचिव, पूरन सिंह कोषाध्यक्ष। **सरयु :** उलफन सिंह अध्यक्ष प्रदीप सिंह, अनिल कुमार उरांव, मिस्टर अंसारी उपाध्यक्ष, जठा नायक सचिव, रामकिशुन उरांव कोषाध्यक्ष। प्रखंड अध्यक्षों के नामों की घोषणा के बाद नेताओं कार्यकर्ताओ ने सभी को बधाई दी है ।बधाई देने वालो में झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव, जिला सचिव शमशुल होदा, जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष अरुण दूबे, केंद्रीय कमेटी सदस्य इस्तियाक खान, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष वारिश अंसारी, शितमोहन मुंडा चंदवा प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सुत्री अध्यक्ष सुरेश गंझु, प्रखंड सचिव मो इजहार, मो सरफराज आदि शामिल हैं।

## संक्षिप्त

### डीवीसी ने छह टीमों को दी फुटबॉल किट

**लातेहार।** अंतर-ग्राम फुटबॉल टूर्नामेंट के तहत बुधवार को तुबेद कोल माइंस डीवीसी लातेहार, परियोजना प्रभावित गांवों के बीच खेल कौशल, सामुदायिक जुड़ाव और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों के बीच पूरी किट सेट दिया गया कइस आयोजन के लिए डीवीसी ने अपनी सीएसआर गतिविधि के तहत सभी छह टीमों को पूरी फुटबॉल किट प्रायोजित की है। डीवीसी समुदायों के भीतर एकता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानता है। इस दौरान मुखिया अमरेश उरांव ने कहा कि डीवीसी अधिकारियों को मैं धन्यवाद करता हूं कि जिन्होंने एक अच्छा पहल कर यहां के विस्थापित लोगों के लिए अंतर्गत ग्राम फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने का सोचा है।

### श्री दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष के बने रवि सिंह

**बालूमाथ।** श्री दुर्गा पूजा मंडल समिति का गठन के लिए दुगार्बाड़ी परिसर में वरिष्ठ समाजसेवी दर्शन तिवारी के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बीते वर्ष का दुर्गा पूजा समिति द्वारा आय और व्यय का ब्यौरा विस्तार पूर्वक पेश किया गया। इसके बाद बैठक में उपस्थित वरिष्ट हिंदू धर्म लंबियों ने बीते वर्षों का श्री दुर्गा पूजा कार्यक्रम शांति सौहार्दपूर्ण और अच्छे तरीके से विधिवत मानने वाली समिति को हीं इस बार भी अवसर दिया गया, जिसमें लगातार 11 वीं बार श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रवि सिंह उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार उर्फ गुड्डू, कैलाश यादव, संजू ओझा, विशेष कुमार, नीरज कुमार, लालदेव गंझू, सचिव संतान सिंह, सोनू सिंह, अखिलेश गंझु,अर्जुन साव महासचिव शैलेश सिंह कोषाध्यक्ष रवि कुमार रजक कार्यकारणी सदस्य सुरेंद्र इत्यादि के नाम शामिल हैं। इस बार भी समिति द्वारा श्री दुर्गा पूजा कार्यक्रम धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे कई लोग बैठक में उपस्थित रहे।

### विद्यालय प्रबंधन समिति ने किया पैदल मार्च

**पत्थलगड़ा।** पत्थलगड़ा मुख्यालय स्थित जनता उच्च विद्यालय के प्रबंधन समिति द्वारा विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर बुधवार को अभिभावकों संग पैदल मार्च किया। समिति के अध्यक्ष विनय कुमार, सदस्य एवं अभिवावक विद्यालय संबंधित 11 सूत्री मांग को पूरा करने के लिए सभी एकत्रित होकर पैदल मार्च करते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचे। जहां बीडीओ के अनुपाथिति में पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड के नाजिर अभिजीत कुमार को 11 सूत्री मांगों को लेकर मांग पत्र सोपा। ज्ञात हो कि एक दिन पूर्व प्रखंड कार्यालय के समक्ष जनप्रतिनिधियों द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया था। पैदल मार्च में प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष पूनम कुमारी, अभिभावक सरोज देवी, मीना देवी, मंजू देवी, पारो देवी, बेबी देवी, बबीता देवी, रीना देवी, प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अभिभावक शामिल थे।

### कस्तूरबा विद्यालय में बच्चियों का स्वास्थ्य जांच

गिद्धौर। बीडीओ संजीत कुमार सिंह के निदेर्शानुसार बुधवार को गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में विद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं का स्वास्थ्य जांच डॉक्टर राजेश कुमार गुप्ता, डॉक्टर अंजली कुमारी भगत के द्वारा की गई। इस दौरान लगभग दो दर्जन छात्राओं की स्वास्थ्य जांच कर, जरूरत के अनुसार निशुल्क दवा दी गई। मौके पर विद्यालय वार्डन, स्वास्थ्य कर्मी बिरेंद्र दांगी आदि उपस्थित थे।

### कोल प्रबंधन ने लगवाये 43 सोलर लाइट

**टंडवा।** सीसीएल की आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना प्रबंधन ने टंडवा थाना क्षेत्र के विस्थापित-प्रभावित गांवों में सीएसआर मद से लाखों रुपए खर्च कर सोलर लाइट लगवाये हैं। बुधवार को सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि अधिष्ठापित कराये कुल 43 हाइ मास्ट सोलर लाइटों में प्रति यूनिट लागत 1.18 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। वहीं इस कार्य में प्रबंधन ने कुल 50.74 लाख रुपए खर्च किए हैं। आगे बताया गया कि 9 मीटर लंबे पोल में 40 वॉट का 4 एलईडी लाइट, लिथियम बैट्री जिसका 16 घंटों का बैक-अप है, साथ ही दो साल की मरम्मत की वारंटी है। पूर्व चयनित स्थलों में कुमरांग कला व खुर्द, राहम, उड़सू, बिंगलात, सेरनदाग, कसियाडीह, पोकला, घाघरा, होन्हें, कोयद, हांडू, सिसइ, शिवपुर, मिश्रौल, धनगडा, सिमरिया, चुंदरु धाम, अंबेडकर चौक, पचड़ा, सिजुआ, जोरदाग, चट्टी पेटो, बुकरु, सोपारम में लाइट लगाये गये हैं।

### 10 महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण

**चतरा।** सूर्योदय फाउंडेशन की और से बुधवार को जिला परिषद के उत्सव पैलेस में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष ब्रजकिशोर तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर जिला परिषद सदस्य चन्द्रदेव गोप, सूर्योदय फाउंडेशन के उपाध्यक्ष घनश्याम द्विवेदी, रंजीत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री तिवारी ने कहा कि महिलाओं को दिया गया सिलाई मशीन मिल का पत्थर सविता होगा। महिलाओं से इसका सही इस्तेमाल करने की बात कही। सूर्योदय फाउंडेशन के उपाध्यक्ष घनश्याम द्विवेदी ने कहा कि पहले चरण में 10 महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण किया गया। बाद में बड़े स्तर पर समारोह आयोजित कर अन्य महिलाओं के बीच सिलाई मशीन का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन समाजिक हीत में काम कर रही है। सिलाई मशीन पाकर महिलाएं उत्साहित थीं।

### नेतरहाट थाना क्षेत्र में सर्पदंश से 52 साल की महिला की मौत

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम छगराही दुरूप के रहने वाली महिला सालो देवी पति सुधन मुंडा (52) की मंगलवार को देर शाम सांप के काटने से मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक सालो देवी खेत में धान का निकवन करने गई हुई थी, इसी दरम्यान पहले से खेत में मौजूद सांप ने काट दिया। सांप काटे जाने की जानकारी होते ही मृतक के परिजनों ने सरकारी अस्पताल लाने के बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया। इससे महिला तो ठीक हुई नही अपितु सांप का जहर पूरे शरीर में फैल गया। बाद में स्थिति बिगड़ती देख परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड लाया पर तब तक देर हो चुकी थी। रास्ते में ही महिला सालो देवी की मौत हो गई।

# छेंचा राजद पंचायत अध्यक्ष बनाए गए गुलजार खान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड के छेंचा पंचायत भवन में प्रखंड राजद कमेटी की बैठक प्रखंड राजद अध्यक्ष आदित्य कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रखंड राजद की सांगठनिक मजबूती पर जोर दिया गया। लोकसभा चुनाव की तैयारी हेतु सभी कार्यकताओं को एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। लोकसभा चुनाव में चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन से अगर राजद अपना प्रत्याशी उतरता है तो उसे जिताने हेतु सभी को एकजुट होकर कार्य करने की जरूरत है। छेंचा पंचायत कमेटी का गठन किया गया, जिसमें गुलजार खान को पंचायत अध्यक्ष, अशरफ खान महासचिव, युसूफ खान, समीम खान को महासचिव बिगन यादव, कलीम खान को सचिव, फैजल खान को युवा राजद पंचायत अध्यक्ष, बैचन राम, मनोज राम को युवा उपाध्यक्ष, मनोज राम कोषाध्यक्ष, नुरैशा वीवी राजद महिला प्रकोष्ठ, कार्यकारिणी सदस्य रामंदन यादव, संदीप बेक, अनुज राम, संदीप यादव को रखा गया है जबकि बैठक में मुख्य रूप से जिला माहासचिव नेशार अहमद, जिला सचिव जगनारायन माली, जिला शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद यादव, मुनि राम चंद्रवंशी, प्रखंड माहासचिव शम्मीउल्लाह अंसारी, प्रखंड अल्पसंख्यक अध्यक्ष मुसर्रत अली, दलित प्रकौष्ठ अध्यक्ष उमेश कुमार रवि, सचिव संजय वर्मा, संतोष यादव, अखिलेश पासवान, प्रखंड सचिव अशोक यादव, मंसुर आलम, आलमगीर खां, समशेर खां, साजिद खान, गुलाब खां, यशोदा देवी, अनिल राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### पति ने पत्नी पर किया टांगी से हमला, सदर अस्पताल में भर्ती

**चतरा।** जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीपुर गांव में एक पति ने पत्नी को टांगी से हमलाकर जख्मी कर दिया है। जख्मी महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के हरदेव यादव ने बीती रात अपनी पत्नी तेतरी देवी पर टांगी से हमला कर दिए, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जाता है कि इस से पूर्व भी टांगी से चार बार हमला किया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है। बताया जाता है कि बीती रात उसने अपनी पत्नी को जान से मारने के ख्याल से टांगी से हमला कर दिया। घायल महिला की पुत्री सुमन कुमारी ने बताया कि उसके पिता शराब के नशे में उसकी मां के साथ मारपीट किया करता था। बीती रात टांगी से हमलाकर दिया। उसने बताया कि उसकी और दो बहन है।

# तीन पंचायत सचिव के प्रभार में सिंघनी पंचायत

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगडा**
जिले में भले ही पंचायत सचिवों का टोटा है, जिसके कारण कई पंचायत सेवक को एक से दो पंचायत का अतिरिक्त परभर मिला हुवा है।ऐसे में दूसरी ओर अधिकारियों की मेहरबानी कहे या लापरवाही, जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत सिंघानी पंचायत में तीन सचिव को प्रभार दे दिया गया है। जिसका खामियाजा पंचायत के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। छोटे-मोटे कामों के लिए भी ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार सिंघानी के पंचायत सचिव राकेश प्रसाद हड़ताल पर गए थे तो नावाडीह के पंचायत सचिव लखन यादव को प्रभार दिया गया। लेकिन हड़ताल से वापस आने के 15वीं वित्त का काम श्री प्रसाद देख रहे हैं। वहीं मनरेगा का काम लखन यादव के देखरेख में




चल आ रहा है। जबकि नव नियुक्त पंचायत सचिव श्वेता कुमारी को सिंघानी पंचायत का 15 दिन पूर्व संपूर्ण प्रभार लेने का निर्देश दिया गया। लेकिन वर्तमान में श्वेता के पास मात्र जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने की जिम्मेदारी है। संघानी पंचायत तीनों पंचायत सचिव के भरोसे है और ग्रामीणों को हर एक काम के लिए अलग-अलग पंचायत सचिव से मिलना पड़ता है। ग्रामीणों ने किसी एक के जिम्मे कार्य करने की मांग की है ताकि परेशानी नहीं उठानी पड़े।

### आयोजन | अधिकारियों संग परिसदन में जिले के विकास को लेकर की बैठक

# विधानसभा की सदाचार समिति पहुंची चतरा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
झारखड विधान सभा की सदाचार समिति के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह की अध्यक्षता में चतरा परिसदन भवन सभा कक्ष में जिले के वरीय अधिकारियों के साथ समिति की बैठक बुधवार को हुई। सर्वप्रथम सदाचार समिति के अध्यक्ष के परिसदन आगमन पर उपायुक्त अबु इमरान ने पौधा व मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, जेएसएलपीएस, सभी तकनीकी विभागों समेत अन्य विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की प्रगति



प्रतिवेदन की बिन्दुवार समीक्षा की गई। अनुकंपा के आधार पर नौकरी, पेंशन, परिवार पेंशन के विषयों पर जानकारी ली गई और लंबित मामले को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ कई विकास योजनाओं की भी समीक्षा की गई। जिला कल्याण पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी द्वारा जानकारी दी गई कि सरना-मसना, कब्रिस्तान घेराबंदी, प्रीमैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति समेत अन्य योजनाएं संचालित है जिसमें कब्रिस्तान घेराबंदी सरना-मसना घेराबंदी के कार्य किए जा रहे है। वहीं प्रीमैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से योग्य छात्र/छात्राओं को लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। आगे उन्होने वनपट्टा को लेकर जानकारी दिया कि 109 पुराने त्रुटि वनपट्टा में सुधार करते हुए एवं 07 नए वनपट्टा को निर्गत किया गया है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल के समीक्षा के क्रम में कार्यपालक अभियंता अजय कुमार सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नलजल योजना, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना, सामुदायिक शौचालय निर्माण, जल जीवन मिशन आदि के विषय में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष ने सभी विभागों के तहत हो रहे कार्यों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्त्ता पवन कुमार मण्डल, एसडीओ मुमताज अंसारी, एसडीओ सिमरिया सुधीर कुमार दास, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला नजारत उप समाहर्ता अमरदीप बलहोत्रा, समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

### सुखाड़ को लेकर किसान सभा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**चंदवा।** किसान सभा के प्रमोद साहू एवं मोहम्मद अलाउद्दीन पप्पू ने उपायुक्त लातेहार से मिलकर सुखाड़ के सवाल पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। कहा कि पूरे जिले में वर्षा के अभाव में धान रोपनी का कार्य नहीं हुआ है जो पटवन के सहारे थोड़ा बहुत रोपणी का कार्य हुआ वह भी वर्षा के अभाव में मर रहा है। खेतों में दरार पड़ रहे हैं इस परिस्थिति में पूरा जिला सुखाड़ से जूझ रहा है इस सवाल को लेकर 5 अगस्त 2023 को चंदवा में एक किसान रैली किया गया था और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया था। अगर सुखाड़ क्षेत्र घोषित नहीं हुआ तो जिला समाहरणालय के समक्ष आंदोलन किया जाएगा।

### वर्चुअल माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया

# सदर अस्पताल में निश्चय मित्रों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा बुधवार को वर्चुअल माध्यम से आयुष्मान भवः अभियान का शुभारंभ किया गया। लोहरदगा जिला में उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता के नेतृत्व में लोहरदगा जिला के पदाधिकारीगण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के बारे में जिला के सिविल सर्जन डॉ राज मोहन खलखो ने बताया कि आयुष्मान भवः अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। प्रथम चरण में योग्य लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा




जिसमें सहिया, एएनएम और स्वास्थ्य पदाधिकारियों को लगाया जाएगा। इसके बाद दूसरे चरण में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर में आयुष्मान मेला आयोजित किया जाएगा। तीसरे चरण में 2 अक्टूबर को लोगों के बीच जाकर आयुष्मान सभाएं की जाएंगी। टीबी के मरीजों को गोद लिये जाने के लिए सक्षम लोगों को जागरूक किया जाएगा। लोगों को जागरूक किया जाएगा।

सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल और सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो ने कार्यक्रम में टीबी के दो-दो मरोजों को गोद लिया। इसके अलावा सदर अस्पताल की अस्पताल प्रबंधक, एकाउंट मैनेजर और जिला यक्ष्मा केंद्र के लैब तकनीशियन द्वारा 01-01 टीबी के मरीजों के गोद लिये जाने का निश्चय किया गया। वर्तमान में लोहरदगा जिला में टीबी के कुल 363 एक्टिव मरीज हैं जिसमें मात्र अब तक 83 मरीजों को ही गोद लिया गया था। आज सांसद प्रतिनिधि, सिविल सर्जन और अस्पताल के अन्य कर्मियों द्वारा कुल 07 मरीजों को गोद लिये जाने के निश्चत के उपरांत अब टीबी के मरीजों को गोद लिये जाने की संख्या जिला में 90 हो गई है। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज द्वारा 43 और अन्य समाजसेवियों द्वारा 40 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। सिविल सर्जन, लोहरदगा द्वारा सक्षम व संपन्न लोगों से अपील की गई है कि वे टीबी के चिन्हित मरीज को गोद लें। इसमें प्रत्येक माह 750 रुपए का खर्च एक मरीज पर आता है। पदाधिकारियों, चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को सिविल सर्जन द्वारा अंगदान की भी शपथ दिलायी गई। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सांसद प्रतिनिधि और सिविल सर्जन लोहरदगा द्वारा 11 निश्चय मित्रों को प्रशस्ति पत्र व बैज देकर सम्मानित किया गया। जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, डीपीएम नाजिश अख्तर, एपेडिमियो लॉजिस्ट प्रशांत चौहान, डीडीएम जाहिद समेत बड़ी संख्या में चिकित्साकर्मी व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## पोषण माह के अंतर्गत कई कार्यक्रम हुए आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पोषण माह अंतर्गत कार्यक्रम में सभी आंगनबाड़ी क्षेत्र में गांव के लोगों ने मिलकर पोषण पर चर्चा पोषण शपथ, पोषण रैली तथा अपने सभी जलाशयों को साफ-सुथरा करने का कार्य किया। पोषण चर्चा के दौरान उन्होंने अपने क्षेत्र में जो भी बच्चे कुपोषित हैं, उनके माता-पिता को जरूरी जानकारियां दी गईं तथा साथ ही अपने क्षेत्र में जो भी हरे पत्तेदार साग सब्जी इत्यादि उगाते हैं, उसका किस तरह से अच्छे से उपयोग किया जाए ताकि हमारे गांव क्षेत्र में बच्चे कुपोषित ना हो सके।पोषण शपथ के माध्यम से उन्होंने यह प्रण लिया कि हम जो भी बच्चे हमारे क्षेत्र में कुपोषित होंगे यह उन्हें हम जरूर से जरूर कुपोषण उपचार केंद्र भेजेंगे ताकि बच्चों के मानसिक और शारीरिक पूर्ण रूप से विकास हो सके। कार्यक्रम में क्षेत्र के जलाशय, कुआं, नलकूपों के आसपास सफाई अभियान चलाया गया।

## संक्षिप्त

### आर्म्स एक्ट के आरोपी के घर चिपका इश्तेहार



**सेन्हा।** आर्म्स एक्ट के आरोप पर व्यवहार न्यायालय गुमला से जारी इश्तेहार के आलोक में सेन्हा पुलिस द्वारा गढ़गांव स्थित आरोपी के घर में इश्तेहार चिपकाया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के चंदवा गढ़गांव निवासी गंदुर उरांव के पुत्र अमित उरांव के घर इश्तेहार चिपका कर सेन्हा थाना पुलिस ने आत्मसमर्पण के लिये चेतावनी दिया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि घाघरा थाना कांड के प्राथमिक अभियुक्त अमित उरांव लंबे समय से फरार चल रहा है, जिसके विरुद्ध व्यवहार न्यायालय गुमला में मामला लंबित है। गढ़गांव निवासी गंदुर उरांव के पुत्र अमित उरांव के घर इश्तेहार तामीला के लिए शस्त्र बल के साथ पहुंचा तो आर्म्स एक्ट में संलिप्त आरोपी को फरारा पाया जिसके उपरांत घर के दीवार पर इश्तेहार चिपका कर आत्मसमपर्ण करवाने के लिये परिजनों को निर्देश दिया गया।

### कैरो में मेरी-माटी मेरा देश कार्यक्रम चला

**कैरो।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष लखन उरांव अजजा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव जिला कार्यसमिति सदस्य बिशेसवर प्रसाद दिन पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो के नेतृत्व मे मंडल के नरौली पंचायत व गजनी पंचायत के सभी ग्राम तथा सभी बूथ में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में मिट्टी तथा चावल संग्रह किया गया। कार्यक्रम में दिलीप सिंह मनिदर शाह रामबुझावन गुप्ता सुगेंद्र शाह राम सिंह मुरारी सिंह कामख्या नारायण शाह विजय लोहरा गोबिंद महतो कारू महतो इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विद्या मंदिर में नेत्र जांच शिविर आयोजित

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में बुधवार को शार्प साइट आई हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय में औजूद सभी के नेत्र जांच हुए। शार्प साइट आई हॉस्पिटल की ओर से डा. प्रदीप ने सबका जांच किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने कहा की आजकल सभी उम्र के लोगो में आंख की समस्या देखने को मिलती इस तरह के आयोजन से बहुत से लोग जो बड़े शहरों में नहीं जा पाते उनलोगो के लिए ये वरदान साबित होगा। मौके पर विद्यालय के देवा उरांव,विनोद गोप,रीता यादव, शांति नाग, गणेश साहू, नारायण कुमार, रामधारी साहू,प्रभा कुमारी,देवांति साहू, पूजा कुमारी, रूपा देवी कमला कुमारी के साथ साथ विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी उपस्थित थें।

### निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर कल लगेगा

**लोहरदगा।** कोर्ट रोड स्थित गौतम नर्सिंग होम, लोहरदगा के सौजन्य से झारखण्ड राज्य के दो वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों डॉ० विकास केशरी (वरिष्ठ हार्ट सर्जन) व डॉ० साकेत सोनी (वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट) की टीम लोहरदगा आ रही है। 15 सितंबर को गौतम नर्सिंग होम में दोनों हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर निःशुल्क जांच करेंगे। कोई भी मरीज जिन्हें सीने में दर्द, साँस फूलना, पैरों में सूजन, चक्कर बेहोशी, दिल की तेज घड़कन, दिल की नसों में रुकावट, जन्मजात हृदय रोग, हार्ट में छेद, हार्ट वाल्व की बीमारी, इको, एंजियोग्राफी, इंजियोप्लेस्टी, बाईपास ऑपरेशन, हार्ट वाल्व ऑपरेशन, हार्ट में छेद का ऑपरेशन, छोटे चीरे से हार्ट का ऑपरेशन की समस्या है वे शिविर में आकर स्वास्थ्य लाभ ले सकते हैं । इस जांच शिविर में बच्चों के हृदय रोग जैसे दिल में छेद, बच्चों का बार बार नीला होना, हृदय की मोटी नली में सिकुड़न, बाल्य में सिकुड़न, जनमजात हृदय विकार जैसे आदि रोगों का भी जांच किया जाएगा। शिविर में ईसीजी, शुगर , बी.पी., लिपिड प्रोफाईल, एचबीए 1 सी आदि की जांच मुफ्त में किया जाएगा।

### 18 को लोहरदगा आएंगे श्रम मंत्री भोक्ता

**लोहरदगा।** सत्यानंद भोक्ता, मंत्री, श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड-सह-प्रभारी मंत्री, लोहरदगा जिला की अध्यक्षता में दिनांक 18.09.2023 को 11 बजे पूर्वाहन से जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, लोहरदगा एवं तत्पश्चात जिला योजना समिति, लोहरदगा की बैठक जिला परिषद स्थित, सभागार में आयोजित होगी। प्रभारी मंत्री द्वारा राज्यस्तरीय निधि से क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन एवं परिसंपत्ति वितरण भी किया जाएगा।

### स्वास्थ्य मेला को लेकर बैठक आयोजित

**लोहरदगा।** 15 सितंबर को प्रखंड स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रांगण में किया जाएगा। मेला को ले योजना समिति की बैठक बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय निगरानी कमिटी की बैठक में बीडीओ ने कहा कि आगामी 15 सितंबर को स्वास्थ्य मेला का आयोजन प्रखंड सह अंचल कार्यालय सदर के प्रांगण में करने का निर्णय लिया गया। जिसमें मलेरिया,आंख,रक्त चाप जांच, टीबी,आयुष्मान कार्ड,आभा कार्ड,एड्स,दंत चिकित्सा,कुष्ठ, दवा वितरण सहित सभी प्रकार की बीमारी जांच एवं परामर्श हेतु चिकित्सक को बैठने तथा अलग अलग समस्याओं का निदान के लिए 12 स्टॉल लगाया जाएगा। मौके पर बीडीओ प्रतिभा कुजूर, प्रभारीडॉ0 शंकर प्रसाद, बीईईओ राम जीवन नायक, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रतिनिधि श्वेता केशरी एवं कुमारी गीता रानी, प्रखंड लेखा प्रबंधक जावेद हसन,प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक अमित कुमार,प्रखंड डाटा प्रबंधक नवीन प्रकाश एम टी एस इंचार्ज मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

### जिप उपाध्यक्ष व सदस्य ने किया निरीक्षण, निर्माण कार्य कराया बंद

# कुसुमडिपा में उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में बरती जा रही है अनियमितता

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
जिले के भंडरा प्रखंड अंतर्गत भौंरो मलंग टोली के नाम पर मलंग टोली से पांच किलोमीटर दूर बलसोता कुसुम डिपा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण बुधवार को जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव एवं जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव ने किया है। इस दौरान कुसुमडिपा में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में काफी अनियमितता देखने को मिली है। निरीक्षण के दौरान जिला परिषद उपाध्यक्ष विनोद उरांव ने कहा कि ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल लोहरदगा द्वारा 55 लाख रुपये की लागत से योजना का क्रियान्वयन भंडरा प्रखंड के मलंग टोली में किया जाना था। इससे भंडरा प्रखंड के मलंगटोली गांव सहित सीमांत के गुमला जिले के भी कई गांव के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलता,



परंतु मलंग टोली से छह किलोमीटर दूर योजना का क्रियान्वयन ठीक नहीं है। साथ ही उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा काफी अनियमितता बरती गई है। उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य में फाउंडेशन से टाइबिम तक ईंट जोड़ाई का कार्य करना है, परंतु ईंट जोड़ाई का कार्य नहीं किया गया। इसके अलावे सेप्टी टैंक में लाल ब्रिक्स लगाना है, परंतु घटिया फ्लाइएस ईंट का प्रयोग किया गया है। साथ ही छड़ भी निम्न स्तर का प्रयोग किया जा रहा है। इसकी जानकारी उपायुक्त डाक्टर कृष्ण प्रसाद बाघमारे को देने के बाद जिला परिषद की बैठक में रखा जाएगा। इस दौरान उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य को बंद रखने का निर्देश दिया है।

## सांसद भगत ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र

**लोहरदगा।** सांसद सुदर्शन भगत द्वारा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री को पत्र लिखकर अपने पूरे संसदीय क्षेत्र के सभी प्रखंडों में आयुष्मान योजना के चारों चरणों करवाने हेतु आग्रह किया गया है। सुदर्शन भगत ने कहा कि मेरा संसदीय क्षेत्र ग्रामीण अंचल वाला, जनजातीय बहुल क्षेत्र हैं। यहां अच्छी स्वास्थ्य सेवाओं का आभाव है, अतः आयुष्मान कार्ड अधिकतम लोगों का बनना अत्यंत आवश्यक है । साथ ही उसके सदुपयोग की पर्याप्त जानकारी होना अत्यंत जरूरी है। मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है, मेरे संसदीय क्षेत्र के गुमला एवं लोहरदगा जिले सहित रांची जिले के मांडर विधानसभा के सभी प्रखंडों मां इस महा अभियान की सघन उपस्थति सुनिश्चित करने की कृपा करें। तभी इसके क्रियान्वयन से अधिकतम लोग लाभान्वित हो सकेंगे। अतः आयुष्मान आपके द्वार, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम/वार्ड एवं आयुष्मान मेला करवाए जाने का प्रावधान है। यह सब प्रक्रिया होने से समस्त क्षेत्रवासी आयुष्मान योजना का लाभ के सकेंगे।

## एनएसयूआई की टीम ने एसपी हारिश जमां से की शिष्टाचार भेंट

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में लोहरदगा के नवनियुक्त एसपी हारिश बिन जमां से शिष्टाचार मुलाकात की। इधर एसपी से शिष्टाचार भेंट में छात्र संगठन के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा एसपी हारिश बिन जमां को पुष्पगुछ तथा अंगवस्त्र देकर पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। साथ ही साथ पूरे टीम की ओर से एसपी महोदय को जिला में नए पदभार ग्रहण करने की शुभकामनाएं दी तथा जिला में आपसी सौहार्द, छात्राओं की सुरक्षा एवं यातायात के समय हेलमेट जैसे सुरक्षा कवच को हमेशा साथ ले चलने की सतर्कता पर चर्चा हुई। मौके पर एसपी महोदय हरिस बिन जमां सर कहा कि पूरे जिले में साफ - सुथरा तथा शांतिमय वातावरण स्थापित करने में मेरी ईमानदारी से भूमिका होगी।



जिले में नशा - पान, जुआ, लड़कियों पर हो रहे तेजी से अत्याचार तथा आपराधिक मामलों पर नियंत्रण हेतु विशेष ध्यान रहेगी। विद्यार्थी खुद की सुरक्षा को मध्य नजर में रखते हैं वह हेलमेट पहन कर वाहन चलाएं जिससे कि आप भी सुरक्षित हो और आपका परिवार भी सुरक्षित हो। मौके पर विनय उरांव ने भी विश्वास दिलाते हुए कहा कि ऐसे जनकल्याणकारी नियमों और निदेर्शों का हम सभी विद्यार्थीगण भी अनुपालन करेंगे और लोगों को प्रेरित करेंगे। मौके पर एनएसयूआई जिला सह सचिव आतिश मुंजनी, मीडिया प्रभारी शुभम सहदेव, लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष संजय उरांव, भंडारा प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार, उपाध्यक्ष संतोष कुमार, सेन्हा प्रखंड सचिव रंजीता कुमारी, महासचिव सूरज उरांव, सक्रिय सदस्य ईशा रानी, विनीता कुमारी, कादिर हुसैन आदि विद्यार्थीगण मौजूद थे।

## वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में वार्ड सदस्यों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का प्रथम चरण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में प्रखंड क्षेत्र के 4 पंचायत झलजमीरा, चितरी डाँडू, उगरा, सेरेंगहातु तोड़ार से 52 वार्ड सदस्य उपस्थित थे.प्रशिक्षण के दौरान बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा के द्वारा वार्ड सदस्यों का कार्य व अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया था तथा सभी वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण का महत्व तथा पंचायत के विकास में वार्ड सदस्यों की भूमिका को बताया गया। वहीं तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में सभी वार्ड सदस्यों को नियमित भाग लेकर प्रशिक्षण का लाभ उठाया। गुरुव से द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक शिविर आयोजित किया जायेगा।

वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मिलने से पंचायतों का सर्वांगीण विकास होगा.प्रशिक्षक के लिये प्रदान संस्था से चयनित मास्टर ट्रेनर गोल्डन



राज,रामस्वारथ महतो और विनीता टोप्पो द्वारा मॉड्यूल के अनुसार निर्धारित सत्र-वार प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें वार्ड सदस्यों से उनका अपेक्षा समझा कर वार्ड सदस्यों का पंचायत में भूमिका, ग्राम पंचायत नियमावली और ग्राम सभा से संबंधित विषयों पर जानकारी प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के क्रम में अलग-अलग सत्र के दौरान वीडियो तथा रोल प्ले के माध्यम से पूरा प्रशिक्षण कार्यक्रम को दिखाया और बताया गया। प्रशिक्षण सत्र में वार्ड सदस्यों ने रोल प्ले में अधिक रुचि के साथ भाग लिया और इसके माध्यम से सबहक सदस्यों ने ग्रामीण विकास के कई बिंदुओं को समझने में रुचि दिखाया। मौके पर सुनीता उराँव, सधनु लोहरा, कर्म दयाल उराँव,सुषमा उराँव रामदास गोस्वामी, बलमदीना, सुनीता देवी, विणा उराँव, किशोर साहू,लक्ष्मी कुमारी, पंकज उराँव, परमेन्द्र वंदना देवी आदि सदस्य उपस्थित थे।

### आयोजन | भंडरा में प्रकृति पर्व करमा की तैयारी जोरों पर

# खूब बिक रहे हैं ढोल और मांदर

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड मे प्रकृति पर्व करमा हर्षोल्लासपूर्वक मनाये को लेकर आदिवासी समुदाय तैयारी शुरू कर चुके हैं। अखड़ा की विशेष साज-सज्जा को लेकर बैठकों का दौर जारी है। इधर कर्मा को लेकर विभिन्न हाट बाजारों मे ढोल मंदार की बिक्री जोर से चल रही है। भंडरा पहान बुधराम उरांव ने बताया की कर्मा पर्व 25 सितंबर को मनाया जायेगा। उन्होंने बताया की कर्मा मे कुंआरी कन्याएं दिनभर का व्रत रखकर करम देव की पूजा अर्चना करती है। करमदेव से अपने भाई की सुख-समृद्धि की कामना कर अच्छे वर व सफल दांपत्य जीवन की प्रार्थना करेंगी। संध्या में नवयुवक की टोली करम डाली लायेंगे। अखड़ा में करम डाली स्थापित करने के बाद पाहन पूजा



करायंगे। क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए लाल मुर्गे की बलि दी जाएगी। करम-धरम की कथा सुनायेंगे। पूजा के बाद रात भर अखड़ा में नृत्य संगीत का दौर चलेगा। पहान ने कहा की आज समाज में ईर्ष्या-द्वेष काफी बढ़ गया है। सामूहिकता का भाव घटता जा रहा है। समाज की चिंता के बजाय खुद की तरक्की व आयोजन हावी है। इसका समाज में नकारात्मक भाव पैदा हो रहा है। करमा पूजा में शामिल हों तो कथा जरूर सुने। कथा सुनकर उसको अपने व्यक्तिगत जीवन में भी उतारें। करमा पूजा पर सामूहिकता, सौहार्द्र और समाज हित को सर्वोपरी रखकर जीवन जीने का संकल्प लें।

## घाघरा में आयुष्मान भव कार्यक्रम को लेकर बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में आयुष्मान भव कार्यक्रम को लेकर डॉ ए के एक्का की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर एवं अंगदान के लिए शपथ लेकर किया गया। बैठक में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले आयुष्मान भव कार्यक्रम की जानकारी अस्पताल प्रबंधन समिति के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों को दी गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों को डॉ अरविंद कुशल एक्का ने बताया कि सरकार की ओर से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक करने के लिए आयुष्मान भवः अभियान चलाया जाएगा। इसमें स्वास्थ्य मेले आयोजित होंगे। मेलों में संचारी रोग, टीबी आदि रोगों के बारे में स्वास्थ्यकर्मी लोगों को जागरूक करेंगे। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से सीएचसी एवं एच डब्ल्यू सी सहित ग्राम स्तर पर आयुष्मान मेले लगेंगे। प्रथम सप्ताह में संचारी रोग, द्वितीय सप्ताह में टीबी, कुष्ठ, संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया जाएगा। इसके बाद तृतीय सप्ताह में मातृ एवं बाल स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित जानकारी मरीजों को देंगे।कार्यक्रम के तहत आयोजित होंगी आयुष्मान सभा स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए गांव, वार्ड में दो अक्तूबर को आयुष्मान सभा आयोजित होगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख सविता देवी, सांसद प्रतिनिधि अनिल प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि संजू उरांव ,मुखिया योगेंद्र भगत, प्रखंड विकास पदाधिकारी दिनेश कुमार, अंचल अधिकारी प्रणव ऋतुराज, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव ए चौबे ,बीपीएम ज्ञान रंजन ,बीटीटी सीमा देवी, पारस साहू मौजूद थे।


# एचएसबीसी ने निवेशकों के लिए शुरू किया नया डिजिटल अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने एक डिजिटल निवेशक शिक्षा अभियान एसआईपी है फायदे वाली आदत का आरंभ किया है, जो दीर्घ कालिन वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में एसआईपी की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रमुखता से प्रदर्शित करता है। अपनी तरह के इस पहले अनूठे अभियान का लक्ष्य है भारत में 27 से 35 वर्ष के बीच की आयु के मिलेनियल निवेशकों को शिक्षित और सक्षम करना। लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए एचएसबीसी असेट मैनेजमेंट कंपनी (इंडिया) प्रा. लि. के सीईओ कैलाश कुलकर्णी ने कहा कि एसआईपी है फायदे वाली आदत एसआईपी को एक आदत के रूप में प्रस्तुत करता है, जो सकारात्मक दिनचर्या के लाभ की झलक दिखाता है, और जानकारी से परिपूर्ण तथा आत्मविश्वास से भरपूर मिलेनियल निवेशकों की पीढ़ी को बल देता है। इस उपक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य है दो महत्वपूर्ण संदेश प्रसारित करना. पहला है, एसआईपी एक निवेश से भी बढ़कर है। यह एक व्यवस्थित आदत है जो मिलेनियल्स को तात्कालिक और दीर्घ कालिक दोनों लक्ष्यों के लिए नियमित रूप से निवेश करने में सक्षम बनाती है। दूसरा, हम एसआईपी द्वारा प्रदान किए जानेवाले निवेश में आसानी और चक्रवृद्धि की शक्ति पर बल दे रहे हैं।

### ताइवान के सुरक्षा जोन में चीन ने फिर की घुसपैठ

# हवाई क्षेत्र में 28 लड़ाकू विमानों ने भरी उड़ान



**एजेंसी। बीजिंग**
चीन का ताइवान के प्रति आक्रामक रवैया दिन ब दिन उग्र रूप धारण करता जा रहा है। यही वजह है कि आए दिन ताइवान के सुरक्षा जोन ᠆ में घुसपैठ की कोशिश करता रहता है। ताइवान काफी बार चीन के इस रवैये का विरोध जता चुका है ।ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि बुधवार को चीन ने एक बार फिर ताइवान में घुसपैठ की कोशिश की। ताइवानी रक्षा मंत्रालय के अनुसार बुधवार सुबह अपने वायु रक्षा क्षेत्र में 28 चीनी वायु सेना के विमानों को देखा गया। ताइवान रक्षा मंत्रालय के अनुसार, स्थानीय समयानुसार मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे चीनी लड़ाकू विमान द्वीप के दक्षिण-पश्चिम कोने में वायु रक्षा पहचान क्षेत्र और अउक्के में दिखाई दिए ।मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि कुछ चीनी विमानों ने प्रशांत क्षेत्र में चीनी विमानवाहक पोत शेडोंग के साथ अभ्यास करने के लिए बाशी चैनल को पार किया ।मंत्रालय ने आगे कहा कि ताइवान की सेनाओं ने स्थिति की निगरानी की, जिसमें अपने स्वयं के वायु सेना के विमानों को भेजना और वायु रक्षा प्रणालियों को सक्रिय करना शामिल है। बता दें कि लोकतांत्रिक रूप से शासित ताइवान को चीन हमेशा से अपने क्षेत्र के रूप में देखता है। हाल के वर्षों में ताइवान ने द्वीप के पास चीनी सैन्य गतिविधियों में वृद्धि की शिकायत की है। बीजिंग बार-बार इस क्षेत्र पर अपनी संप्रभुता के दावों पर जोर देना चाहता है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना।
(गुमशुदा महिला सबुचनी देवी, उम्र करीब 48 वर्ष)



भवनाथपुर थाना सनहा सं0–22/2023, दिनांक–01.09.2023 में गुमशुदा महिला सबुचनी देवी, उम्र करीब 48 वर्ष, पति–महेन्द्र कोरवा, सा0–अरसली (उतरी), थाना–भवनाथपुर, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। जो दिनांक–19.08.2023 को सुबह में आधार कार्ड लेकर टावनसीप भवनाथपुर जाने के लिये कह कर घर से निकलकर कही चली गयी है, जो अभी तक घर वापस नहीं आयी है। इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि गुमशुदा महिला सबुचनी देवी के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:–
नाम– सबुचनी देवी, उम्र–48 वर्ष, पति–महेन्द्र कोरवा, सा0–अरसली उत्तरी, रंग– सावला, लम्बाई– लगभग 5 फीट, पहनावा– उजला, नीला रंग का, बलाउज–काला रंग का।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.306911 Police(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा
Email Id- eengbcdgarhwa-jhr@nic.in /

पत्रांक–......................दिनांक–..............................

–:निविदा स्थगित सूचना पत्र:–

एत्द द्वारा भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड में निबंधित संवेदको को सूचित किया जाता है कि सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के PR No305772 (Building) (23-24D) से प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना जिसका परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि 22.09.2023 एवं निविदा प्राप्ति की तिथि 23.09.2023 है को अपरिहार्य कारण से स्थगित किया जाता है। निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 306830 Building (23-24)D


### बाइडेन के खिलाफ महाभियोग की जांच शुरू

# बेटे को बिजनेस में फायदा पहुंचाने का आरोप



**एजेंसी। वॉशिंगटन**
अमेरिका में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स के स्पीकर और रिपब्लिकन पार्टी के नेता केविन मैक्कार्थी ने राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू कर दी है। रॉयटर्स के मुताबिक बाइडेन पर उप-राष्ट्रपति रहते हुए 2009-17 के बीच अपने बेटे हंटर को बिजनेस डील्स में फायदा पहुंचाने के आरोप लगे हैं। अब इसके लिए हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में औपचारिक प्रस्ताव लाया जाएगा। मैक्कार्थी ने बताया कि रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने कई फोन कॉल्स, मनी ट्रांसफर और दूसरी गतिविधियों से जुड़े सबूत दिए हैं। इनसे बाइडेन परिवार के भ्रष्टाचार में शामिल होने के संकेत मिलते हैं। हालांकि, इसमें बाइडेन खुद शामिल थे या नहीं, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।
बाइडेन के खिलाफ जांच यूक्रेन में हंटर बिडेन के व्यापारिक सौदों पर केंद्रित होगी। रिपब्लिकन पार्टी इस साल की शुरूआत से मामले में सबूत जुटाने की कोशिश कर रही है। रॉयटर्स के मुताबिक, 2020 में सीनेट की जांच और इस साल रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं की तरफ से की गई छानबीन में बाइडेन के खिलाफ सबूत नहीं मिले थे। इस पर हाउस स्पीकर मैक्कार्थी ने कहा- हम उसी दिशा में बढ़ेंगे जहां सबूत हमें ले जाएंगे। 535 सदस्यों वाली प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के 222 सदस्य हैं। अमेरिका में अब तक महाभियोग के जरिए किसी भी राष्ट्रपति को हटाया नहीं गया है। अगर जांच पूरी होने पर बाइडेन दोषी पाए जाते हैं तो वो पहले अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे जिन्हें इस तरह पद को छोड़ना पड़ेगा। हंटर इल्फ़ पार्टनर्स (शंघाई) इन्वेस्टमेंट फंड मैनेजमेंट कंपनी के बोर्ड मेंबर रहे हैं जो एक चीनी कंपनी है। इसके अलावा हंटर बरिस्मा होल्डिंग्स लिमिटेड के भी बोर्ड मेंबर रहे हैं। यह यूक्रेन में नेचुरल गैस उत्पादन करने वाली कंपनियों में से एक है।


## कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा

निविदा मानक प्रणाली

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा द्वारा निविदा कार्य हेतु नियम एवं शर्त को कार्यालय नगर परिषद गढ़वा का ज्ञापांक 1711 दिनांक 12.09.2023 द्वारा स्वीकृत किया गया है। स्वीकृत नियम एवं शर्त को भविष्य में होने वाले अन्य सभी निविदा के लिये नियम एवं शर्त का अनुपालन करने हेतु अनुमोदन किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 306833 (Urban Development)23-24*D

## कार्यालय:- जिला पशुपालन पदाधिकारी,गुमला
शास्त्री नगर, गुमला, झारखण्ड-835207
Email- ahdgmla@gmail.com

''आम सूचना''

गुमला जिलान्तर्गत ''वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, रॉची से बिना निबंधित कराए अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्त्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे है वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre को विज्ञापन प्रकाशित होने के एक माह के अन्दर पंजीकरण हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal करवाना अनिवार्य है अन्यथा नियमानुसार उनपर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।''

जिला पशुपालन पदाधिकारी–सह–सदस्य सचिव,
जिला पशु क्रुरता निवारण समिति,गुमला

PR 306837 Animal Husbandry(23-24).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई–निविदा संख्या – 09/2023-24/RWD/GARHWAदिनांक – 12.09.2023

1.कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | JH-M-GAR-14/2023-24 | 1 | टी02 से गेरूआसोती से कोटमा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (3.75 कि0मी0) | 1485.063 | चौदह करोड़ पचासी लाख छः हजार तीन सौ रूपये। | 09 महीना |
| | रमकण्डा | | 2 | एल021 सबने से चपरी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.85 कि0मी0) | | | |
| | रमकण्डा | | 3 | एल031 उदयपुर से पुनदाग तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.46 कि0मी0) | | | |
| | मेराल | | 4 | एल054–टी04 से अधौरी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.20 कि0मी0) | | | |
| | रमकण्डा | | 5 | रंका रमकण्डा पी0डब्ल्यु0डी0 पथ केरवा से गासेदाग च्वे पथ भाया कुटी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.02 कि0मी0) | | | |
| 2 | रंका | JH-M-GAR-15/2023-24 | 1 | एन0एच0–343 सिकरदाहा से जोलंगा (बाहाहारा स्कूल) तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (17.25 कि0मी0) | 1270.031 | बारह करोड़ सत्तर लाख तीन हजार एक सौ रूपये। | 09 महीना |
| | रंका | | 2 | रंका खपरो मुख्य पथ से आदर्श नगर होते हुए छात्रावास श्मशान घाट सेवाडीह मुख्य पथ तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (4.50 कि0मी0) | | | |
| 3 | रमकण्डा | JH-M-GAR-16/2023-24 | 1 | चुटिया बलीगढ़ पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ दुर्जन से रमकण्डा भण्डरिया पी0डब्लू0डी0 पथ बैरिया भाया बरवा तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (14.24 कि0मी0) | 1391.679 | तेरह करोड़ एकानबे लाख सड़सठ हजार नौ सौ रूपये। | 09 महीना |
| | मेराल | | 2 | एल028 से बोकेया तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.215 कि0मी0) | | | |
| 4 | रंका | JH-M-GAR-17/2023-24 | 1 | टी04 चिनियां खुथवा मोड़ पी0डब्लू0डी0 रोड बान्दु से दुधवल कनहर नदी तक पथ सुदृढ़ीकरण कार्य। (18.48 कि0मी0) | 1461.723 | चौदह करोड़ एकसठ लाख बहत्तर हजार तीन सौ रूपये। | 09 महीना |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 20.09.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 30.09.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रा0का0वि0, झारखण्ड, रॉंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक 03.10.2023 अपराह्न 03:30 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 306874 Rural Work Department(23-24)D


### वेस्ट बैंक में गोलीबारी में दो इजरायली घायल

**रामल्लाह।** फिलिस्तीनी और इजरायली सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, वेस्ट बैंक में एक फिलिस्तीनी बंदूकधारी द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम दो इजरायली घायल हो गए। रिपोर्ट के अनुसार, हमला मंगलवार को नब्लस शहर के हुवारा गांव में हुआ। इजराइल की मैगन डेविड एडोम आपातकालीन चिकित्सा सेवा ने कहा कि जब बंदूकधारी ने उनके वाहन पर गोलीबारी की तो दोनों इजराइली पीड़ित, जो 30 साल के थे, कांच के टुकड़ों से घायल हो गए। मैगन डेविड एडोम ने कहा, उनका घटनास्थल पर ही इलाज किया गया और उन्हें कोई खतरा नहीं है। इजरायली मीडिया आउटलेट्स ने बताया कि बंदूकधारी एक वाहन में घटनास्थल से भाग गया, जबकि फिलिस्तीनी सूत्रों ने पुष्टि की कि इजरायली सेना ने गोलीबारी के बाद हुवारा गांव में सेना तैनात कर दी और नब्लस में चौकियों को बंद कर दिया। गाजा के शासक इस्लामिक रेजिस्टेंस मूवमेंट (हमास) ने गोलीबारी की प्रशंसा की।


## पलामू समाहरणालय

प्रपत्र VII
राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग
(जिला भू–अर्जन शाखा)
अधिघोषणा
(अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या :–563(A)/भू0अ0, पलामू, दिनांक :–12.09.2023

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–**गढ़वा रोड़ रेलवे स्टेशन पर ROR निर्माण** हेतु ग्राम–**सबौना**, थाना–**रेहला**, थाना सं0–**43**, अंचल–**विश्रामपुर**, जिला–**पलामू** में कुल कमोवेश **0.825 एकड़** यानि **0.3338 हे0** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक मान से कमोवेश **0.825 एकड़** यानि **0.3338 हे0** है और जो ग्राम–**सबौना**, थाना–**रेहला**, थाना सं0–**43**, अंचल–**विश्रामपुर**, जिला–**पलामू** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 53 | 52 | रैयती | टांड़ 2 | 0.100 | यतेन्द्र कुमार मिश्र, सुरेन्द्र कुमार मिश्र पिता नन्दगोपाल मिश्र | 71P | 52P | 52P | 52P |
| 2 | 31 | 309 | रैयती | टांड़ 2 | 0.160 | यतेन्द्र कुमार मिश्र, सुरेन्द्र कुमार मिश्र पिता नन्दगोपाल मिश्र | 309P | 309P | 319 | 339 |
| 3 | 27 | 310 | रैयती | टांड़ 2 | 0.550 | (1) महाबीर राम पिता सेवक राम, देवमतिया पति भिखारी राम, मनोज राम पिता बैजनाथ राम, संदीप, सुदर्शन, सुग्रीव वो नन्दु राम पिता मंगरू राम, शर्मा राम, विनोद राम पिता बुधुराम (2) धनवंती देवी पति सुरेश पाल, नरेश पाल, कमेश पाल पिता राजदेव पाल | 310P | 310P | 137 | 319 |
| 4 | 31 | 339 | रैयती | टांड़ 2 | 0.015 | सुरेन्द्र, यतेन्द्र वो संजय कुमार मिश्र पिता नन्दगोपाल मिश्र | 339P | 339P | 309P | रेलवे |
| | कुल रकबा :– | | | | 0.825 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–
ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.............. क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़..............×.............. यानि..............×.............. हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

कानुनगो, जिला भू–अर्जन कार्या0, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, पलामू। | उपायुक्त, पलामू।

PR 306840 District(23-24).D

## कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।
दूरभाष (मो0) सं0–8987263405 (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

सूचना

सभी एवार्डीयों/रैयतों को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) तक 4 लेन पथ निर्माण में भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है, जिसका 3G प्रकाशन के बाद संबंधित अंचलों के द्वारा भूमि धारण प्रमाण पत्र निर्गत कर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में जमा किया गया है। जिन रैयतों का भू–धारण प्रमाण पत्र जमा है वे अपना–अपना मुआवजा संबंधी कागजात जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में एक सप्ताह के अन्दर जमा करें, जिससे भुगतान की कार्रवाई की जा सके।

सूचना प्रकाशित होने के पश्चात् भी अगर आपके द्वारा मुआवजा भुगतान हेतु कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो समझा जाएगा कि आपके द्वारा कोई अभिरूचि नहीं ली जा रही है। वाध्य होकर मुआवजे की राशि L.A. कोर्ट में जमा कर दी जाएगी।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय के मुहर के माध्यम से निर्गत किया गया है।
इसे सख्त ताकिद जानें।

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पलामू।

PR 306831 Palamu(23-24)D

## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला
कचहरी परिसर, गुमला पिन : 835207
*Email ID :- rmsagumla@gmail.com*

अत्यावश्यक सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली में दायर अवमाननावाद संख्या 612/2022 में दिनांक 15.12.2023 को पारित अन्तिम न्यायादेश के आलोक में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रांची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के तहत् अनुसूचित जिलों में नियुक्ति हेतु **35 (पूर्व के काउन्सेलिंग में अनुपस्थित अभ्यर्थी) + 12 (नवचयनित अभ्यर्थी)** लम्बित विभिन्न विषयों के अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची मूल फोल्डर के साथ निदेशक (मा.शि.), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, रांची के पत्रांक 1286, 1287, दिनांक 27.04.2023, पत्रांक 1308 दिनांक 28.04.2023, पत्रांक 1321, 1322 दिनांक 04.05.2023, पत्रांक 1354, 1355 दिनांक 09.05.2023, पत्रांक 1013 दिनांक 31.01.2023, पत्रांक 1893 दिनांक 11.07.2023, पत्रांक 1969 दिनांक 18.07.2023 एवं पत्रांक 2368 दिनांक 23.08.2023 द्वारा प्राप्त हुई है।

उक्त के आलोक में अनुशंसित सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति एवं पदस्थापन के पूर्व उनके शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्रों की जांच/काउन्सेलिंग हेतु **दिनांक 16.09.2023** के **पूर्वाह्न 10:00 बजे** से जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय (कचहरी परिसर, गुमला) में आयोजित की गयी है।

अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आप अपने शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक/आवासीय/जाति प्रमाण पत्र मूल प्रति, दो सेट स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति, चार फोटो, आधार कार्ड की मूल एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ उक्त निर्धारित तिथि व स्थल पर ससमय निश्चित रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला।

PR 306870 (Jharkhand Education Project Council) 23-24 (D)

## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, गढ़वा
(जिला समाजकल्याण शाखा)
awc12.monitoring@gmail.com

अल्पकालीन निविदा

वित्तीय वर्ष 2023–24 में समाज कल्याण विभाग द्वारा गढ़वा जिला में संचालित 1330 ऑगनबाड़ी केन्दों में निबंधित 03–06 वर्ष के बच्चों का गर्म पोशाक (Winter Uniform Hoodie) का क्रय/आपूर्ति निर्धारित दर पर प्राप्त करने हेतु आपूर्तिकर्ता के चयन के निमित मुहरबन्द निविदा दिनांक–04.10.2023 को अपराह्न 01:00 बजे तक जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा कराने हेतु प्राप्त आवंटन से गढ़वा जिला अन्तर्गत 9 परियोजनाओ मे आपूर्ति हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ता/संस्थान/निर्माता से मुहरबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा को 04.10.2023 को अप0 03:00 बजे जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के समक्ष गढ़वा समाहरणालय के सभाकक्ष में खोला जाएगा जिसमें निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि अपने गर्म पोशाक (Winter Uniform Hoodie) के नमूने के साथ भाग लेगे ।

–: सामग्री का विवरण :–

| सामग्री का नाम | विशेष विवरणी/Specification | | दर |
|---|---|---|---|
| गर्मपोशाक Winter Uniform Hoodie 03–06 वर्ष के बच्चो के लिए | Sweater Quality | Unisex | प्रति गर्म पोशाक Winter Uniform Hoodie 200 से अधिक नही होना चाहिए। सभी दर कर/GST सहित |
| | Colour | Maroon | |
| | Material (Blend Composition) | Acrylic-100%(±2) | |
| | Yarn | High bulk Yarn | |
| | Neck Type | Hoodie | |
| | Sleeve | Full regular sleeve | |
| | Weight | 225 gm & above | |
| | Shrinkage or elongation on Washing (Max) | 4% Better | |
| | Colour Fastness to Light | 4% Better | |
| | Colour Fastness to Washing | Change in colour 3 or Better Stain on Adajacent Fabric 3 or Better | |

अतः इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता अधोहस्ताक्षरी को संबोधित निविदा तकनीकि बीड़ एवं वित्तिय बीड़ अलग–अलग सीलबंद लिफाफे में जिला समाज कल्याण कार्यालय,गढ़वा मे दिनांक–04.10.2023–के अपराहन 01:00 बजे तक हाथो–हाथ/निबंधित ड़ाक या स्पीड़ पोष्ट के माध्यम से जमा कर सकते है।

नोट:–उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचनापट एवं गढ़वा जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, गढ़वा। | उप विकास आयुक्त, गढ़वा । | उपायुक्त, गढ़वा।

PR.NO.306920 Welfare(23-24):D

# गलती से सबक लें

*झारखंड* के हजारीबाग में प्रमंडलीय रोजगार मेला में 11,850 चयनित युवाओं को ऑफर लेटर मिलना यह दर्शाता है कि सरकार आने वाले दिनों में बेरोगार युवाओं को उनका हक देने के लिए तैयार है। इसी संदर्भ में संसदीय कार्य सह ग्रामीण विकास मंत्री का यह कहना कि युवाओं को रोजगार देना सरकार का लक्ष्य है। यह अच्छी परंपरा है,आने वाले दिनों में सरकार का यह प्रयास शुभ संकेत है। बस जरूरत है कि वह विपक्ष के बहकावे नहीं आवे। कारण यह देखा जाता है कि उकसाने की नियत से विपक्ष कोई बयान देता है,और सत्ता पक्ष उसी के पालने में झूलने को विवश हो जाता है। यह गलत परंपरा है। इससे सरकार को बचने की जरूरत है। हाल के दिनों में देखा जा रहा है कि झारखंड सरकार तमाम चुनौतियों के बीच राज्य को मजबूती देने का काम कर रही है । मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर देने का कार्य जारी है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर युवा व्यवसाय कर रहे हैं। बिरसा हरित ग्राम से सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था के साथ-साथ पर्यावरण की बेहतरी एवं लोागों को सम्पति का मालिक बनाने का कार्य जारी है। साथ ही अबुआ आवास से वंचितों को तीन कमरे का आवास योजना शुरू किया जा रहा है। अबुआ आवास योजना के तहत सात से आठ लाख लोगों को आवास उपलब्ध कराये जाने की जरूरत है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह अपने निकट के अधिकारियों पर भी पैनी नजर रखे। कारण यह देखा जा रहा है कि सरकार की बहुत सी योजनायें जमीन पर नहीं दिख रही हैं। कागजों पर काम राज्य की तरक्की में बाधक साबित हो रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण से शत प्रतिशत रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकार तत्परता के साथ कार्य कर रही है। लेकिन धरातल पर कुछ और दिख रहा है। इसके अलावा असंगठित क्षेत्र के लाखों प्रवासी मजदूरों के लिए घर में ही रोजगार की व्यवस्था सरकार ने किया है। प्रशिक्षण प्राप्त 40 हजार कुशल युवक-युवतियों को रोजगार दिया जा चुका है। सरकार के निर्णय ऐतिहासिक एवं विकासोन्मुखी रही है। साथ ही समाज के सभी वर्ग, समाज एवं परिवार की उन्नति तरक्की के लिए सरकार काम कर रही है। लेकिन यह सब दिखना चाहिए। हर तबके के लिए राज्य सरकार कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। सरकार की संवदेशनशलीता से राज्य की तरक्की के लिए प्रयत्नशील है। लेकिन सच्चाई और कुछ है। गठबंधन की सरकार संवेदनशीलता के साथ-साथ ऐतिहासिक निर्णय जिस प्रकार ले रही है वह दर्शाता है कि आने वाले दिनों में हेमंत सरकार के प्रति लोगों का रूझान और बढ़ेगा। इस बात से इनकार भी नहीं किया जा सकता है। बस जरूरत है कि सरकार गलती से सबक ले।

**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सरकार ने कई ऐसे निर्णय लिए हैं जो राज्य के विकास में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। कौशल प्रशिक्षण, राज्य के युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार से जुड़ने के नये अवसर देने का कार्य जारी है। सीएमईजीपी से स्वरोजगार के लिए ऋण पाकर युवा व्यवसाय कर रहे हैं।**

# भारत ने जी20 को आर्थिक सहयोग के एक 'प्रमुख मंच' के रूप में स्थापित किया


लक्ष्मी पुरी

*प्रधानमंत्री* मोदी के नेतृत्व में 20 वर्षों में एक बार मिलने वाली जी20 की इंडिया यानी भारत कीअध्यक्षता ऐतिहासिक मानी जायेगी। इस अध्यक्षता ने एक ऐसी अमिट छाप छोड़ी है जिसकी अनदेखी करना घरेलू और विदेशी आलोचकों के लिए भी कठिन होगा। भारत की भौतिक, सांस्कृतिक, सभ्यतागत भव्यता और इसकी आर्थिक, वैज्ञानिक व तकनीकी प्रगति एवं गतिशीलता पूरी तरह से परिलक्षित हुई। भारत की कूटनीतिक व सर्वसम्मति निर्माण कौशल और सबसे अधिक आबादी वाले एवं युवाओं की संख्या के मामले में सबसे समृद्ध तथा सबसे पुराने, सबसे बड़े एवं सबसे अधिक विविधता पूर्ण लोकतांत्रिक देश की हैसियत ने इस 'जनता के जी20' में इसकी अध्यक्षता को एक विशेष गरिमा प्रदान की। प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की असाधारण प्रतिबद्धता ने भारत को 'विश्वगुरु' और 'विश्वामित्र' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। भारत की यह छवि उच्चतम स्तर की भागीदारी और एक सार्थक दिल्ली घोषणा में दिखाई दी। यह परिधि से निकल कर वैश्विक आर्थिक निर्णय-प्रक्रिया के केन्द्र में पहुंचने की भारत की यात्रा का प्रतिनिधित्व करता है। भारत ने यह संकेत दिया कि वह उत्तर-दक्षिण सहयोग को बढ़ावा देने और संवाद में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इसकी सामाजिक न्याय की विशाल परियोजनाएं ग्लोबल साउथ के देशों में प्रतिकृति और विस्तार की दृष्टि सेमानक बनती हैं। तीव्र आर्थिक विकास, सतत विकास, जलवायु कार्रवाई और सभी के लिए मानवीय प्रतिक्रिया से लैस वैश्विक सार्वजनिक कल्याण सुनिश्चित करने के विकसित एवं विकासशील देशों के इस सबसे शक्तिशाली समूह को आगे बढ़ाने के जिम्मेदारियों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी का समावेशी एवं मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण जी20 की भारत की सफल अध्यक्षता की पहचान बन गया। एक अभिजात्य बहुपक्षीय मंच के तौर पर, जी20 का जन्म 2008 के वैश्विक संकट के दौरान हुआ था। इसने वास्तविक सार्वभौमिक बहुपक्षीय मंच से वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय शासन के एजेंडे को अपहतकर लेने की आलोचना को सहते हुए इस संकट से उबरने में काफी हद तक मदद की। पिछले कुछ वर्षों में, जी20 ने अपनी उपयोगिता साबित की है। लेकिन, अब इसे अब तक के गंभीरतम संकटो से निपटना है। अतिव्यापी और आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए ये संकट एक साथ उभरे हैं। इन संकटों में जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरणीय क्षरण से लेकर कोविड-19 से उपजे व्यापक सामाजिक-आर्थिक विनाश, रूस-यूक्रेन युद्ध, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, भोजन, उर्वरक, ईंधन एवं वित्तीय संकट औरआपूर्ति श्रृंखला की असुरक्षा शामिल है,जो ग्लोबल साउथ के देशों को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहे हैं। यह सब एक ऐसे समय में हो रहा है जब संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व व्यापार संगठन जैसे बहुपक्षीय संस्थान संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुटिरेज के शब्दों में 'भारी शिथिलता के शिकार हो गये है'। 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में दक्षिणी दुनिया के देशों से किये गये प्रधानमंत्री श्री मोदी के वादे - 'आपकी आवाज भारत की आवाज है, आपकी प्राथमिकताएं भारत की प्राथमिकताएं हैं' - को प्रभावशाली और ठोस तरीके से निभाया गया है। भारत ने 54 देशों वाले अफ्रीकी संघ - दूसरे सबसे बड़े संसाधन संपन्न महाद्वीप, जहां 1.466 बिलियन लोग सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पाने के लिए जूझ रहे हैं -को जी20 में शामिल करके वैश्विक शासन की समावेशिता एवं लोकतंत्रीकरण की राह में एक उल्लेखनीय उपलब्धिहासिल की है। जी20 की अध्यक्षता के लिए भारत की सभी सात विषय गत प्राथमिकताओं का जहां तक प्रश्न है, इसने वास्तव में ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 'समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्योन्मुख और निर्णायक' परिणाम दिये हैं। इन परिणामों में एसडीजी को हासिल करने की दिशा में हुई प्रगति में तेजी लाना तथा जी20 कार्ययोजना एवं उच्चस्तरीय सिद्धांतों को लागू करना; वित्तपोषण के मामले में व्याप्त अंतर को पाटने तथा यूएनएसजी के एसडीजी संबंधी प्रोत्साहन का समर्थन करने हेतु सभी स्रोतों से कि फायती, पर्याप्त एवं सुलभ वित्तपोषण जुटाना; जी20 रोड मैप के अनुरूप स्थायी वित्त को बढ़ाना; खाद्य सुरक्षा एवं पोषण से संबंधित दक्कन उच्चस्तरीय सिद्धांतों के अनुरूप वैश्विक खाद्य सुरक्षा को बढ़ाना, खाद्यान्नों एवं उर्वरकों की कीमतों में व्याप्त अस्थिरता से निपटना और

**प्रधानमंत्री मोदी की सरकार की असाधारण प्रतिबद्धता ने भारत को 'विश्वगुरु' और 'विश्वामित्र' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित कर दिया। भारत की यह छवि उच्चतम स्तर की भागीदारी और एक सार्थक दिल्ली घोषणा में दिखाई दी।**

**इन दिनों**

आईएफएडी संसाधनों को बढ़ाना शामिल है। 'एक स्वास्थ्य' के दृष्टिकोण को अपनाते हुए, जी20 ने सहयोग का एक व्यापक पैकेज अपनाया, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन के नेतृत्व वाली महामारी से जुड़ी तैयारियों एवं निगरानी प्रणालियों को बढ़ाना और स्वास्थ्य सहयोग को वित्तपोषित करना शामिल है। सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि पेरिस प्रतिबद्धताओं को लागू करने के मजबूत संकल्प के साथ ठोस हरित विकास समझौता थी। प्रधानमंत्री मोदी के लाइफमिशन को सतत विकास के लिए जीवन शैली से संबंधित जी20 के उच्चस्तरीय सिद्धांतों में रूपांतरित कर दिया गया। इसने हरित जलवायु कोष (ग्रीन क्लाइमेट फंड) की महत्वाकांक्षी दूसरी पुनःपूर्ति और निजी वित्त और जलवायु अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास, साझाकरण, तैनाती और वित्तपोषण और बहुवर्षीय तकनीकी सहायता योजना (टीएएपी) कार्यान्वयन पर मजबूत प्रतिबद्धता का आह्वान किया। इसनेअपने एनडीसी को लागू करने के लिए 2030 से पहले ग्लोबल साउथ के देशों के लिए 5.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत और अकेले स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए चार ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जरूरत को रेखांकित किया। इसने विभिन्नपक्षों से 100 बिलियन की पेरिस प्रतिबद्धता को लागू करने और एक महत्वाकांक्षी, पता लगाने योग्य एवंपारदर्शी नये सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) को निर्धारित करने का आह्वान किया। न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन के संबंध में, ऊर्जा परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण खनिजों पर सहयोग के लिए अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के उच्चस्तरीय सिद्धांतों द्वारा संचालित ग्रीन हाइड्रोजन इनोवेशन सेंटर शुभारंभ किया गया। जी20 ने वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन के शुभारंभ के लिए भी संदर्भप्रदान किया। प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के संबंध में, इसने जी20 2023 वित्तीय समावेशन कार्य योजना, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रणालियों के लिए जी20 फ्रेमवर्क और एक वैश्विक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से संबंधित रिपॉजिटरी के निर्माण व रख रखाव की भारत की योजना का समर्थन किया। कम आय वाले देशों में डीपीआई के लिए क्षमता निर्माण, तकनीकी सहायता और वित्त पोषण संबंधी सहायता प्रदान करने के वन फ्यूचर एलायंस (ओएफए) के भारत के प्रस्ताव का स्वागत किया गया। क्रिप्टो परि संपत्तियों के लिए एक साझा एफएसबी एवं एसएसबी कार्ययोजना तथा एक व्यापक एवं समन्वित नीतियों एवं नियामक ढांचे के लिए एक रोडमैप निर्धारित किया गया। जी20 ने संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों को फिर से सुदृढ़ करने एवं उनमें सुधार करने, बड़े, बेहतर एवं अधिक प्रभावी बहुपक्षीय विकास बैंक प्रदान करने, आईडीए की महत्वाकांक्षी 21 पुन : पूर्ति सहित विकास वित्त में बिलियन से ट्रिलियन तक की लंबी छलांग लगाने और आईएमएफ शासन कोटा में सुधार को दिसंबर 2023 तक पूरा करने का संकल्प व्यक्त किया। विकासशील देशों के अभूतपूर्व 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण के मामले को संबोधित करते हुए, जी20 ने जी20 की ऋण निलंबन पहल के अधिक प्रभावी कार्यान्वयन का आह्वान किया और इससे आगे जाने पर सहमति व्यक्त की। 21वीं सदी के लिए विश्व स्तर पर निष्पक्ष, टिकाऊ एवं आधुनिक अंतरराष्ट्रीय कराधान प्रणाली और अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद एवंधन शोधनके मामले मेंउल्लेखनीय प्रगति हुई। जी20 शिखर सम्मेलन ने यूक्रेन-रूस संघर्ष के मुद्दे पर आम सहमति का प्रतिनिधित्व किया और इस बात पर जोर दिया कि यह युद्ध का युग नहीं होना चाहिए। यह भरोसे के निर्माण की दृष्टि से एक बड़ी जीत है। इसने भारत को जी20 को सबसे अच्छे और सबसे बुरे समय में बेहद जरूरी वैश्विक आर्थिक सहयोग के एक 'प्रमुख मंच' के रूप में बहाल करने में समर्थ बनाया।

**(लक्ष्मी पुरी, भारत की पूर्व राजदूत और संयुक्त राष्ट्र की सहायक महासचिव हैं)**

**बोधि वृक्ष**

## *आइये सुने कथा दिति व अदिति की*

*एक* बार बहुत लम्बे समय तक हुए देव-दानव युद्ध में देव पराजित हो गये और वे स्वर्ग छोड़कर वनों में विचरण करने लगे। उनकी दुर्दशा को देखकर अदिति और कश्यप बड़े दुःखी हुए। तब नारद मुनि ने अदिति को सूर्योपासना करने की सलाह दी। अदिति ने सूर्यदेव को प्रसन्न करने के लिए अनेक वर्षों तक घनघोर तपस्या की। सूर्यदेव अदिति के तप से प्रसन्न हुए तथा उन्होंने अदिति से वरदान मांगने को कहा। अदिति ने कहा कि आप मेरे पुत्र के रूप में जन्म लें। कालान्तर में सूर्य का तेज अदिति के गर्भ में प्रतिष्ठित हुआ किन्तु एक बार अदिति और कश्यप में कलह हो गया। कश्यप ने क्रोधवश अदिति के गर्भस्थ शिशु को 'मृत' कह दिया। उसी समय अदिति के गर्भ से एक प्रकाश-पुंज बाहर आया। उसे देखकर कश्यप भयभीत हो गए और उन्होंने सूर्य से क्षमा-याचना की। उसी समय एक आकाशवाणी हुई- 'आप दोनों इस पुंज का प्रतिदिन पूजन करें। उचित समय होने पर इस पुंज से एक पुत्र-रत्न जन्म लेगा। वह आप दोनों की इच्छा को पूर्ण करके ब्रह्माण्ड में स्थित होगा।' अदिति का यही पुत्र आदित्य, मार्तण्ड, विवस्वान, अंशुमाली तथा सूर्य कहलाया। जब आदित्य दैत्यों से युद्ध करने गये तो दैत्य आदित्य के तेज को देखकर युद्ध से पलायन करके पाताल-लोक में चले गये। आदित्य सूर्यदेव के रूप में ब्रह्माण्ड के मध्यभाग में स्थित हुए और ब्रह्माण्ड का संचालन करने लगे। जिस प्रकार अदिति के पुत्र आदित्य कहलाते थे, उसी प्रकार दिति के पुत्र दैत्य कहलाते थे।


*(समाप्त)*

***आइये सुने कथा हिंदू भगवान धर्मराज तथा चित्रगुप्त कि वास्तविक कहानी***

आज हम जिस दुनिया में रह रहे हैं, वह आत्माओं का मूल निवास नहीं है। सतलोक में की गई हमारी गलती के कारण हम सभी आत्माएं आज काल के इस लोक में फंसे हुए है।

*(क्रमशः)*

# जिन कुशल कामगारों का कोई नहीं उसके लिए विश्वकर्मा योजना



आर.के.सिन्हा

*कभी* यह भी सोचा जाना चाहिए कि देश के आजाद होने के इतने दशक गुजरने के बाद भी हमने मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार, कुम्हार जैसे निचले स्तर पर काम करने वाले कुशल कामगारों के हितों को लेकर कोई व्यापक नीति क्यों नहीं बनाई? अगर इनके बारे में पहले सोचा जाता तो ये भी देश के विकास का लाभ ले रहे होते। इनकी अनदेखी तो हुई। हां, इतना सुकून किया जा सकता है कि अब इनके बारे में सोचा जा रहा है। अब सरकार इनकी जिंदगी में खुशियां लाने के लिये विश्वकर्मा योजना लेकर आ रही है। इस योजना के ऊपर अगले पांच साल में 13 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 17 सितंबर को जन्म दिन पर शुरू होने वाली इस योजना के तहत मोची, धोबी, बढ़ई, लोहार कुम्हार आदि को पांच प्रतिशत की दर से एक लाख रुपये और दूसरे चरण में दो लाख रुपये का कर्ज मिल सकेगा। शिल्पकारों और कामगारों को तकनीकी प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। ट्रेनिंग लेने वालों को हर दिन 500 रुपये का मानदेय देने की व्यवस्था हो रही है। सच में अफसोस होता है कि हमारे नीति निर्धारक इतने संवेदनशील भी नहीं रहे जिससे कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के लिये कल्याणकारी योजनाएं बन पातीं। क्या ये हमारे देश-समाज में शामिल नहीं हैं? हमने इनकी इतनी बेकद्री क्यों की? राजकपूर की 1954 में रिलीज हुई अमर फिल्म बूट पालिश के पात्र भोला जैसे बच्चे देश के तमाम शहरों के बाजारों में आराम से देखने को मिलते हैं। बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं। उसमें अलग-अलग रंगों की पालिश, ब्रश और कपड़े होते हैं। कुछेक पास मोची का सामान भी होता है। ये इन्हीं से अपने ग्राहकों के जूते सैंडिल वगैरह चमकाते और बनाते हैं। ये 15 साल से 55 साल तक मिलेंगे। कई-कई तो बूट पालिश का काम करते हुए ही अधेड़ हो गये हैं। ये जब काम करने लगते हैं तो ये बच्चे होते हैं। घर की कमजोर माली हालत के चलते पढ़ नहीं पाते और फिर करने लगते हैं बूट पालिश और मोची का काम। इनकी कभी कोई मदद नहीं करता। कुछ दिन पहले राजधानी में समाप्त हुये जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के राष्ट्रपति लूला भी पधारे थे। वे भी एक मोची परिवार से थे। उन्होंने भी बचपन में बूट पालिश की थी। आज वे विश्व के बेहद असरदार नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। कहने का मतलब ये है कि अगर हमने अपने समाज के हाशिये पर धकेले गये लोगों को पर्याप्त अवसर दिये होते तो वे भी देश की मुख्यधारा का हिस्सा होते। खैर, अब उन्हें अवसर मिलेंगे तो वे आगे बढ़ेंगे। विश्वकर्मा योजना के बहाने कुतुब मीनार की चर्चा करना समीचीन होगा। कुतुब मीनार के निर्माण में विश्वकर्मा जी का भी आशीर्वाद रहा है। यह तथ्य इतिहास के पन्नों में दर्ज है। हुआ यह कि सन 1369 में बिजली गिरने के कारण कुतुब मीनार की ऊपरी मंजिलों के कुछ हिस्से भी क्षतिग्रस्त हो गये। तब दिल्ली की गद्दी पर फिरोजशाह तुगलक का राज था। उन्होंने कुतुब मीनार के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मत के आदेश दिये। उनके आदेश के बाद कुतुब मीनार की पांचवीं मंजिल नए सिरे से बनाई गई। उसमें संगमरमर का भी भरपूर इस्तेमाल भी किया गया। इतिहासकार डॉ. स्वपना लिड्डल कहती हैं कि 'कुतुब मीनार की मरम्मत के काम को अंजाम देने वाले आर्किटेक्ट, ठेकेदारों और मजदूरों ने निर्माण स्थल पर अपने नाम जैसे नाना, साल्हा, लोला लक्ष्मना भी लिख दिये।' उन्होंने यह भी लिख दिया कि 'उनका सारा काम विश्वकर्मा के आशीर्वाद से संपन्न हुआ।' यह सब अब भी लिखा हुआ है। एएसआई की एक रिपोर्ट में संस्कृत में उत्कीर्ण ठेकेदारों तथा मजदूरों के उद्गार लिखे मिलते हैं।


**बूट पालिश फिल्म के विपरीत असली जिंदगी में भोला जैसे किसी बच्चे के साथ उसकी बहन बेलू या कोई और लड़की नहीं होती। ये जगह-जगह अपने लकड़ी के बने डिब्बे के साथ बैठे होते हैं।**

**विश्वकर्मा योजना**

**फोटो की दुनिया**



फेसबुक वॉल से




# अब अदालतें भी चिन्तित हैं माता-पिता की उपेक्षाओं पर


ललित गर्ग


*नये* बन रहे समाज एवं पारिवारिक संरचना में माता-पिता का जीवन एक त्रासदी एवं समस्याओं का पहाड़ बनता जा रहा है, समाज में बच्चों के द्वारा बुजुर्ग माता-पिता की उपेक्षाओं एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता इतनी अधिक बढ़ गयी है कि अदालतों को दखल देना पड़ रहा है। माता-पिता भोजन-पानी, दवाई, जरूरत की चीजों से महरूम ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनके सम्मान की स्थितियां भी नगण्य होती जा रही है। वृद्ध माता-पिता की यह दुर्दशा एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है। सुविधावाद, भौतिकता एवं धन के बढ़ते वर्चस्व के बीच माता-पिता अपने ही बच्चों की प्रताड़ना के शिकार है। ऐसी बढ़ती समस्याओं पर नियंत्रण के लिये अदालतों को न सिर्फ दखल देना पड़ रहा है बल्कि बच्चों को पाबंद करना पड़ रहा है कि वे अपने बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल करें और उनको सम्मान दें। मद्रास उच्च न्यायालय का ऐसा ही एक फैसला आज के समाज में खून के रिश्तों पर सवाल खड़ा करने वाला है। न्यायालय ने अपने फैसले में साफ किया है कि बुजुर्ग अभिभावकों की इच्छा पूरी करना बच्चों का दायित्व है। न्यायालय का यह फैसला सिर्फ किसी बच्चे और अभिभावकों के बीच संपत्ति विवाद तक सीमित नहीं है। इसे व्यापक अर्थों में देखने और समझने की जरूरत है। संवेदनशील मानसिकता के निर्माण से समाज का माहौल बदल सकता है। अदालत चाहती है कि वृद्ध माता-पिता को उदासीनता एवं उपेक्षा से मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित किया जाये ताकि एक आदर्श परिवार की संरचना को जीवंत किया जा सके एवं वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा को अदालत ने उजागर कर समाज को जागृत करने का सराहनीय काम किया है ऐसा युग जहां रिश्तों की जगह धन हावी होता जा रहा है। इसी कारण वृद्धों को लेकर गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, ये समस्याएं अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण खड़ी हुई हैं। चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके, इसी बात पर अदालत ने अपने फैसले में बल दिया है। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्ध माता-पिता के जीवन को दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। सवाल यह है कि जो माता-पिता कष्ट सहकर भी अपने बच्चों को अच्छी जिंदगी देने की भरपूर कोशिश करते हैं, उन्हीं मां-बाप के बुजुर्ग होने पर बच्चे उनकी देखभाल से जी क्यों चुराने लगते हैं? बच्चों की नजर मां-बाप की संपत्ति तक ही सीमित होकर क्यों रह जाती है? ऐसी बात नहीं है कि सभी बच्चे अपने मां-बाप की उपेक्षा कर रहे हैं, लेकिन आसपास नजरें घुमाने पर ऐसे मामले हर कहीं नजर आ जाते हैं। जाहिर है ऐसे मामले बढ़ रहे हैं। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ्य एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर काला दाग बनता जा रहा है। अदालत की यह संवेदनशील सोच है जिससे बच्चों एवं माता-पिता के बीच बढ़ते फासलों को दूर किया जा सकता है, अदालत चाहती है कि ऐसा परिवेश निर्मित हो जिसमें परिवार के वृद्ध हमें कभी बोझ के रूप में दिखाई न दें, हमें यह कभी नहीं सोचना पडे. कि इनकी उपस्थिति हमारी स्वतंत्रता को बांधित करती है। उन्हें पारिवारिक धारा में बांधकर रखा जाये। लेकिन हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्ध माता-पिता की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है।

**माता-पिता भोजन-पानी, दवाई, जरूरत की चीजों से महरूम ही नहीं हो रहे हैं बल्कि उनके सम्मान की स्थितियां भी नगण्य होती जा रही है। वृद्ध माता-पिता की यह दुर्दशा एक विकराल समस्या के रूप में उभर रही है।**

**पारिवारिक संरचना**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# नए हिंदी मंथ में पुरानी याद




हिन्दी दिवस पर विशेष

हिंदी में बहुत कुछ करना अब सचमुच आसान हो गया है, मुश्किल है तो व्यक्तिगत योगदान। परिवार में हो रहे विवाह, जन्मदिन या अन्य आयोजनों के निमंत्रण पत्र हिंदी में छपवाने बारे सिर्फ सोचना भी कितना पिछड़ा हो जाना होता है। अगर महीना, सितम्बर का हो तो भी क्या फर्क पड़ता है।

एक दर्जन महीनों में से सिर्फ एक महीना ही तो है अपनी हिंदी के लिए। बेचारा सितम्बर। अब नए आयोजन चाहे डिजिटल और जितने मर्जी कर लो लेकिन कहीं न कहीं, पुराने सशरीर आयोजनों की याद आ ही जाती है। उन दिनों रूठी हिन्दी को पूरी तरह मनाने के लिए हिंदी प्रेमी पूरे महीने कार्यक्रम आयोजित करते थे। सरकारी कर्मचारी, भाषा कार्यान्वन समितियों के कार्यक्रमों में पुरस्कार पाने के लिए तैयारी करते थे। हिन्दी बढ़ाने, फैलाने व समझाने के लिए जिन्होंने अपने कार्यालयों में पिछली बार प्रतियोगिता करवाई थी, यह देखने को आतुर रहते कि नया आयोजक कौन सा तीर मारेगा। अधिकांश कर्मचारी व अधिकारी, दर्जनों सालों से अंग्रेजी मारमार कर हिन्दी को भगा रहे थे। कार्यालयों में हिन्दी कार्यक्रम संचालन के लिए कोई साहित्य प्रेमी कर्मचारी, बहुत मेहनत व अथक प्रेरणा से बीस बार 'यू कैन ओनली डू इट' कहने पर ही तैयार होता था। बहुतों को पता नहीं चलता था कि आयोजन कैसे करें, ठीक जैसे किसी युग में स्कूल अध्यापकों को पल्ले नहीं पड़ता था कि भाषण, वादविवाद या पत्रपाठन प्रतियोगिता में सचमुच अंतर है।

पुरानी बिल्डिंग में एक प्रतियोगिता आयोजित हुई। आपस में उलझे हुए ट्रैफिक से जैसे कैसे जान बचाकर, हम हिन्दी प्रेमी भी पहुंचे थे प्रतियोगी शक्ल बनाकर। प्रतियोगी पुराने कमरे में लंगडाती कुर्सियों पर टिकाए गए थे। स्वागती भाषण निबटाकर आयोजक बोले, 'सौरी, जिस हाल में कंपीटीशन होना है वहां मीटिंग अभी खत्म नहीं हुई इसलिए यू हैव टू सिट हियर'। आज प्रतियोगिता का विषय है, 'चित्र देखो एंड राइट एनीथिंग यू लाइक, लेख, स्टोरी या पोयम'। इस बीच स्टैपल किए दो सफेद कागज पकड़ा दिए थे, साथ में किसी कार्यालय की वार्षिक पत्रिका जिसने कार्डबोर्ड की भूमिका निभानी थी।

बारिश तेज होने के कारण बिजली गई और अंधेरा हो गया। एमरजैंसी लाईट नहीं थी। आयोजक हँसकर बोले, 'आज तो आपकी आईज की एक्ससाईज भी हो जाएगी,' जो वास्तव में हो रही थी। प्रतियोगिता शुरू होने को थी। आयोजक ने हिन्दी में मुस्कुराकर कहा, ह्यअपनी प्रिय सितम्बर भाषा, सौरी, माफ कीजिए राजभाषा हिन्दी को प्रोमोट करने के लिए हम आपको पांच फोटोज देंगे। इनमें से किसी एक को वॉच कर आपने कुछ लिखना है। शरारती प्रतियोगी बोले, 'प्रतियोगिता तो एक फोटो बारे लिखकर होनी चाहिए'। जवाब मिला, 'प्रतियोगिता में नोवेलिटी लाने व इंट्रस्टिंग बनाने के लिए फाइव दिए गए हैं'। आपको पता है हिन्दी में कुछ भी करना कितना टफ होता है। प्रतियोगिता के दौरान ही ठंडे गुलाबजामुन, बासी समोसा और काढ़ा हो चुकी चाय हाथ में पकड़ा दी थी। यह चीजें संभालना प्रतियोगी की जिम्मेदारी थी। आयोजकों का हिन्दी मंथ में कुछ नया करने पर संतुष्ट दिखना स्वाभाविक और जरूरी था।

हिंदी में बहुत कुछ करना अब सचमुच आसान हो गया है, मुश्किल है तो व्यक्तिगत योगदान। परिवार में हो रहे विवाह, जन्मदिन या अन्य आयोजनों के निमंत्रण पत्र हिंदी में छपवाने बारे सिर्फ सोचना भी कितना पिछड़ा हो जाना होता है। अगर महीना, सितम्बर का हो तो भी क्या फर्क पड़ता है।

❖ संतोष उत्सुक

## काव्य कोना

### मुरारी, मेरे मुरारी

खींचों न मन की डोर मुरारी
धागा बड़ा कमजोर मुरारी
जाओ न, उस छोड़ मुरारी
जुगत करो कुछ और, मुरारी
छिपे कहां? चितचोर मुरारी
नाचे मन में मनमोर मुरारी
माखन लिए है, लीप मुरारी
मटकी दिये फोर मुरारी
अंगिया दिये लुकाये मुरारी
गोपीन दिहिन उलहना मुरारी
माता यशोदा लेवत बलईयां मुरारी
मुरली की धुन सुनाये मुरारी
मन ही मन रिझाये मुरारी
छिपा है, मन में तेरा रूप मुरारी
खींचों न मन की डोर मुरारी
धागा बड़ा कमजोर मुरारी

❖ नाग मणि

# वाट इज हिंडी?



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
मो. नं. 73 8657 8657

मैं हैदराबाद एयरपोर्ट पर अपनी फ्लाइट का इंतजार कर रहा था। फ्लाइट थी दो घंटे लेट। आखिरकार दो घंटे बाद फ्लाइट आ ही गई। चेकिन करने का समय आया तो मेरे आगे एक मैडम खड़ी थीं। मैडम पाश्चात्य संस्कृति की ब्रैंड अबासिडर दिख रही थी। ऊपर से भारी-भरकम अंग्रेजी शब्दों का लाग लपेट। जब तक खड़ी रही तब तक किसी से फोन पर अंग्रेजी झाड़े जा रही थीं। मैं ठहरा पक्का हैदराबादी। वह भी पुराने शहर का। उसमें तभी मोगलपुरे का। देश की पूरी लाली मेरे मुँह में दिखती थी। होगी भी क्यों न! साहब पान जो खाता हूँ मैं। वह तो एयरपोर्ट का तामझाम देखकर किसी तरह अपने मुँह पर ताला लगाए बैठे था। अगर बस स्टैंड या रेलवे स्टेशन होता तो अब तक वो हालत करता कि लाली तेरे लाल की जित देखो तित लाल की तर्ज पर सारा वातावरण लाली से भर देता। बहरहाल चेकिन चल रही थी। टाइट सेक्युरिटी के बीच सबकी जमकर तलाशी ली जा रही थी। मैं अपनी बारी की प्रतीक्षा कर रहा था। चेकिन करने वाले सीआईएसएफ कांस्टेबल ने मेरे आगे खड़ी मैडम से हिंदी में कुछ पूछा। इस पर मैडम ऐसी भड़की मानो किसी ने उनका पर्स छीन लिया हो। मैडम को न जाने क्या हुआ पता नहीं। फरार्टेदार अंग्रेजी में जोर-जोर से बड़बड़ाने और चिल्लाने लगीं- 'हाव डेर यू टु आस्क मी इन हिंडी', ''आई विल कंप्लेन अगेंस्ट यू।', 'आई विल फायर यू फ्रॉम जॉब', 'यू सेंसलेस पिपुल।' अब मैं ठहरा अंग्रेजी में गुड़गोबर। मुझे न मैडम की बात समझ में आ रही थी और न ही मामला। मैं अपने बाल नोंचने लगा। मुझसे रहा नहीं गया। मैं पास में खड़े सेक्युरिटी वाले से पूछ बैठा - 'भाई साहब! यह मैडम इतना क्यों चिल्ला रही हैं? वैसे हुआ क्या है?'

सेक्युरिटी गार्ड ने मुझसे कहा - 'वह हुआ यूँ कि सीआईएसएफ कांस्टेबल ने मैडम से हिंदी में कुछ पूछ लिया। मैडम ने कहा- 'आई डोंट नो हिंडी। प्लीज आस्क मी इन इंग्लिश।' इस पर कांस्टेबल ने पूछा- 'क्या आप भारतीय हैं?' इतना सुनना था कि मैडम का गुस्सा सातवें आसमान पर। मैडम को लगा कि उनकी भारतीयता को अपमानित किया गया है। इसीलिए मैडम इतनी गुस्से में बड़बड़ा रही हैं।' इस पर मैंने कहा - 'अरे साहब! क्या जमाना आ गया देखिए। इतनी-इतनी बातों के लिए ऐसे भला कौन करता है। देखने वाले को भी कितना खराब लगता होगा। कांस्टेबल ने हिंदी में क्या पूछ लिया मैडम ऐसी भड़की जैसे कोई बड़ा अपराध हो गया। अब आप ही बताइए साहब! हिंदी किधर नहीं है? एयरपोर्ट पर हर चीज पहले हिंदी में लिखा होता है उसके बाद अंग्रेजी में। उतना क्यों साहब! देश के रुपए-पैसों पर पहले हिंदी में लिखा होता है और बाद में इंग्लिश। इसका मतलब यह तो नहीं कि जिन लोगों को हिंदी पसंद नहीं हैं वे रुपए-पैसे उठाकर फेंक देते हैं? दो शब्द हिंदी में बोल देने से जमीन-जायदाद थोड़ी न कम हो जाएगी! वैसे भी हिंदुस्तान में ऐसा कौन होगा जिसे हिंदी नहीं आती होगी। थोड़ी-बहुत हिंदी तो सभी को आती है।' इस पर सेक्युरिटी गार्ड ने कहा - 'भाषा का झगड़ा जितना हमारे देश की राजनीति में है, उतना लोगों में नहीं है। भाषा के नाम पर लड़ाना, लोगों को भड़काना, जैसे अभी-अभी मैडम भड़क गयी थीं, ठीक उसी तरह उनकी संवेदनाओं से खेलकर वोट बटोरने का प्रयास करना, हमारी गंदी राजनीति का हिस्सा है। मैंने आज तक अपने जीवन में किसी को हिन्दी का विरोध करते हुए नहीं देखा। वे तो टूटी फूटी ही सही, आपसे अंग्रेजी की जगह हिंदी में बात करते हुए मिलेंगे। हाँ कुछ लोग होते हैं जो एयरपोर्ट जैसी खास जगहों पर सबका ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए भाषा के नाम पर कुछ न कुछ तमाशा करते रहते हैं। साफ-सुथरी राजनीति जहाँ एक भाषा को फलने-फूलने का अवसर देती है, वही गंदी राजनीति उस भाषा को जमीन में दफन भी कर देती है।

> **भाषा का झगड़ा जितना हमारे देश की राजनीति में है, उतना लोगों में नहीं है। भाषा के नाम पर लड़ाना, लोगों को भड़काना, जैसे अभी-अभी मैडम भड़क गयी थीं, ठीक उसी तरह उनकी संवेदनाओं से खेलकर वोट बटोरने का प्रयास करना, हमारी गंदी राजनीति का हिस्सा है। मैंने आज तक अपने जीवन में किसी को हिन्दी का विरोध करते हुए नहीं देखा। वे तो टूटी फूटी ही सही, आपसे अंग्रेजी की जगह हिंदी में बात करते हुए मिलेंगे।**

मैंने सेक्युरिटी गार्ड की बातों पर हामी भरते हुए कहा, 'आपकी बात में दम तो है। जब अंग्रेजी बोलने वाले नेतागण अपने भाषणों में इसे देश की सबसे अधिक बोली, लिखी, सुनी और पढ़ी जाने वाली भाषा कहते हैं तब मेरी हँसी छूटने लगती है। जब बड़ी-बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपने उत्पाद टी.वी. व अन्य प्रचार-प्रसार माध्यमों के जरिए हिंदी में बेचते हैं तब देश की सबसे अधिक कमाऊ, बिकाऊ तथा गाने-बजाने की यह भाषा बड़ी कमाल लगती है। जब फिल्म और टीवी से जुड़े लोग मोटी-मोटी कमाई कर अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यमों के बड़े-बड़े स्कूलों में भेजते हैं तब मेरी बोलती बंद हो जाती है। जहाँ हिंदी बोलने की सजा कभी कक्षा के बाहर कान पकड़े घुटनों के बल खड़े होकर भुगतनी पड़ती है, या फिर नोटबुक भर-भरकर यह लिखवाया जाता है कि अगली बार से हिंदी में बोलने की गल्ती नहीं करेंगे। जब भाषा का इस्तेमाल जोड़ने के लिए कम और तोड़ने के लिए ज्यादा किया जाता है तब वोट की राजनीति शुरू होती है।'

मेरी और सेक्युरिटी गार्ड की बातचीत खत्म हुई थी कि नहीं तभी अंग्रेजी मैडम फोन पर किसी से बात करती हुई दिखायी दी। ध्यान से सुनने पर पता चला कि फोन के दूसरे सिरे पर उनका नौकर है। मैडम तो पहले अंग्रेजी में बात कर रही थीं। लेकिन दो मिनट बाद डाँटते-फटकारते हुए कहने लगीं- 'देखो मैं दो-तीन दिन में लौट आऊँगी। तुम बेकार के बहाने बनाकर काम से छुट्टी मत लेना। अगर तुमने छुट्टी ली तो मैं तुम्हारी पगार काट लूँगी।' यह माजरा देख मैं और सेक्युरिटी गार्ड हक्के-बक्के से अवाक रह गए।

# वजन कम करने में इस तरह मददगार है पपीता



पपीता एक ऐसा फल है, जिसका कैलोरी काउंट काफी कम होता है। इसलिए, जब आप इसका सेवन करते हैं तो आपको फुलर तो महसूस होता है, लेकिन आपका कैलोरी काउंट गड़बड़ाता नहीं है। मिड मील्स में पपीता खाने से आप अनहेल्दी स्नैकिंग करने से बच जाते हैं। पपीता एक ऐसा फल है, जो साल के बारह महीने आसानी से मिलता है। बेहद कम दाम में मिलने वाला यह सेहत के लिए बेहद ही गुणकारी है। पपीता सिर्फ पाचन तंत्र के लिए ही अच्छा नहीं माना जाता है, बल्कि यह वजन कम करने में भी मददगार है। अगर आप एक हेल्दी लाइफस्टाइल जीते हुए पपीते को अपनी डाइट का हिस्सा बनाते हैं तो इससे यकीनन आपको वजन कम करने में मदद मिलती है। यह एक नहीं, बल्कि कई तरीकों से वजन कम करने में सहायक है।

**कैलोरी होती है कम :** पपीता एक ऐसा फल है, जिसका कैलोरी काउंट काफी कम होता है। इसलिए, जब आप इसका सेवन करते हैं तो आपको फुलर तो महसूस होता है, लेकिन आपका कैलोरी काउंट गड़बड़ाता नहीं है। मिड मील्स में पपीता खाने से आप अनहेल्दी स्नैकिंग करने से बच जाते हैं।

**फाइबर होता है अधिक :** पपीता में डायटरी फाइबर अच्छी मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण पपीता आपको अधिक देर तक फुलर होने का अहसास करवाता है। फाइबर होने के कारण आप ओवरईटिंग से बच जाते हैं और इससे कैलोरी इनटेक को बैलेंस करने में मदद मिलती है। जिससे आपके लिए वजन कम करना अधिक आसान हो जाता है।

**बेहतर हाइड्रेशन :** पपीते का सेवन करने का एक लाभ यह होता है कि इसमें पानी की मात्रा अधिक होती है। जिसके कारण आपको खुद को हाइड्रेटेड रखने में मदद मिलती है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन कभी-कभी आपका शरीर प्यास को भूख लेता है और इससे आप ओवरईटिंग करने लग जाते हैं। इसलिए, जब आप पपीता खाते हैं तो इससे आपको हाइड्रेटेड रहने से मदद मिलती है, जिससे अनावश्यक स्नैकिंग से बचा जा सकता है।

**फैट होता है कम :** जिस तरह पपीते में कैलोरी कम होती है, ठीक उसी तरह यह फैट फ्री होता है। इसलिए, जब पपीते को डाइट में शामिल किया जाता है तो इससे आप अपने फैट इनटेक को कम कर पाते हैं और इस तरह वजन कम करना काफी आसान हो जाता है।

**पाचन में सहायक :** पपीते में पपेन और काइमोपैपेन होते हैं, जो पाचन में सहायता करते हैं और कब्ज से लड़ते हैं। इतना ही नहीं, यह पेट के अल्सर की रोकथाम और उपचार करने में भी मदद कर सकता है। हेल्दी गट और डाइजेस्टिव सिस्टम वजन कम करने में सहायक माना जाता है।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6822

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6821 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## दैनिक पंचांग

**14 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | कन्या | 06.04 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | तुला | 08.14 बजे से |
| मंगल | कन्या में | वृश्चिक | 10.29 ब.से |
| बुध | सिंह में | धनु | 12.45 बजे से |
| गुरु | मेष में | मकर | 14.50 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | कुंभ | 16.37 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मीन | 18.10 बजे से |
| राहु | मेष में | मेष | 19.40 बजे से |
| केतु | तुला में | वृष | 21.20 बजे से |
| | | मिथुन | 23.18 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कर्क | 01.32 बजे से |
| | | सिंह | 03.48 बजे से |

**गुरुवार** 2023 वर्ष का 257 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** अमावस्या अहोरात्र। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 04.54 बजे प्रात: को समाप्त। **योग** साध्य 02.59 बजे रात्र को समाप्त। **करण** चतुष्पद 18.01 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 03° 36' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871736 **जूलियन दिन** 2460201.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सफर **तारीख** 28 **विशेष** पिठौरी अमावस्या, पोला, वृषभोत्सव, हिंदी दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7884



**बाएँ से दाएँ**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11. अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16. आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23. नासिका-2
25. रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27. परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

### शब्द पहेली -7883 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे।

**वृष राशि :** कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी।

**मिथुन राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। परिवारजनों के सहयोग से काम बनाना आसान रहेगा।

**कर्क राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय से काम बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह राशि :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ होगा। पैतृक सम्पत्ति से लाभ मिलेगा। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

**कन्या राशि :** शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**तुला राशि :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृश्चिक राशि :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु राशि :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे।

**मकर राशि :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ राशि :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी।

**मीन राशि :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### संसद के विशेष सत्र से पूर्व 17 को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक

**नई दिल्ली।** संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस विशेष सत्र के लिए 17 सितंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि बैठक के बारे में सभी पार्टियों के सदन के नेताओं को ईमेल द्वारा भी सूचित किया गया है। उल्लेखनीय है कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर के बीच आयोजित होगा। एक सप्ताह के इस सत्र के दौरान ही नई संसद में 19 सितंबर से कार्यवाही प्रारंभ होगी।

### गोपाल बागले ऑस्ट्रेलिया में भारत के उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त गोपाल बागले को ऑस्ट्रेलिया में उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी बागले जल्द ही अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। बागले विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता और प्रधानमंत्री कार्यालय में कम कर चुके हैं। वह पाकिस्तान में उप उच्चायुक्त भी रहे हैं। इसके अलावा यूक्रेन और रूस में भी कम कर चुके हैं।

### मणिपुर : भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद हुए बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में एक अभियान के दौरान भारी मात्रा में हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया गया है। बुधवार को दी गई आधिकारिक सूचना के अनुसार असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर चुराचांदपुर जिले के खोलमुन गांव के सामान्य क्षेत्र में संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान एक एम एस-4 असॉल्ट राइफल, एक 9 मिमी की कार्बाइन, दो सिंगल बैरल राइफल्स, चार 9 मिमी की पिस्तौल, दो तात्कालिक मोर्टार, गोला-बारूद और युद्धक सामग्री बरामद की गई। इलाके में सुरक्षा बलों का अभियान जारी है।

### भोपाल में दबंगों ने दलित व्यक्ति को पीटा, फिर पेशाब किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर एक दलित व्यक्ति की पिटाई की और उस पर पेशाब भी कर दिया। व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि जब उसे होश आया तो उसने खुद को अस्पताल में पाया। पीड़ित की पहचान रामस्वरूप अहिरवार के रूप में हुई है। पीड़ित ने सुखी सेवनिया पुलिस स्टेशन में एक एफआईआर दर्ज कराई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात ई-विधानसभा का किया उद्घाटन, कहा

# यह प्रगतिशील परिवर्तन है

**एजेंसी। गांधीनगर/अहमदाबाद**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात की ई-विधानसभा की शुरूआत करते हुए बुधवार को अपने संबोधन में इसे गुजरात का उत्कृष्ट कदम बताते हुए कहा कि यह असेंबली डिजिटल हाउस में तब्दील हो जाएगी। एप्लिकेशन की मदद से यह देश की अन्य विधानसभा और विधान परिषदों के लिए एक बेहतरीन उदाहरण होगा और वे भी इसे अपना सकते हैं। यह प्रगतिशील परिवर्तन है। उन्होंने ई-विधानसभा का महत्वपूर्ण कदम उठाने के लिए भारत सरकार और गुजरात सरकार को बधाई दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात विधानसभा में ई-असेंबली का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और



विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी और संसदीय मंत्री रुशिकेश पटेल विधानसभा डेस्क पर मौजूद थे। गुजरात विधानसभा के डिजिटल हो जाने से विधानसभा में इस्तेमाल होने वाले 25 टन कागज की बचत होगी। इस मौके पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल भी मौजूद थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात में ई-विधानमंडल का उद्घाटन करते हुए कहा कि ई-विधानमंडल के फैसले से गुजरात की प्रगति और विकास से लोगों को फायदा होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि गुजरात का भविष्य उज्ज्वल है, सबसे खास बात यह है कि गुजरात ने हमेशा अपना भविष्य भारत और भारतीयों के भविष्य के साथ देखा है। उन्होंने प्रदेश के प्रसिद्ध कवि उमा शंकर जोशी की पंक्ति 'हूं गुर्जर भारतवासी, झांखो पल पल साहूजन मंगल मन मारु उल्लासी..' का भी जिक्र किया और कहा कि यह कविता गुजरात की आत्मा की पुकार है। गुजरात की स्थापना के बाद विधानसभा में देखे गए उतार-चढ़ाव के बारे में बात करते हुए द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि इस सदन ने हमेशा समाज के हित के लिए काम किया है।

राष्ट्रपति ने कहा कि सभी घरेलू प्रक्रियाओं को कागज रहित बनाकर पर्यावरण की भी रक्षा की जा सकती है। उन्होंने अपने भाषण के दौरान दूध उत्पादन और ऊर्जा के पारंपरिक स्त्रोतों के उपयोग में गुजरात की उपलब्धियों का भी उल्लेख किया।

गुजरात विधानसभा का सत्र अब पारंपरिक कागजी कार्यवाही से दूर हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वन नेशन वन एप्लीकेशन' के सपने को साकार करने वाला गुजरात पहला राज्य बन जाएगा। आज से पहली बार गुजरात की ई-विधानसभा की सौगात मिली है। विपक्ष राज्य की जनता के अहम मुद्दों को विधानसभा में रखेगा।

## राजस्थान : ट्रक ने बस में मारी टक्कर

# 12 की मौत व 12 से अधिक घायल

**एजेंसी। भरतपुर**

भरतपुर जिले में लखनपुर थाना क्षेत्र के आगरा-जयपुर नेशनल हाइवे-21 पर हंतारा के पास बुधवार सुबह 5:30 बजे बस और ट्रक की टक्कर में 12 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए हैं। ये सभी गुजरात के भावनगर के रहने वाले हैं। पुलिस और प्रशासन के मुताबिक, मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। बस में 45 से ज्यादा लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार बस भावनगर से मथुरा होते हुए हरिद्वार जा रही थी। सुबह भरतपुर-आगरा हाइवे पर अचानक बस खराब हो गई। ड्राइवर और उसके साथी समेत अन्य यात्री बस से उतर गए। ड्राइवर और उसके साथी बस की तकनीकी खराबी को ठीक कर रहे थे कि एक ट्रक ने टक्कर मारी और किनारे खड़े लोगों को कुचलते हुए निकल गया।

इस दौरान वहां से गुजर रहे अन्य वाहनों के ड्राइवर ने सड़क पर पड़े बेसुध लोगों को देखा तो पुलिस को कॉल किया और एम्बुलेंस को बुलाया। हादसे के बाद शव हाइवे पर बिखर गए। वहां मौजूद लोगों ने एक-एक शव को बीच सड़क से हटाकर साइड में रखवाया। सभी शवों को भरतपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

### राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति ने दुख व्यक्त किया

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने बुधवार को राजस्थान के भरतपुर में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया। राष्ट्रपति ने एक्स पोस्ट में कहा कि गुजरात से उत्तर प्रदेश जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस के राजस्थान के भरतपुर जिले में दुर्घटनाग्रस्त होने और अनेक यात्रियों की मृत्यु के समाचार से मुझे गहरा दुख पहुंचा है। शोक-संतप्त परिवारों के प्रति मैं संवेदना व्यक्त करती हूं और घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं। उपराष्ट्रपति में एक एक्स पोस्ट में कहा कि राजस्थान के भरतपुर में हुए दुखद सड़क हादसे की खबर से गहरा दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

### पीएम ने भरतपुर सड़क हादसे पर जताया दुख, अनुग्रह राशि की घोषणा

पीएम ने बुधवार को राजस्थान के भरतपुर में हुए सड़क हादसे पर दुख जताया और प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतक परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

## ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी

# 7210 करोड़ का प्रावधान



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने ई-कोर्ट परियोजना के तीसरे चरण को मंजूरी दे दी है। केंद्र की इस परियोजना में अगले 4 सालों तक 7210 करोड रुपये खर्च किए जाएंगे। पीएम की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उक्त आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के दृष्टिकोण के अनुरूप ई-कोर्ट मिशन मोड परियोजना का मकसद प्रौद्योगिकी का उपयोग कर न्याय तक पहुंच में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि इस योजना में केस के रिकॉर्ड की स्कैनिंग, डिजिटलीकरण और डिजिटल संरक्षण, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, नए स्थापित न्यायालय में बुनियादी ढांचा, 1150 वर्चुअल कोर्ट की स्थापना, 4400 ई-सेवा केंद्र, पेपरलेस कोर्ट, एप्लीकेशन सिस्टम और सॉफ्टवेयर का विकास, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, ई-फाइलिंग जैसे कार्यों पर खर्च किया जाएगा।

## राजौरी मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, दो सुरक्षाकर्मी शहीद

**राजौरी।** राजौरी जिले के नरला गांव में मंगलवार शाम से जारी मुठभेड़ में बुधवार को सुरक्षाबलों ने एक और आतंकवादी को मार गिराया है, जिससे क्षेत्र में छिपे दोनों आतंकवादी मारे गए हैं। इस दौरान घायल पुलिस एसपीओ ने बुधवार को अस्पताल में अपने प्राणों का बलिदान दे दिया है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सेना का एक जवान बलिदान हो गया था। जम्मू के पीआरओ (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा कि भारतीय सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस 7 सितंबर से दो आतंकवादियों पर नजर रख रहे थे। उन्होंने कहा कि 12 सितंबर को भारी गोलीबारी में जिले के नारला इलाके में एक आतंकवादी को मार गिराया गया।

# बनारस को बनाया जाएगा मेट्रोपोलिटन सिटी

### इसके साथ गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, मिजार्पुर व भदोही को जोड़कर बनाने की तैयारी

**आरएनएम। वाराणसी**

एनसीआर की तर्ज पर वृहद बनारस की परिकल्पना साकार होगी। शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन के बाद अब अक्टूबर से इस योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू किया जाएगा। पूर्वी भारत के गेटवे के रूप में विकसित हो रहे बनारस को मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में विकसित करने के लिए छह जिलों को जोड़कर समग्र प्लान बनाया जा रहा है। नीति आयोग ने वाराणसी के साथ गाजीपुर, जौनपुर, चंदौली, मिजार्पुर और भदोही को जोड़कर एनसीआर की तर्ज पर वृहद बनारस की परिकल्पना तैयार की है। इसमें वाराणसी को केंद्र बनाकर आसपास के जिलों में आवास, परिवहन, रोजगार के अवसर विकसित किए जाएंगे। शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन के बाद अब अक्टूबर से इस योजना को धरातल पर उतारने का काम शुरू किया जाएगा। नीति आयोग ने मुंबई, सूरत, विशाखापत्तनम के साथ ही काशी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चुना है। नीति आयोग ने वाराणसी और मिजार्पुर मंडल के छह जिलों के बीच मजबूत कनेक्टिविटी के लिए मेट्रो परियोजना की योजना बनाई है। इसमें वाराणसी के बाहरी हिस्सों को कनेक्ट करते हुए जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर और भदोही के बीच मेट्रो सेवा की योजना है। इसके साथ ही इन जिलों को इंटर कनेक्ट करते हुए सिटी बसों का संचालन भी कराया जाएगा।

### नीति आयोग होगा मेंटर

शासन स्तर पर नीति आयोग के अधिकारियों के साथ मंथन के बाद वाराणसी के मंडलायुक्त को इस परियोजना का नोडल बनाया गया है। वे सभी जिलों के जिलाधिकारियों व मंडलायुक्त से समन्वय कर उन जिलों के विकास संभावनाओं की रिपोर्ट तैयार करेंगे। इसके साथ ही योजना विभाग के दो अधिकारियों की नियुक्ति वाराणसी में की गई है। नीति आयोग की पांच सदस्यीय टीम सितंबर के अंतिम सप्ताह से वाराणसी में डेरा डाल देगी। वाराणसी की आबादी करीब 40 लाख है और रीजनल प्लान में जुड़ने वाले बाकी पांच जिलों की आबादी करीब 1.25 करोड़ है। ऐसे में वृहद बनारस की अनुमानित आबादी 1.75 करोड़ है। पिछले पांच वर्ष में वाराणसी की जनसंख्या तीन से पांच प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। शासन स्तर से ही आने वाले पांच साल में वाराणसी की अर्थव्यवस्था को एक बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य रखा गया है।

### इन कामों को गति देगा नीति आयोग

- जौनपुर, गाजीपुर, चंदौली, मिजार्पुर, भदोही से बनारस के बीच तेज रफ्तार ट्रेनों का संचालन
- वृहद बनारस में हाईवे के किनारे नए औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना और बड़े उद्योगों को आमंत्रण
- हैंडीक्राफ्ट, जीआई उत्पादों सहित पूर्वांचल के उत्पादों के लिए ट्रेड सेंटर की स्थापना
- रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए ऑटोमोबाइल सहित बड़े उद्योगों की स्थापना
- रेल लाइन के किनारों पर लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना और सुविधाएं विकसित करना
- छह जिलों के बीच सिटी बसों का संचालन, बनारस को केंद्र बनाकर रोजगार का सृजन।

## इंडिया की समन्वय समिति की पहली बैठक में सीट-बंटवारे पर मंथन

# गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा भोपाल में होगी

**आरएनएम। नई दिल्ली**

विपक्षी गठबंधन इंडिया की 14 सदस्यीय समन्वय समिति की पहली बैठक बुधवार को दिल्ली में राकांपा प्रमुख शरद पवार के आवास पर हुई। इस बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि समन्वय समिति ने सीट-बंटवारे के निर्धारण के लिए प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि साथी दल बातचीत करेंगे और जल्द से जल्द निर्णय लेंगे। गठबंधन की पहली सार्वजनिक सभा अक्टूबर के पहले सप्ताह में भोपाल में होगी।बैठक से पहले समिति के सदस्य और आप सांसद राघव चड्ढा ने कहा था कि इसमें लोगों तक पहुंचने, संयुक्त रैलियों की योजना बनाने और घर-घर अभियान चलाने जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। चड्ढा ने कहा, इस गठबंधन को सफल




बनाने के लिए हर राजनीतिक दल को तीन चीजों महत्वाकांक्षा, मतभेद और मनभेद का त्याग करना होगा। तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी बैठक में शामिल नहीं हुए। प्रवर्तन निदेशालय ने आज ही उन्हें पेश होने के लिए बुलाया था। सीपीएम भी बैठक में भाग नहीं लेगी, क्योंकि उसने अभी तक समिति के लिए किसी सदस्य को नामित नहीं किया है। जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह खराब स्वास्थ्य के कारण इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक में शामिल नहीं हुए। उनकी जगह जेडीयू नेता और बिहार के मंत्री संजय कुमार झा बैठक में शामिल हुए। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने विपक्षी गठबंधन इंडिया की समन्वय समिति की पहली बैठक से पहले मंगलवार की शाम मुंबई में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार से मुलाकात की थी। दक्षिण मुंबई स्थित पवार के 'सिल्वर ओक' आवास पर दोनों नेताओं के बीच लगभग 90 मिनट तक बैठक हुई थी। इंडिया गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक को लेकर राकांपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाइड क्रेस्टो ने कहा कि सात सीटों पर हुए उपचुनाव में विपक्षी गठबंधन का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। इंडिया गठबंधन मजबूती के साथ एकजुट हो रहा है।

## उपलब्धि : फ्रांस ने दिया पहला सी-295 परिवहन विमान, वायु सेना प्रमुख को सौंपी चाबी

# एयर चीफ स्पेन में उड़ाएंगे यह विमान

### 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस पर आएगा

### फ्रांस से 16 विमान फ्लाइंग मोड में आएंगे

### 40 विमान भारत में ही बनाएगा टाटा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय वायु सेना के लिए स्पेन में तैयार किया गया पहला सी-295 सैन्य परिवहन विमान बुधवार को मिल गया। एयरबस कंपनी ने भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को स्पेन के सेविले में सी-295 विमान की चाबी सौंपी। एयर चीफ आज स्पेन में खुद यह विमान उड़ाएंगे। यह विमान 25 सितंबर को हिंडन एयरबेस पर एक समारोह में



आधिकारिक तौर पर भारत के हवाई बेड़े में शामिल किया जाएगा। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ पिछले साल 24 सितंबर को 56 सी-295 सैन्य परिवहन विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। इसी सौदे के तहत यह पहला विमान स्पेन में ही तैयार किया है। भारत को पहला विमान मिलने के साथ ही अन्य 15 विमानों के 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति होने का रास्ता साफ हो गया है। समझौते के मुताबिक कंपनी को 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को 'फ्लाइंग मोड' में आपूर्ति करना है, जबकि अन्य 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने पहला सैन्य परिवहन विमान तैयार करके 5 मई को तीन घंटे की उड़ान का परीक्षण स्पेन के सेविले में किया था। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने 08 सितंबर को भारतीय वायु सेना के लिए 56 ट्रांसपोर्ट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें निजी कंपनी गुजरात के वडोदरा में टाटा-एयरबस संयुक्त उद्यम में सैन्य परिवहन विमान का निर्माण करेगी। सभी 56 विमानों को स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट के साथ स्थापित किया जाएगा। विमान को हल्के पीले रंग में पेंट किया गया और इसके बाद भारतीय वायु सेना के पारंपरिक रंग 'ग्रे' की कोटिंग की गई है। पेंटिंग होने के बाद विमान के दोनों और हिंदी और अंग्रेजी में 'भारतीय वायु सेना' और 'इंडियन एयर फोर्स' लिखा गया है।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह कार्यक्रम भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को बड़ा बढ़ावा देगा, क्योंकि इससे भारतीय निजी क्षेत्र को प्रौद्योगिकी गहन और अत्यधिक प्रतिस्पर्धी विमानन उद्योग में प्रवेश करने का मौका मिलेगा। यह परियोजना घरेलू विमानन निर्माण को बढ़ावा देगी, जिसके परिणामस्वरूप विदेशों से आयात पर निर्भरता कम होगी और निर्यात में वृद्धि होगी। इससे 600 उच्च कुशल रोजगार सीधे और 3000 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध होंगे। यह कार्यक्रम स्वदेशी क्षमताओं को मजबूत करने और 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार की एक अनूठी पहल है।

## FILMY हलचल

### हमने फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' गर्व की भावना के साथ बनाई है : पल्लवी जोशी

**राष्ट्रीय** पुरस्कार विजेता पल्लवी जोशी जल्द ही 'द वैक्सीन वॉर' में एक वैज्ञानिक की भूमिका निभाती नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि जब टीम इस फिल्म की शूटिंग कर रही थी, तो सभी के मन में गर्व की भावना थी। एक्ट्रेस पल्लवी जोशी पर्दे पर निभाए जाने वाले किसी भी किरदार को गहराई देने के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस अब 'द वैक्सीन वॉर' में नजर आएंगी, जिसकी वह प्रोड्यूसर भी हैं।



फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को मुंबई में लॉन्च किया गया। यहां उन्होंने इस फिल्म में काम करने के अपने अनुभव और अपने पति व निर्देशक विवेक अग्निहोत्री के साथ काम करने के बारे में बात की। पल्लवी ने कहा, विवेक हमेशा एक अच्छे निर्देशक रहे हैं। उनके साथ काम करना हमेशा की तरह एक अद्भुत अनुभव था। यह हमारी साथ में तीसरी फिल्म थी और उनके साथ काम करना हमेशा मजेदार होता है।

### समानांतर-व्यावसायिक फिल्मों के बीच का अंतर अब नहीं रहा : नाना पाटेकर



फिल्म द वैक्सीन वॉर में अभिनेता नाना पाटेकर और अभिनेत्री पल्लवी जोशी मुख्य भूमिका में हैं। ट्रेलर रिलीज होने के बाद फिल्म के डायरेक्टर समेत लीड एक्टर्स ने मीडिया से बातचीत की। इस मौके पर नाना पाटेकर ने बॉलीवुड के मौजूदा हालात और फिल्मों पर टिप्पणी की। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर नाना पाटेकर से समानांतर और व्यावसायिक फिल्मों के बीच अंतर के बारे में पूछा गया। इस पर अभिनेता ने कहा, पहले की समानांतर और व्यावसायिक फिल्मों के बीच का अंतर अब नहीं रहा। ओटीटी प्लेटफॉर्म ने हर फिल्म को एक नया प्लेटफॉर्म दिया है। फिलहाल समानांतर फिल्म की हालत खराब है। नाना पाटेकर ने कहा, हाल ही में मैं मौजूदा हिट फिल्म देखने के लिए थिएटर गया था, लेकिन मैं उस फिल्म को पूरा नहीं देख सका।

### मैं औसत दर्जे के अभिनेताओं के साथ काम नहीं करता : विवेक अग्निहोत्री

**निर्देशक** विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा कि वह अपनी फिल्मों में औसत दर्जे के अभिनेताओं के साथ काम नहीं करते। वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेताओं को लेते हैं, जो अपनी कला में महान हैं। विवादास्पद लेकिन बेहद सफल फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' का निर्देशन करने वाले निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री अपने दिल की बात कहने के लिए जाने जाते हैं। उनकी अगली फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' रिलीज के लिए तैयार है। मंगलवार को मुंबई में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च किया गया। फिल्म के ट्रेलर ने देश में काफी हलचल



मचा दी है और हर कोई इस फिल्म को देखने के लिए उत्सुक है। फिल्म में उनकी पत्नी पल्लवी जोशी हैं, जो फिल्म की निमार्ता भी हैं और एक वैज्ञानिक की भूमिका निभा रही हैं। जब उनसे पूछा गया कि किस वजह से उन्होंने अपनी पत्नी को फिल्म में लिया और उनके साथ काम करना कैसा रहा, तो उन्होंने कहा, मैं औसत दर्जे के कलाकारों को नहीं लेता। मैं राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेताओं को लेता हूं। पल्लवी एक बेहतरीन अभिनेत्री हैं और इसीलिए उन्हें मेरी फिल्म में जगह मिलती है। इसके अलावा, वह इंडस्ट्री में मुझसे सीनियर हैं। वह चरित्र में आयाम और गतिशीलता लाती है। वह स्मार्ट और बुद्धिमान हैं। बुद्धिमान अभिनेताओं के साथ काम करना हमेशा मजेदार होता है।''फिल्म 'द वैक्सीन वॉर' के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह उन सबसे कठिन फिल्मों में से एक है जो मैंने अब तक बनाई है या बनाऊंगा।

## राज्यपाल से प्रमंडलीय आयुक्त सहित अन्य ने की मुलाकात

**रांची ।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त सहित अन्य लोगों ने राजभवन में मुलाकात की। सबसे पहले राज्यपाल से उत्तरी छोटानागपुर की प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने राजभवन में शिष्टाचार मुलाकात की। सुमन कैथरीन हजारीबाग जिले के विनोबा भावे विश्वविद्यालय की कुलपति भी है। उन्होंने इस दौरान शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। राज्यपाल से मिट्टी बचाओ आंदोलन के मोहित निरंजन एवं अन्य ने भी मुलाकात की। साथ ही राज्यपाल को अपने प्रयासों से अवगत कराया। इनके अलावा राज्यपाल से आईसीएआर-एनआईएसए, रांची के निदेशक डॉ. अभिजीत ने राजभवन में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने संस्थान की गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया।

### महाराजा श्री अग्रसेन जयंती 15 अक्टूबर को, ब्राउजर का हुआ विमोचन

# प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव 15 अक्टूबर 2023 को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव को वृहत स्तर पर सुचारू रूप से सफल बनाने के लिए श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के ब्राउजर का विमोचन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों के साथ किया। इस ब्राउजर में अग्रसेन जयंती महोत्सव की पूरे कार्यक्रमों का संपूर्ण विवरण दिया गया है। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी एवं महोत्सव संयोजक सज्जन पाड़िया ने सभी से अनुरोध किया है कि कुल प्रवर्तक महाराजा श्री अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों मे सपरिवार सम्मिलित हो तथा व्यक्तित्व एवं प्रतिभा विकास के लिए बच्चों एवं महिलाओं को प्रतियोगिताओं में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। अग्रसेन जयंती महोत्सव 1 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 15 अक्टूबर तक चलेगा। पंद्रह दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव में चित्रकला प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, प्रश्न मंच, गो सेवा, महिला संगोष्ठी, युवा संगोष्ठी, एकल नृत्य, समूह नृत्य, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, स्थापना दिवस समारोह, वरिष्ठजन सम्मान, मेडिकल कैंप, शोभा यात्रा, महाराजा अग्रसेन चौक पर पुष्पांजलि, प्रतिभा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा सह अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने देते हुए बताया कि इस अवसर पर वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, प्रभाकर अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, कौशल राजगढ़िया, प्रकाश बजाज, विनोद टिबरेवाल, अमर अग्रवाल, आकाश अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### संकल्प यात्रा में लोगों को दी गयी जिम्मेदारियां

# हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लें कार्यकर्ता: कोचे मुंडा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा 21 सितंबर को तोरपा पहुंचेगी। यहां संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए तोरपा नगर भवन में बुधवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसमें विचार-विमर्श के बाद कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में तोरपा के विधायक कोचे मुंडा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे जबकि कार्यक्रम के तोरपा और खूंटी विधानसभा प्रभारी और भाजपा के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। भाजपा तोरपा मंडल के अध्यक्ष पुरेंद्र मांझी ने आंगतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि संकल्प यात्रा संताल परगना के भोनाडीह से 17 अगस्त को शुरू की हुई जो 10 अक्टूबर को समाप्त होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक कोचे मुंडा ने एक ओर केंद्र सरकार को सराहा तो दूसरी ओर राज्य की हेमंत सरकार को जमकर लताड़ा। साथ ही कहा कि हर कार्यकर्ता राज्य की निकम्मी हेमंत सरकार को उखाड़ कर फेंकने का संकल्प ले।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

### मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना
### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 10/2023-24/RWD/GARHWA दिनांक – 13.09.2023

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | काण्डी | JH-M-GAR-18/ 2023-24 | 1 | श्रीनगर–दारीडीह–डुमरसोता बस्ती से बजरंग बली होते मुख्य पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (4.75 कि0मी0) | 1296.785 | बारह करोड़ छियानबे लाख अठत्तर हजार पाँच सौ रूपये। | 09 महीना |
| | काण्डी | | 2 | बहेरवा मोड़ से नैनाबार होते हुए काण्डी भवनाथपुर मुख्य पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (2.25 कि0मी0) | | | |
| | काण्डी | | 3 | सुन्डीपुर मोड बरकट से सुण्डीपुर हनुमान मंदिर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (1.40 कि0मी0) | | | |
| | काण्डी | | 4 | शिवरी से पखनाहा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (2.00 कि0मी0) | | | |
| | बरडीहा | | 5 | सेमरी सिमाना से नावाडीह तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (5.80 कि0मी0) | | | |
| 2 | रमना | JH-M-GAR-19/ 2023-24 | 1 | एन0एच0–75 गुलहरी बाँध से सिलीदाग पंचायत भवन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (3.00 कि0मी0) | 1249.893 | बारह करोड़ उन्चास लाख नवासी हजार तीन सौ रूपये। | 09 महीना |
| | रमना | | 2 | कर्णपुरा (गिद्धी) से सिद्धी तक पथ का विषेश मरम्मति कार्य। (4.00 कि0मी0) | | | |
| | धुरकी | | 3 | बिशुनिया से मरचईया धुरकी रोड तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (8.35 कि0मी0) | | | |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 22.09.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.10.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रा0का0वि0, झारखण्ड, राँची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, राँची अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, गढ़वा में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:– दिनांक 04.10.2023 अपराह्न 03:30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 05.10.2023 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:–9431586961
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/खाता से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 306872 Rural Work Department (23-24)_D


### एचईसी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर पाबंदी

# अधिकारियों से संपर्क करने के बाद भी नहीं मिली अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एचईसी मुख्यालय में मीडियाकर्मियों के प्रवेश पर पाबंदी है। हालांकि इस संबंध में प्रबंधन की ओर से न तो कोई लिखित और न ही मौखिक घोषणा की गई है। गौरतलब है कि बुधवार को कुछ मीडियाकर्मियों ने एचईसी की वर्तमान स्थिति से अवगत होने के लिए प्रबंधन की ओर से अधिकृत अधिकारी से संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन उन्हें मुख्यालय के गेट पर तैनात सीआइएसएफ के सुरक्षाकर्मी द्वारा रोक दिया गया। सुरक्षाकर्मी का कहना था कि जब तक प्रबंधन की ओर से अधिकृत अधिकारी अनुमति नहीं देंगे, तब तक जाने नहीं दिया जा सकता है। इस दौरान




एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक समाचार पत्र के मीडियाकर्मी (वरिष्ठ पत्रकार) ने एचईसी के सीनियर डीजीएम (कंपनी सेक्रेटरी) व प्रबंधन की ओर से मीडिया को जानकारी देने के लिए अधिकृत जनसंपर्क अधिकारी अभय कुमार कंठ से संपर्क किया, तो उन्होंने बड़ी बेरुखी से जवाब दिया कि 'आप बार-बार फोन करके डिस्टर्ब कर रहे हैं। मैं मीटिंग में हूं, अभी नहीं मिल सकता। उन्होंने एचईसी के कार्मिक एवं प्रशासनिक विभाग के प्रभारी प्रशांत पाठक से भी संपर्क किया, तो उन्होंने भी यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि मीडिया से बात करने के लिए अभय कुमार कंठ ही अधिकृत हैं, इसमें मैं कुछ नहीं कर सकता। एचईसी के अधिकारियों की इस बेरुखी और असहयोगात्मक रवैए से निराश मीडियाकर्मी वापस लौट गए। बताया जाता है कि मीडिया कर्मियों से बात करने के लिए प्रबंधन की ओर से अधिकृत अधिकारियों की उदासीनता के कारण कई महत्वपूर्ण जानकारियां, जो जनहित व राष्ट्र हित में प्रबंधन के लिए हितकर हो सकता है, नहीं मिल पाती है। यह भी बताया जाता है कि कुछ अधिकारी नहीं चाहते कि एचईसी का कायाकल्प हो, यही वजह है कि मीडिया से परहेज करते हैं।

## हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की स्कूलों को हर माह करनी होगी समीक्षा

**रांची।** बच्चों की जीवनशैली में स्वास्थ्य का महत्व बताने के लिए केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के संचालन के लिए सरकारी स्कूलों को अब गंभीर होना होगा। इसके लिए झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् (जेईपीसी) ने जिलों के डीसी व डीडीसी को पत्र लिखकर योजना की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। परियोजना निदेशक ने पत्र में कहा है कि क्षेत्र भ्रमण में पाया गया कि कई स्कूलों में कार्यक्रम का संचालन सही से नहीं हो रहा। प्रतिकूल प्रभाव न पड़े इसके लिए मासिक समीक्षा की जाए। जिला स्तर पर डीसी व प्रखंड स्तर पर बीडीओ की अध्यक्षता में गठित कमेटी को मॉनटिंग करना है। मालूम हो कि कार्यक्रम के माध्यम से स्कूलों में हर मंगलवार व शनिवार को वेलनेस-डे मनाना है। इसमें बच्चों को विभिन्न विषयों पर गतिविधियां कराई जाती हैं। जेसीईआरटी और सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंच (सी थ्री) के सहयोग से वैसे स्कूल जहां, छठी से ऊपर की पढ़ाई होती है।

### शमीम अंसारी पर झूठे रंगदारी का मामला बनाकर फंसाया गया

# अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर थाना से लगाई गुहार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शमीम अंसारी रड़गांव तामाड़ थाना के निवासी शमीम अंसारी ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि मैं दिव्यांग हूं और आंख से मुझे कुछ भी दिखाई नहीं देता है। उन्होंने कहा कि मेरी पुश्तैनी जमीन जिसका खाता नंबर 139 और प्लॉट नंबर 1268 और 1269 में कुल एक एकड़ 84 डिसमिल जमीन है, जिस पर दूसरे पक्ष मुन्नी देवी पति जयचंद मुंडा ग्राम रंगमाटी गांव रड़गांव थाना तामाड़ जिला रांची के द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपनी पुश्तैनी जमीन पर मैं काम कर रहा था उसी समय दिलदार हुसैन, अनवर और शहजाद हुसैन तीनों ने मिलकर हमारे जमीन पर आकर मुझे गाली गलौज, मारपीट के धमकी देने लगे, उन्होंने धमकी दिया कि जमीन छोड़ो नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। इस संबंध में मैंने तामाड़ थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराया, उसके बाद तामाड़ थाना ने मुझ पर दबाव बनाया कि इस मामले पर समझौता कर लो। समझौता नहीं करने पर दिलदार हुसैन ने मुझ पर झूठा रंगदारी और मारपीट एवं तोड़फोड़ का केस दर्ज कराया, जिसका जमानत मैं झारखंड हाई कोर्ट से लिया। मेरा रांची जिला प्रशासन और तमाम थाना से आग्रह है कि मेरे साथ इंसाफ किया जाय, नहीं यह लोग मुझे जीने नहीं देंगे। कभी यह लोग मुझपर हमला बोल सकता हैं जिससे हमारी जान व माल को नुकसान पहुंच सकता है।

### मत्स्यपालकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

# आरएएस व बायोफ्लॉक विधि से अवगत हुए मत्स्यपालक प्रशिक्षणार्थी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मत्स्य निदेशालय की ओर से मत्स्यपालकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। मत्स्य किसान प्रशिक्षण केंद्र, शालीमार धुर्वा में मत्स्य प्रसार अनुसंधान व प्रशिक्षण योजना अंतर्गत रंगीन मछली पलकों को प्रशिक्षण दिया गया। मत्स्यपालकों को आरएएस और बायोफ्लॉक की नई तकनीक से मछली पालन की विधि बताई गई। विशेषज्ञ डॉ. अखलाकुर और डॉ. सुमन रचित द्वारा मत्स्यपालकों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर मत्स्य निदेशक डॉ. एचएन द्विवेदी, उप मत्स्य निदेशक (प्रशिक्षण) मरियम मुर्मू, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी सीमा टोप्पो, स्वर्णलता मधु लकड़ा, सावन शीला हंस सहित अन्य उपस्थित थे। मत्स्य निदेशालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इसी महीने मत्स्यपालकों को केज कल्चर से मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।


झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग,झारखण्ड,रॉंची। (कृषि प्रभाग)

कार्यालयः–भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।
E-Mail ID- dscogarhwa@gmail.com

### –: आम सूचना :–

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, रांची का स्वीकृत्यादेश सं0 62 दिनांक 01.02.2023 द्वारा गढ़वा जिला हेतु वित्तीय वर्ष–2022–23 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अंतर्गत Sub Mission on Agriculturel Mechanization (SMAM) उपयोजना अन्तर्गत अनुदानित दर पर कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतू (अधिकतम 80 प्रतिशत) स्वयं सहायता समूह/Enterpreneurs /Lampus/Pacs/ FPOs/Village Organization (V.O)/कलस्टर फेडरेशन या अन्य कृषक समूहों को अच्छादित किया जायेगा।

इस योजनान्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ महिला कृषकों/को व्यक्तिगत कृषि यंत्र अधिकतम 50 एवं 60 प्रतिशत अनुदान पर वितरण किया जाना है जो निम्न प्रकार है:–

| क0 | कृषि यंत्र का नाम | OSP भौतिक लक्ष्य | अधिकतम अनुदान(राषि लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ | 11 | 80 प्रतिषत या 8.00 लाख रू0 |
| 2 | कोनोविडर | 14 | 50 प्रतिषत या 1200 रू0 |
| 3 | मिनी राईस मील | 5 | 60 प्रतिषत या 240000 रू0 |
| 4 | मिनी दाल मील | 5 | 60 प्रतिषत या 150000 रू0 |
| 5 | मेजसेलर | 5 | 50 प्रतिषत या 10000 रू0 |
| 6 | नेपशेक स्प्रेयर | 21 | 50 प्रतिषत या 750 रू0 |
| 7 | सोलर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 18 | 50 प्रतिषत या 1800 रू0 |
| 8 | पावर चालित नेपशेक स्प्रेयर | 21 | 50 प्रतिषत या 3100 रू0 |
| 9 | प्लास्टि कमल्चलिइंग मषीन | 5 | 50 प्रतिषत या 75000 रू0 |
| 10 | सीड कम फर्टीलाईजर ड्रील | 10 | 50 प्रतिषत या 18000 रू0 |
| 11 | जीरोटील मल्टीकोप ड्रील | 10 | 50 प्रतिषत या 18000 रू0 |
| 12 | रोटावेटर (5 फीट तक) | 10 | 50 प्रतिषत या 35000 रू0 |
| 13 | मल्टीकोप थ्रेसर | 10 | 50 प्रतिषत या 40000 रू0 |
| 14 | पैडी थ्रेसर | 10 | 50 प्रतिषत या 40000 रू0 |
| 15 | पावर वीडर | 10 | 50 प्रतिषत या 25000 रू0 |
| 16 | सीड ट्रीटिंग ड्रम | 27 | 50 प्रतिषत या 10000 रू0 |
| 17 | एम बी प्लाव | 10 | 50 प्रतिषत या 30000 रू0 |
| 18 | डिस्क प्लाव | 5 | 50 प्रतिषत या 30000 रू0 |
| 19 | कल्टीवेटर 5,7,9, दॉंता | 10 | 50 प्रतिषत या 30000 रू0 |
| 20 | केजव्हील | 10 | 50 प्रतिषत या 30000 रू0 |
| 21 | फरोओपनर | 5 | 50 प्रतिषत या 30000 रू0 |
| 22 | रीजर | 5 | 50 प्रतिषत या 30000 रू0 |
| 23 | पोटैटो प्लांटर | 10 | 50 प्रतिषत या 40000 रू0 |
| 24 | पोटैटो डीगर | 10 | 50 प्रतिषत या 40000 रू0 |

लाभुक का चयन:–
- इस योजना के कार्यान्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त महिला स्वयं सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूहों के गठन में 10–12 सदस्यों का होना अनिवार्य है।
- वैसे महिला स्वयं सहायता समूहों/महिला सखी मंडल एवं कृषक समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके सदस्यों में कम से कम किसी एक सदस्य के पास ट्रैक्टर वाहन (LMV) चालन का वैध लाइसेंस होगा एवं समूह के पास खेती योग्य 10 एकड़ से अधिक भूमि होगी।
- जिन कृषक समूहों एंव कृषको को कृषि विभाग/भूमि संरक्षण द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी योजना के माध्यम से कृषि यंत्र पूर्व में प्राप्त किया गया होगा, उन यंत्रो को छोडकर अन्य कृषि यंत्रो के लिए पात्रता होगी।
- आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय, गढ़वा से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।
- उक्त योजना का आवेदन प्राप्ति हेतु PR 305419 Agriculture (23-24)#D के द्वारा पूर्व में सूचना दिया गया था। परन्तु आवेदन–पत्र लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त नही होने के कारण पुनः आमसूचना दी जा रही है।
- पूर्णरूपेण भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 15.09.2023 से दिनांक 27.09.2023 तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में संध्या 5.00 बजे तक जमा किया जायेगा।

कार्यालय पता :–
विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।
कार्यालय का पता:– भूमि संरक्षण कार्यालय गढ़वा संयुक्त कृषि भवन गढ़वा

भूमि संरक्षण पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 306850 Agriculture(23-24)D


## पृष्ठ एक के शेष

**महिला ने बच्चे के साथ तलाब में...**

पास के तालाब में देखी। जिसकी सूचना छतरपुर पुलिस को दी गई। उधर मृतक के पिता नागदेव यादव ने बताया कि कुछ दिनों से सुधीर यादव से पारिवारिक विवाद चल रहा था। जिसमें सुधीर यादव ने उनकी पुत्री की जान ले ली। इधर मामले पर छतरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार ने बताया कि दोनों पक्ष का बयान लिया जा रहा है तथा आवेदक के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हत्या या आत्महत्या दोनों बिंदु पर जांच कर रही है।

**लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को....**

द्वारा शुभारंभ की गई प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है, जो 5 लाख रुपये तक की चिकित्सा कवरेज प्रदान करती है। उस योजना के अंतर्गत 17 सितंबर 2023 से एक अभियान शुरू किया जा रहा है, जिससे पीएम-जेएवाई योजना के तहत सभी शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड दिए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी लाभार्थी न छूटे। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे झारखण्ड राज्य में इस अभियान को पूर्णतः सफल बनाया जायेगा। राज्यपाल ने लोगों से अपील की कि आइए हम सभी आयुष्मान भवः में निहित भावना को सफल बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें, ताकि देश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त हो सके। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक आयुष्मान भवः कार्यक्रम का लाभ पहुंचे, इसके लिए हम कृत संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि अब तक एक करोड़ 22 लाख लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल चुका है लेकिन हमारा लक्ष्य 02 करोड़ 69 लाख लोगों को इस योजना का लाभ पहुंचाना है। इस दिशा में राज्य सरकार कार्य कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भवः अभियान सरकार की अद्भुत पहल है। यह अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा। इस कार्यक्रम के तहत लाखों परिवारों को अब आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। इससे लोगों को इलाज के लिए बीमा कवरेज भी प्राप्त होगा। इसका उद्देश्य परिवारों को इलाज के भारी खर्च के बोझ से बचाना है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने आयुष्मान भवः के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान सभा, आयुष्मान मेला और आयुष्मान ग्राम कार्यक्रम के मुख्य स्तंभ हैं। आयुष्मान भारत द्वारा स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) पर आयुष्मान मेला आयोजित किया जाएगा। आयुष्मान सभा केंद्र और राज्य सरकारों की सभी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ लाभुकों को सुनिश्चित कराने के लिए ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण समिति के नेतृत्व में एक ग्राम-स्तरीय अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों, पांच बार से ज्यादा रक्तदान करने वाले लोगों और एचडब्ल्यूसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कई लोगों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक आलोक त्रिवेदी सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारीगण, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित डॉक्टर्स, पारामेडिकल्स, स्वास्थ्यकर्मी एवं आयुष्मान भारत के लाभुक उपस्थित थे।

## सुतियाम्बेगढ़ ईद मेला 26 को सितंबर को

**कांके।** पिठोरिया के सुतियाम्बेगढ़ ईद मेला 26 सितंबर को लगेगा। इसके लिए मेला समिति के संरक्षक बाबूलाल महली की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें 12 पड़हा, 22 पड़हा और झीका पड़हा के लोग शामिल हुए। मेला के आयोजन समिति का कार्यकाल पूरा होने पर इसका पुनर्गठन किया गया। इसके तहत लगातार तीसरी बार रंजीत टोप्पो को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष सोहराई टोप्पो, उपाध्यक्ष फ्रांसिस लिंडा, योगेन्द्र उरांव, तीर्थनाथ पाहन, मतियस उरांव, संदीप मुंडा, रमेश मुंडा, बलराम मुंडा, रजनीचंद्र पाहन, ग्रामप्रधान छोटन मुंडा, महासचिव प्रो भादी प्रकाश उरांव, सचिव सूरज मुंडा, बलेश्वर उरांव, सुरेश उरांव, अभिषेक मुंडा, रंजन पाहन, शिव शंकर मुंडा, रतन पाहन चुने गए। जबकि कोकदोरो पंचायत के मुखिया उज्ज्वल पाहन को सुतियाम्बे गढ़ क्षेत्र का पड़हा राजा घोषित किया गया।

# पाल्कबे नेशनल स्टैंड अप पैडलिंग चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करेंगे 80 से अधिक पैडलर्स



**एजेंसी। रामेश्वरम**

देश भर से 80 से अधिक स्टैंड-अप पैडलर्स 14 और 15 सितंबर 2023 को पाल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग (एसयूपी) चैंपियनशिप 2023 में शीर्ष सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे। भारत में सर्फिंग और स्टैंड-अप पैडलिंग के खेल के लिए शासी निकाय - सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी की जा रही है। टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में गत विजेता और शीर्ष भारतीय स्टैंड-अप पैडलर्स शेखर पचाई, मोनिका पुगझारसु और गायत्री जुवेकर भी रामेश्वरम के प्राचीन पिरप्पनवलसाई समुद्र तट पर एक्शन में दिखाई देंगे। इस आयोजन को तमिलनाडु सर्फिंग एसोसिएशन का भी समर्थन प्राप्त है, जबकि क्यूटीटी एडवेंचर स्पोर्ट्स अकादमी (क्वेस्ट अकादमी) चैंपियनशिप आयोजक होगा। पाल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैंपियनशिप में तीन केटेगरी में पुरुष, महिला और ग्रोम्स (अंडर 16) श्रेणियों के प्रतियोगी भाग लेंगे; स्प्रिंट (200 मीटर), तकनीकी (2 किमी) और डिस्टेंस (12 किमी)। रेसिंग के स्प्रिंट वर्ग में अपनी पैडल ताकत और गति का परीक्षण करने के लिए गैर-रैंकिंग एथलीटों के लिए एक ओपन केटेगरी की रेस भी होगी।

सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव जेहान ड्राइवर ने कहा, पाल्कबे एसयूपी चैलेंज के पीछे का उद्देश्य स्टैंड-अप पैडलिंग के रोमांचक खेल को बढ़ावा देना था और हमें खुशी है कि कम समय में हमने इतना आकर्षण इकट्ठा कर लिया है कि दूसरे संस्करण में लड़ने के लिए नए चेहरे तैयार हो रहे हैं। निस्संदेह यह खेल विश्व स्तर पर सबसे तेजी से बढ़ने वाला क्रीड़ा खेल है और देश भर से हमारे प्रतिभागियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए इसका प्रभाव भारत में भी दिखाई दे रहा है। मैं चैंपियनशिप के लिए निरंतर समर्थन के लिए तमिलनाडु के खेल विकास प्राधिकरण (एसडीएटी) और रामनाथपुरम के जिला प्रशासन का आभारी हूं। पाल्कबे नेशनल स्टैंड-अप पैडलिंग चैम्पियनशिप पेशेवर रूप से अंतरराष्ट्रीय सर्फिंग एसोसिएशन (आईएसए) के नियमों के अनुसार आयोजित की जाती है। पुरुष वर्ग में पिछले साल सभी रेस जीतने वाले मौजूदा चैंपियन सेकर पचाई, डिस्टेंस रेस (6 किमी) की विजेता मोनिका पुगाझारसु और महिला वर्ग में स्प्रिंट रेस जीतने वाली गायत्री जुवेकर के साथ-साथ कुछ अन्य उल्लेखनीय नाम जैसे मणिकंदन डी और प्रवीण भी प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाई देंगे।

## NEWS इन ब्रीफ

### अर्जेंटीना ने मेसी के बिना बोलीविया को 3-0 से हराया



**ला पीएजेड।** मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने मंगलवार को यहां बोलीविया पर 3-0 से जीत के साथ दक्षिण अमेरिका के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर में अपनी शानदार शुरूआत बरकरार रखी। कप्तान लियोनेल मेसी के बिना खेलते हुए, मैच के 31वें मिनट में एंजो फर्नांडीज ने गोल कर अर्जेंटीना को बढ़त दिला दी। इसके कुछ ही समय बाद जब रॉबर्टो फर्नांडीज को क्रिस्टियन रोमेरो को कड़ी चुनौती देने के लिए दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया तो मेजबान टीम को 10 खिलाड़ियों से खेलना पड़ा। मैच के 42वें मिनट में निकोलस टैग्लियाफिको ने हेडर के जरिये गोल कर अर्जेंटीना की बढ़त 2-0 कर दी।

### हांग्जो एशियाई खेलों में 183 एथलीट भेजेगा मकाओ एसएआर



**मकाओ।** चीन का मकाओ विशेष प्रशासनिक क्षेत्र (एसएआर) आगामी हांग्जो एशियाई खेलों के लिए 183 एथलीटों सहित 273 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। सिन्हुआ के अनुसार, एथलीट, जिन्हें उड़ान भरने से पहले मंगलवार को मकाओ एसएआर के मुख्य कार्यकारी हो इआत सेंग ने विदाई दी, एक्वाटिक्स, ट्रैक और फील्ड, बास्केटबॉल, बैडमिंटन और मार्शल आर्ट सहित 21 खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। हो ने एथलीटों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे देश और मकाओ के लिए पदक जीतेंगे और हांगकांग और मकाओ एसएआर के साथ गुआंगडोंग प्रांत द्वारा सह-मेजबानी में होने वाले 15वें चीनी राष्ट्रीय खेलों 2025 के लिए पूरी तैयारी करेंगे।

### दक्षिण अफ्रीका की क्लो ट्रायॉन की टीम में वापसी

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी ऑलराउंडर क्लो ट्रायॉन 24 सितंबर से 15 अक्टूबर तक न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली सफेद गेंद श्रृंखला के लिए 16 सदस्यीय टीम में शामिल होने के लिए छुट्टी से लौट आई हैं। क्लो छुट्टी के कारण दक्षिण अफ्रीका के मौजूदा पाकिस्तान दौरे से हट गई थीं, लेकिन अब वह न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे और पांच टी20 मैचों की श्रृंखला से लौरा वोल्वार्ड्ट की अगुवाई वाली टीम में शामिल होने के लिए उपलब्ध हैं। दक्षिण अफ्रीका पाकिस्तान से टी20 सीरीज 3-0 से हार गया, लेकिन वनडे सीरीज जीतने में कामयाब रहा, जिसका आखिरी मैच गुरुवार को कराची में होगा।

### पाकिस्तानी टीम में नसीम शाह की जगह जमान खान शामिल



**कोलंबो।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घोषणा की है कि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जमान खान ने मौजूदा एशिया कप में नसीम शाह की जगह ली है। भारत के खिलाफ मैच के दौरान नसीम के दाहिने कंधे में चोट लग गई थी। टीम के मेडिकल पैनल द्वारा उनकी निगरानी जारी रखी जा रही है जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहा है। जमान खान ने टी20 प्रारूप में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया है। पाकिस्तान के लिए छह टी20 में उन्होंने 32.5 की औसत और 6.66 की इकोनॉमी से चार विकेट लिए हैं। रविवार को बारिश के कारण पहला दिन धुल जाने के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच मैच रिजर्व डे पर चला गया।

## शानदार कमबैक पर केएल राहुल बोले

# मुझे पिछले 3 या 4 महीनों की तैयारी पर भरोसा था



**एजेंसी। कोलंबो**

केएल राहुल को शुरू में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप सुपर 4 मैच के लिए भारत की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया था, लेकिन अंतिम समय में श्रेयस अय्यर की जगह उन्हें मौका मिला और उन्होंने कमबैक करते हुए शतक जड़ा। आईपीएल 2023 में दाहिनी जांघ की चोट के लिए सर्जरी और पुनर्वास के बाद केएल राहुल ने करीब 3-4 महीनों बाद अंतर्राष्ट्रीय मैच में वापसी की। बारिश से प्रभावित मैच में पाकिस्तान के खिलाफ राहुल ने नाबाद 111 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने कई अच्छे शॉट्स लगाए और विकेटकीपिंग भी की।

फिर, मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ राहुल ने 44 गेंदों में 39 रन बनाए। इस मैच में राहुल ने शानदार विकेटकीपिंग से भी अपनी छाप छोड़ी और भारत की जीत में योगदान दिया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी शानदार वापसी के बारे में बोलते हुए राहुल ने प्रदर्शन का श्रेय पिछले 3-4 महीनों में की गई तैयारियों को दिया। राहुल ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मुझे किसी भी चीज के बारे में सोचने के लिए इतना समय नहीं मिला क्योंकि यह आखिरी क्षण था। लेकिन मैंने पिछले तीन या चार महीनों में अपनी तैयारी पर भरोसा किया। मैं यह सोचकर श्रीलंका आया था कि मैं प्लेइंग-11 में शुरूआत करूंगा और बस इतना ही मैं इसके लिए कैसे तैयारी कर रहा था।" यह पूछे जाने पर कि बल्लेबाजी करते समय उन्हें क्या महसूस हुआ, राहुल ने कहा, ₹जब मैंने पहली कुछ गेंदें खेलीं, तो मैं घबरा गया और यह पता लगाने की कोशिश की कि मैं इस पिच पर कौन से शॉट खेल सकता हूं और दबाव कम कर सकता हूं। हालांकि, पाकिस्तान के खिलाफ यह अलग था क्योंकि पिच ने हमें अधिक शॉट खेलने और यह देखने की अनुमति दी कि मैच के अनुसार क्या उपयुक्त है। लेकिन श्रीलंका के खिलाफ मुझे खुशी है कि मैंने आउट होने तक जो शॉट खेलना चुना वह अच्छे थे। राहुल ने यह भी खुलासा किया कि उन्होंने बेंगलुरु में एनसीए में अपनी विकेटकीपिंग पर कड़ी मेहनत की। उन्होंने कहा, जब मैं एनसीए में था, रिकवरी के दौरान, मैंने वहां के कोचों के साथ अपनी कीपिंग पर काम किया। पहले, मैं ज्यादातर बल्लेबाजी करता था लेकिन इस बार मैंने अपना काफी समय कीपिंग पर भी बिताया। उम्मीद है कि मैं दोनों जिम्मेदारी अच्छी तरस से निभा सकता हूं। पिछले दो मैचों में बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने दो मैचों में 9 विकेट लिए हैं। राहुल यह देखकर खुश थे कि कुलदीप शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और टीम के लिए बेहतरीन गेंदबाज बन रहे हैं।

# एशियन गेम्स 2023 : भारतीय रग्बी सैवन्स महिला टीम घोषित

## शीतल शर्मा होंगी कप्तान




**एजेंसी। कोलकाता।**

रग्बी इंडिया ने बुधवार को यहां आयोजित एक आधिकारिक समारोह में 19वें एशियाई खेलों के लिए भारतीय रग्बी सैवन्स महिला टीम की घोषणा कर दी है। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितम्बर से 8 अक्टूबर 2023 के बीच चीन के हैंगझोउ, झेजिआंग प्रान्त में किया जा रहा है। भारतीय टीम एशिया के सबसे बड़े खेल मंच पर अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए तैयार है। इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के अध्यक्ष राहुल बोस ने टीम की घोषणा के अवसर पर कहा, 50 दिन के कैम्प के अंत में रग्बी इंडिया आत्मविश्वास के साथ कह सकती है कि यह एथलीट्स की सर्वश्रेष्ठ स्क्वैड है। हमारा कोचिंग स्टाफ खिलाड़ियों को इस खेल आयोजन के लिए मानसिक, शारीरिक एवं मनौवैज्ञानिक रूप में तैयार करेगा। हमारी इच्छा मात्र यही है कि देश हमारी महिलाओं को समर्थन दे, उनके पंखों को उड़ान भरने के लिए प्रोत्साहित करे। इस अवसर पर भारतीय कप्तान शीतल ने कहा, देश को हमारी टीम से ढेरों उम्मीदें हैं, जो एशियाई खेलों में हमारी सबसे बड़ी ताकत होगी। हमारे सामने चाहे कोई भी टीम हो, हमें यही सिखाया गया है कि हमें हार नहीं माननी है। हम प्रतियोगिता के लिए तैयार हैं और कैम्प में कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमें बहुत अच्छी कोचिंग और सुविधाएं मिली हैं। हमें विश्वास है कि हम एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करेंगे। शीतल शर्मा ने टीम ने उस टीम की कप्तानी भी की है जिसने हाल ही में मलेशिया में आयोजित बोर्नियो 7 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथा स्थान हासिल किया। भारतीय टीम के मुख्य कोच लुडविचे वैन देवेंतर ने कहा, एशियाई खेलों तक पहुंचने की पिछले 5 सालों की यात्रा बेहद चुनौतीपूर्ण और रोचक रही है। हर खिलाड़ी का उत्साह और मेहनत हमें इस मुकाम तक लेकर आई है, जहां हमें एशियाई मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिल रहा है। भारत का कैंपेन 24 सितम्बर को सुबह के सत्र में हांग-कांग चीन के साथ तथा दोपहर के सत्र में जापान के साथ शुरू हुआ। भारत को ग्रुप एफ में डिफेंडिंग चैम्पियन जापान, हांग कांग, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है।

# भारत-बांग्लादेश मुकाबले से पहले मुशिफकुर रहीम टीम से बाहर




**एजेंसी। कोलंबो**

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया कि अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम शुक्रवार को भारत के खिलाफ होने वाले एशिया कप में बांग्लादेश के सुपर फोर मैच में नहीं खेल पाएंगे। 9 सितंबर को कोलंबो में सुपर फोर मैच में श्रीलंका से बांग्लादेश की 21 रनों से हार के बाद मुश्फिकुर रहीम श्रीलंका से अपने देश लौट गए हैं क्योंकि उनके घर में नन्ही परी ने जन्म लिया है। जिसके चलते मुश्फिकुर रहीम अब आगे एशिया कप में नहीं खेल पाएंगे। हालांकि, पहले उन्हें 15 सितंबर को भारत के खिलाफ मैच के लिए वापस आना था। लेकिन बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बताया कि मुश्फिकुर ने ढाका में अपनी पत्नी जन्नतुल केफायत मोंडी और नवजात बच्चे के साथ रहने के लिए छुट्टी को बढ़ा दिया है। बीसीबी क्रिकेट संचालन अध्यक्ष मोहम्मद जलाल यूनुस ने कहा, मुशफिकुर ने हमें सूचित किया है कि उनकी पत्नी अभी भी रिकवर कर रही हैं।

## हालेप ने डोपिंग रोधी प्रतिबंध पर कहा

# मैं इन झूठे आरोपों से अपना नाम साफ कर दूंगी



**एजेंसी। लंदन**

दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप को दो अलग-अलग डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन पर चार साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है, क्योंकि इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने उनके खिलाफ फैसला सुनाया और कहा कि डोपिंग रोधी सामग्री की मात्रा बहुत अधिक है। उसके शरीर में पाया जाने वाला पदार्थ किसी दूषित पूरक से नहीं आ सकता। आईटीआईए ने मंगलवार को यह बात कही और डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के मुद्दे पर गौर किया, जिससे उन पर चार साल के प्रतिबंध की पुष्टि हो गई। 2022 में यू.एस. ओपन में प्रतिबंधित पदार्थ रोक्साडस्टैट के लिए प्रतिकूल विश्लेषणात्मक खोज (एएएफ) से संबंधित पहला (चार्ज) प्रतियोगिता के दौरान नियमित मूत्र परीक्षण के माध्यम से किया गया था।

ट्रिब्यूनल ने हालेप के इस तर्क को स्वीकार कर लिया कि उन्होंने एक दूषित पूरक लिया था, लेकिन यह निर्धारित किया कि खिलाड़ी द्वारा ली गई मात्रा के परिणामस्वरूप सकारात्मक नमूने में रॉक्सडस्टैट की सांद्रता नहीं पाई गई। आईटीआईए ने एक बयान में कहा, दूसरा आरोप हालेप के एथलीट बायोलॉजिकल पासपोर्ट (एबीपी) में अनियमितताओं से संबंधित है। 31 वर्षीय पूर्व विंबलडन और फ्रेंच ओपन चैंपियन को पिछले साल यूएस ओपन में प्रतिबंधित रक्त-बूस्टर रॉक्सडस्टैट के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद अक्टूबर 2022 से अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।

उनका निलंबन 6 अक्टूबर, 2026 तक रहेगा।

## वर्ल्ड कप के लिए अफगानिस्तान टीम का ऐलान

# नवीन उल हक को मिली जगह



**एजेंसी। काबुल**

अफगानिस्तान ने भारत में अक्टूबर में होने वाले आईसीसी पुरुष विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। तेज गेंदबाज नवीन उल हक, जिन्होंने आखिरी बार 2021 में लिस्ट ए मैच खेला था। दो साल के बाद टीम में वापसी कर रहे हैं, जबकि सीनियर ऑलराउंडर गुलबदीन नायब मौजूदा एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद टीम से बाहर हैं। नवीन ने अफगानिस्तान के लिए सात वनडे मैच खेले हैं और 25.42 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। इस बीच नायब ने पाकिस्तान सीरीज में अपनी वनडे वापसी पर चमक बिखेरी और बाद में एशिया कप में श्रीलंका के खिलाफ चार विकेट लिए लेकिन वो वर्ल्ड कप की टीम में जगह नहीं बना पाए। चोट के कारण एशिया कप से बाहर रहने वाले अजमतुल्लाह ओमरजई की भी टीम में वापसी हुई है। हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई वाली टीम में एशिया कप में खेलने वाले ग्रुप से चार बदलाव किए गए हैं। नायब के अलावा करीम जनत, शराफुद्दीन अशरफ और सुलेमान सफी भी चूक गए। हालांकि, नवीन की टीम में वापसी के साथ अब फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और उमरजई के साथ अफगानिस्तान की गेंदबाजी में गहराई होगी।

## टूर्नामेंट अश्विनी-तनिषा की जोड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में

# लक्ष्य सेन ने नाम वापस लिया



**एजेंसी। कॉव्लून (हांगकांग)**

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को अपने पुरुष एकल के शुरूआती दौर के मैच से दो घंटे पहले हट गए, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी चीनी ताइपे के सु ली यांग को वॉकओवर मिल गया। वर्ल्ड नंबर 7 एचएस प्रणय की अनुपस्थिति में आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य टूर्नामेंट में पुरुष एकल में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय शटलर थे। चाइना ओपन के पहले दौर में हारने के बाद, लक्ष्य को प्रणय, किदांबी श्रीकांत और पीवी सिंधु की अनुपस्थिति में खिताब के लिए सबसे बड़ा दांव माना जा रहा था। यह तिकड़ी एशियाई खेल 2022 के लिए राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा होगी। टूर्नामेंट के पहले दौर में लगातार बाहर होने के बाद, लक्ष्य को बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में अपना 8वां स्थान खोने की संभावना है। उन्होंने आखिरी बार जुलाई में कनाडा ओपन सुपर 500 में टूर्नामेंट जीता था।

इस बीच, अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो (50वीं रैंकिंग) की महिला युगल जोड़ी दुनिया की नंबर 21 चीनी ताइपे ली चिया सीन और टेंग चुन हसुन की जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत के साथ प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। । मिश्रित युगल में, अश्विनी, बी सुमेथ रेड्डी के साथ, तीन गेमों में मलेशियाई जोड़ी चेंग तांग जी और तोह ई वेई से 16-21, 21-16, 18-21 से हार गईं। पुरुष युगल में, कृष्णा प्रसाद गरागा और विष्णुवर्धन गौड़ पंजाला को पहले दौर में को सुंग ह्यून और शिन बाक चेओल की कोरियाई जोड़ी से 14-21, 19-21 से हारकर बाहर होना पड़ा। दुनिया के 28वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु रावत भी जापान के कांता त्सुनेयामा से 13-21, 14-21 से हारकर जल्दी बाहर हो गए। महिला एकल में, आकर्षी कश्यप शुरूआती दौर में यवोन ली से 18-21,10-21 से हार गईं, जबकि मालविका बंसोड़ का सामना विश्व नंबर 17 चीन की झांग यी मैन से होगा।

## पीवी सिंधु ने एप्पल सीईओ टिम कुक से की मुलाकात, दिया बैडमिंटन मैच का ऑफर



**शीर्ष भारतीय** शटलर पीवी सिंधु ने कैलिफोर्निया में एक लॉन्च इवेंट में एप्पल के सीईओ टिम कुक से मुलाकात की और इस दौरान ली गई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। एप्पल ने मंगलवार को अपने अगली पीढ़ी के आईफोंस का अनावरण किया और यह कार्यक्रम अमेरिका के क्यूपर्टिनो में कंपनी के मुख्यालय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने भी हिस्सा लिया। सिंधु ने इंस्टाग्राम पर एप्पल सीईओ के साथ एक सेल्फी साझा की और उस पल को अविस्मरणीय करार दिया और कुक के अगले भारत दौरे पर उनके साथ बैडमिंटन खेलने का प्रस्ताव भी रखा। सिंधु ने इंस्टाग्राम पर लिखा, एप्पल क्यूपर्टिनो में मुख्य भाषण के दिन टिम कुक से मुलाकात एक अविस्मरणीय क्षण! मुझे अपने पास रखने के लिए धन्यवाद, टिम। शानदार एप्पल पार्क देखना और आपसे मिलना खुशी की बात थी! जब आप अगली बार भारत आएंगे तो मैं आपके बैडमिंटन खेलने का प्रस्ताव सहर्ष स्वीकार करूंगी।"

